
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
REGD. GOVT OF INDIA

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

राष्ट्रीय सलाहकार संपादक श्री कृष्णराज अरुण, अध्यक्ष नार्थ जोन, न्यूज पेपर एसोसिएशन आफ इंडिया NAI दिल्ली 92

दैनिक हिंदी समाचार समाज जागरण UPHIN49919

वर्ष: 1 अंक: 208 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 14 मई 2023 http://samajjagran.in पेज : 12 मूल्य 05 रुपया

# कर्नाटक में जहां से गुजरी भारत जोड़ो यात्रा,

## जानें वहां का हाल, क्या राहुल गांधी की मेहनत रंग लाई

**दैनिक समाज जागरण के आर अरुण**

नई दिल्ली. कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली जीत का बड़ा श्रेय कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो यात्रा' को दिया है. पार्टी ने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा बनाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी' के विमर्श में राहुल गांधी द्वारा निकाली गई पदयात्रा ही ह्यस्पष्ट विजेता' साबित हुई है. 'भारत जोड़ो यात्रा' कर्नाटक के जिन 20 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी थी उनमें से 15 में कांग्रेस को जीत हासिल हुई, जबकि जनता दल (सेक्युलर) को 3 और भारतीय जनता पार्टी ने 2 सीट पर जीत दर्ज की हैं. वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन 20 सीट में से कांग्रेस को सिर्फ 5 सीट पर ही जीत मिली थी.

पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं का यह भी मानना है कि इस यात्रा ने कर्नाटक में कांग्रेस के लिए 'संजीवनी' का काम किया और कार्यकताओं में नया जोश पैदा किया, जो चुनावी जीत में मददगार रही. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के संगठन के लिए संजीवनी रही. इस यात्रा से पार्टी संगठन और एकजुटता को ताकत मिली तथा कार्यकताओं में नया जोश पैदा हुआ."



### 'विचारों की लड़ाई में जीती कांग्रेस'

पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा के विमर्श ने प्रधानमंत्री मोदी से जुड़े विमर्श को पराजित कर दिया. उन्होंने कहा, ह्यह्यभारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत भारतीय राजनीति में एक विशेष विमर्श के साथ आरंभ हुई, जिसका इंतजार भारत के लोग कर रहे थे.

कर्नाटक में 'भारत जोड़ो यात्रा' करीब 22 दिनों तक रही. आपको वो दृश्य याद होगा कि पिछले साल अक्टूबर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मूसलाधार बारिश में भी राहुल गांधी का भाषण जारी रहा. मुझे लगता है कि ये दृश्य लोगों के दिमाग में मौजूद रहे." उनका कहना है कि 'भारत जोड़ो यात्राह्न का संदेश कर्नाटक समेत पूरे देश में गया.

### जहां से गुजरी यात्रा वहां मिली जीत

खेड़ा ने इस बात पर जोर दिया, "चुनाव विमर्श की लड़ाई होती है. 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनाम भारत जोड़ो यात्रा' के विमर्श में 'यात्रा' स्पष्ट विजेता है." कांग्रेस के मुताबिक, उसकी यात्रा कर्नाटक के 20 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी थी उनमें से 15 सीट कांग्रेस ने जीती है. इनमें बेल्लारी जिले की बेल्लारी एवं बेल्लारी शहर विधानसभा सीट, चामराजनगर जिले की गुंडुलपेट विधानसभा सीट, चित्रदुर्ग जिले की हिरियूर एवं मोलकालामुरू विधानसभा सीट और मांड्या जिले की मेलुकोट (सहयोगी), नागमंडगला और श्रीरंगपटना विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है.

इसके साथ ही मैसुरू जिले की नांनजनगौड़ एवं वरुणा, रायचूर जिले की रायचूर ग्रामीण विधानसभा सीट, तुमकुरू जिले की गुब्बी और सीरा विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है. कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मांड्या जिले में 'भारत जोड़ो यात्रा' का हिस्सा बनी थीं.

राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस ने पिछले साल सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली थी. यात्रा 30 सितंबर को चामराजनगर जिले से कर्नाटक में दाखिल हुई थी और यह करीब 22 दिनों तक प्रदेश में रही. करीब 4 हजार किलोमीटर की पदयात्रा का इस साल 30 जनवरी को श्रीनगर में समापन हुआ था.

# 'रिवाल्वर दादी'...दोबारा बनीं मेयर

कानपुर में निकाय चुनाव के परिणाम घोषित हो गए हैं. भाजपा ने एक बार फिर से कानपुर में मेयर सीट पर विजय पताका लहराई है. कानपुर की महापौर प्रमिला पांडे को पार्टी ने दोबारा टिकट दिया था और एक बार फिर से उन्होंने मेयर पद पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है. प्रमिला पांडे ने सपा की वंदना बाजपेयी को 1,77,846 मतों से हराया है.

कानपुर निकाय चुनाव में महापौर पद पर सपा और भाजपा के बीच जमकर टक्कर देखने को मिली, लेकिन परिणाम एकतरफा बीजेपी के पक्ष में जाता दिखा. भाजपा प्रत्याशी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए सपा को करारी हार दी है. बीजेपी की प्रमिला पांडे को 4,40,353 वोट मिले हैं. वहीं सपा की वंदना को 2,62,507 मत प्राप्त हुए हैं. कांग्रेस प्रत्याशी आशनी अवस्थी को 90,480, बसपा प्रत्याशी अर्चना निषाद को 52,143 वोट मिले हैं. बता दें कि महापौर पद पर 13 प्रत्याशियों ने ताल ठोकी थी.

### रिवाल्वर दादी के नाम से विख्यात हैं प्रमिला पांडे

कानपुर की नवनिर्वाचित मेयर प्रमिला पांडे 'रिवाल्वर दादी' के नाम से फेमस हैं. उन्हें हथियारों से प्रेम है, जिसके चलते वह महापौर बनने के पहले रिवाल्वर लगाकर चलती थीं. इस वजह से उनको रिवाल्वर दादी के नाम से जाना जाता था. साथ ही कोई उनको अम्मा तो कोई चाची कहता नजर आता है.

# उत्तराखंड मुख्य सचिव डॉ एसएस संधु ने बलियानाल में हो रहे भूस्खलन स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण के आर अरुण**

नई दिल्ली/देहरादून/नैनीतालः से ( हिमानी बोरा) मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने नैनीताल के तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान शनिवार को नैनीताल मे बलियानाला में हो रहे भूस्खलन स्थल का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान लोनिवि विभाग के चीफ इंजीनियर संजय शुक्ला ने बलियानाला ट्रीटमेंट कार्य हेतु अब तक शुरू की गई कायावाही से मुख्य सचिव को अवगत कराया।

मुख्य सचिव संधू ने आश्वस्त किया की शासन स्तर बलियानाला ट्रीटमेंट के संबंध में जो भी कार्यवाही की जानी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा उन्होंने कहा कि पूरी कोशिश रहेगी कि विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से ट्रीटमेंट कार्य शुरू किया जा सके।

### टीबी अस्पताल भी गए मुख्य सचिव

इसके उपरांत मुख्य सचिव ने भवाली रोड स्थित टीबी सैनिटोरियम अस्पताल का निरीक्षण किया।




निरीक्षण के दौरान ओटी कक्ष, स्टाफ, एव भर्ती मर-ीजों एव दवाइयों की जानकारी ली।

वहीं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ शशि बाला ने बताया की वर्तमान में 42 टीबी मरीज भर्ती हैं जिनमें से कुछ मरीज उत्तर प्रदेश से भी अपना उपचार कराने के चिकित्सालय मे भर्ती हैं।

इस अवसर पर डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल, एडीएमएम अशोक कुमार जोशी, सीएमओ डा0 भागीरथी जोशी के साथ ही सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कर्नाटक चुनाव के नतीजे पर

## बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी का बड़ा बयान

**दैनिक समाज जगरण/सुधांशु रंजन/ब्यूरो चीफ/पटना**

पटनाः बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी का बयान, कर्नाटक चुनाव को लेकर विजय चौधरी ने कहा कर्नाटक चुनाव के नतीजे जैसे आ रहे हैं उससे दो-तीन बातें बिल्कुल स्पष्ट हैं, भाजपा का जो भ्रष्ट प्रशासन कर्नाटक में चल रहा था उससे कर्नाटक के लोग तो नाराज थे ही इसके अलावा भी कर्नाटक नतीजों के कई निहर्थार्थ है, अब आने वाले समय में धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नहीं चलने वाली है। पूरे देश में देखा है कि कोई दूसरा नहीं प्रधानमंत्री खुद जिस ढंग से अपने चुनावी सभाओं में बजरंगबली के जयकारे के साथ भाषण की शुरूआत करते थे यह खास मकसद से भगवान के नाम पर वोट बटोरने की कोशिश होती थी, और लोगों ने तो उसको नकार दिया है लगता है भगवान भी या हनुमान जी भी अपने नाम का राजनीति में दुरुपयोग होते देख उन्होंने भी भाजपा को शापित कर दिया इसीलिए तो इतने खराब नतीजे आ रहे हैं। वही बागेश्वर बाबा को लेकर विजय चौधरी ने कहा कहां भगवान है और कहां शास्त्री जी , कहां



तुल्ला कर दिए। भगवान भगवान होते हैं और यह तो भगवान का नाम लेकर कुछ कहने की कोशिश करते हैं, कोई भगवान का नाम लेता है तो सभी धर्म सभी जाति के लोगों की भलाई की जो बात करेगा वही भगवान की भी इज्जत बढ़ाता है, या भगवान का सही मायने में भक्त है।

## सेबी ने जांच के लिए मांगा छह माह का समय, रउ ने कहा- इतना नहीं मिलेगा, 15 मई को अगली सुनवाई

**चीफ जस्टिस ने कहा कि जस्टिस सप्रे की कमेटी की रिपोर्ट आ गई है। हम वीकेंड के दौरान ये रिपोर्ट देंगे।**

अडानी समूह-हिंडनबर्ग रिपोर्ट विवाद में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (रएइक) ने अपनी जांच पूरी करने के लिए छह माह का अतिरिक्त समय मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से कहा- हम जांच का समय बढ़ाएंगे, लेकिन छह महीने नहीं। हम तीन महीने का वक्त देते हैं। इस अवधि में जांच पूरी करें। 15 मई को इस मामले की अगली सुनवाई होगी। बता दें कि 8 मई को जांच कमेटी ने बंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट सौंपी है। चीफ जस्टिस ने कहा कि जस्टिस सप्रे की कमेटी की रिपोर्ट आ गई है। हम वीकेंड के दौरान ये रिपोर्ट देंगे। इस प्रकरण में चार जनहित याचिकाएं दाखिल की गई थीं।

# ऑन ड्यूटी डॉक्टर की मौत से उबाल, कैंडल मार्च निकालकर एम्स के डॉक्टरों ने की ये मांग

**दैनिक समाज जागरण के आर अरुण**

नई दिल्ली. केरल में इंटर्नशिप के दौरान ड्यूटी कर रहे डॉक्टर की मौत से देशभर में उबाल आ गया है. ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज दिल्ली के डॉक्टरों ने भी इस घटना पर रोष जताते हुए कैंडल मार्च निकाला है. साथ ही देशभर में हो रही इन घटनाओं के बाद डॉक्टरों की सुरक्षा पर कानून बनाने की मांग की है.

केरल में हाउस सर्जन डॉ. वंदना दास को गुरुवार को पुलिस कस्टडी में आए अपराधियों ने मार दिया था. डॉ. वंदना इंटर्नशिप के दौरान जब ड्यूटी पर थीं तो वहां पुलिस के साथ आए कुछ अपराधियों ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया. जिसके विरोध में एम्स में कैंडल मार्च निकाला गया साथ ही मृत डॉक्टर को श्रद्धांजलि दी गई. इस दौरान रेजिडेंट डॉक्टर्स



एसोसिएशन की मांग पर सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को अमल में लाने की मांग की गई. इस दौरान रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार ने कहा कि देश भर मे आय दिन सुनने मे आते रहते हैं कि अस्पताल मे डॉक्टर या मे-डिकल स्टॉफ के साथ मारपीट या जानलेवा हमला हुए हैं. कुछ दिनों तक ऐसी घटनाओं के बाद विरोध प्रदर्शन होते हैं और फिर मामला शांत हो जाता है. डॉक्टरों की बहुत दिनों से मांग होती रही है कि सरकार सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लाये ताकि डॉक्टरों पर हमला बन्द हो और डॉक्टर सुरक्षित होकर सेवा करें.

डॉ विनय ने आगे कहा कि देश भर कर के सभी आरडीए से अपील की कि सभी मिलकर इस मांग को सरकार से मनवाने के लिए आगे आएं. एम्स RDA इसका पहल करेगा. साथ हीं एम्स RDA ने केरल सरकार से भी मांग कि कि सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाये उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दे

# दिल्ली में विनय चंचल को मिलेगा समाज रत्न सम्मान

## *न्यू महाराष्ट्र सदन में होगा समारोह का आयोजन ।*

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी आन सोन रोहतास,**

नौकरी जीवन में रहकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले डेहरी शहर के नील कोठी निवासी सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता विनय चंचल को दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन में 14 मई को समाज रत्न से सम्मानित किया जाएगा! इसकी जानकारी मिलते ही राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों ने बिना चंचल को बधाई दी है! सेवानिवृत्त विनय चंचल नौकरी में आने के पूर्व प्रमुख छात्र संगठन में राजनीति करते रहे! नौकरी में रहते हुए कई सामाजिक संगठनों से जुड़ कर सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते रहें! राज्य व राष्ट्रीय स्तर के विचार गोष्ठी में भी बतौर अतिथि उन्हें बुलाया जाता रहा है! कुछ माह पूर्व सेवानिवृत्त के बाद



राजनीतिक गलियारों में उनके किसी दल से जुड़ने के कयास भी लगाए जाते रहे! किंतु वह वर्तमान में सामाजिक संगठन से जुड़ कर गोष्टी, सेमिनार समेत अन्य आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे! खेल के क्षेत्र में भी उनका लगाओ ऐसा था कि डेहरी में आयोजित होने वाले खेल महोत्सव में उनकी भागीदारी प्रमुख रूप से रहती थी! वर्तमान में वह डेहरी फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष भी हैं! इसके अलावा राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय महासचिव, बिहार प्रदेश अति पिछड़ा वर्ग संघ के महासचिव तथा बिहार अभियंत्रण सेवा संघ के पूर्व जनरल सचिव हैं! राष्ट्रीय स्तर की संस्था चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 14 मई को दिल्ली में होने वाले समाज रत्न सम्मान के लिए विनय चंचल को आमंत्रण आया है! चार कदम संस्थान के अध्यक्ष जय किशन ठाकुर ने दूरभाष पर बताया कि सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, उत्तर प्रदेश के एमएलसी रामचंद्र प्रधान लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघु ठाकुर, चंद्रपाल सिंह पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट कुलदीप सैन जैसी कई हस्तियां शामिल होंगे । विनय चंचल को बधाई देने वालों में सांसद महाबली सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, मुख्य पार्षद शशि कुमारी, गुड्डू चंद्रवंशी, पार्षद अवधेश ठ-ाकुर, ब्रह्मेश्वर नाथ उर्फ काली बाब समेत अन्य शामिल है।

# भाजपा को भारी जनाधार; CM योगी बोले– 'ट्रिपल इंजन की सरकार' बनाने के लिए लोगों को बधाई

**भाजपा ने प्रदेश में सभी 17 मेयर पदों पर जीत हासिल की है। निकाय चुनाव के अन्य पदों पर भी भाजपा का भारी जनाधार मिला है।**

भाजपा ने उत्तर प्रदेश में सभी 17 शहरी स्थानीय निकायों में जीत हासिल की है। इसके साथ ही निकाय चुनाव के अन्य पदों पर भी भाजपा का भारी जनाधार मिला है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी पिछली बार की तुलना में दोगुने से ज्यादा सीटें जीतीं। 2017 में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने केवल 60 सीटों पर जीत हासिल की थी।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे सीएम योगी

निकाय चुनाव में मतगणना के रुझानों ने भाजपा को क्लीन स्वीप करने के लिए मजबूती के साथ खड़ा कर दिया, वैसे ही लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए सीएम योगी पहुंच गए। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि इस साल, हमने 2017 के शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में मिली सीटों से कहीं ज्यादा सीटों पर जीत हासिल कर ली है।

### स्वार-छानबे विधानसभा उपचुनाव में जीत पर खुश

सीएम योगी ने कहा कि हमारे सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) ने भी समाजवादी पार्टी के निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को हराकर स्वार और छानबे (विधानसभा) उपचुनाव जीते हैं। मैं मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हम पर भरोसा जताया और हमें शहरी स्थानीय में उनकी सेवा करने का मौका दिया। मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सरकार उनके कल्याण, सुरक्षा और प्रगति के लिए काम करती रहेगी।

### सीएम ने ट्वीट में जनता को दी बधाई

इसके अलावा सीएम योगी ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर @इखढ4वढ के सभी समर्पित व मेहनती कार्यकताओं और सुशासन से प्यार करने वाले उत्तर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई!

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 11हजार 215 मामले का निस्तारण ।14 करोड़ 74 लाख 20 हजार 848 रुपए का मामला सेटल

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड)13 मई 2023:- पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में खबर लिखे जाने तक 11हजार 216 मामले का निपटारा किया गया था। वहीं 14 करोड़ 74लाख 20 हजार 848 रुपये का मामला खबर लिखे जाने तक सेटल किया जा चुका था। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 13 पीठो का का गठन किया गया था ।प्रि लिटिगेशन के 9हजार 7सौ 65 मामले का निस्तारण किया गया था ।वही कोर्ट में लंबित एक हजार 4सौ 50 मामले का निस्तारण किया गया । समाचार लिखे जाने तक लोक अदालत की कार्यवाही चल रहा




था। वही कई लाभुकों के बीच दो करोड़ से अधिक की राशि का डमी चेक पी डी जे प्रदीप कुमार चौबे ने प्रदान किया।

## **"आखिर माँ है वो"**

बचपन का सफर था,
खुशियाँ चारो ओर थी,

किसी ने कहा"तुमहारे घर लक्ष्मी आयी है"
थोड़ी खुशी
थोड़ी मुस्कुराहट के साथ
परिवार की उम्मीद कुछ और थी,

वक़्त गुजरा,,,
लक्ष्मी परिवार की लाडली बन गयी,
तितली के भाँति, उड़ती आजादी उसकी,,,
रंग बिरंगी दुनियां को वो पहचानने निकली,,,

देखा कुछ तितलियों को उड़ते उसने,
आसमान तक जाकर गुम हो जाती,
फिर आती वापस और फूलों पर बैठ जाती,,,
बच्चे उसके पीछे भागते,,,
पर वो बेखौफ उड़ती जाती....

पता ही नहीं चलता,,,,उसको
कब वो समाज की शीशी,,,में कैद हो गयी...
दुनियां उसकी मानो,,,वहीं सिमट गई,...

अब वो दूसरी तितली को उड़ता देखती है,,,
जहाँ वो है खुद,,,
वो उनकी मंजिल समझती है...

समय गुजरता,,,,
फिर वो एक तितली को जन्म देती है,,,
न हो उसके जैसा,
उसका जीवन...

वो अपने पंख तोड़
अपने ही नए रूप को...
हौसले की उड़ान देती है...

वो उड़ती, वो गिरती
वो लड़खड़ाती, वो संभलती भी,,,
पर वो कहाँ रुकती है,,,
आखिर "माँ" है वो,,,,
अपने लिए कहाँ जीती है,,,



अंशिता कौशल

## संजीव-नी।

कितना अजनबी,पराया सा दिखता है वो।

कितना अजनबी,पराया सा दिखता है वो।
अपनी सांसों में छुपा रखता है वो।

रोजाना रूबरू हो न नहो फिर भी।
जेहन में बसा रखता है वो।

कितनी मासूम है माशूका शायद ।
जाते वक़्त वजूद छोड़ अपना जाता है वो।।

बेरुखी का आलम तो देखिए साहेब।
ख्यालों से अपने भिगा जाता है वो।।

इश्क तो रूहानी रिश्ता है जनाब ।
झुकता मैं हूं,सजदे करा जाता है वो।।

महकती रहे महकती सांसों की डोर,
धमनियों में लहू सा बहता रहता है वो।।

उसकी नेकी का सिला देखिये संजीव।
मुझ फकीर से याराना रखता है वो।।

**संजीव ठाकुर रायपुर**

## बैठकी

# "क्या बंद हुए दक्षिण के द्वार!!"

**दैनिक समाज जगरण**

ए सरजी, कल के दिन त, भाजपा खातिर बड़ा खराब रहल! भाजपा वाले उम्मीद लगवले रहले कि कर्नाटक में जीत के संगें भाजपा खातिर "दक्षिण के दुआर खुल जाई"! बाकि कांग्रेस 224 में 136 सीट जीत के, खेलिये बिगाड़ दिहलस!--- मुखियाजी बैठते हीं मुद्दा उठा दिये!

जी मुखियाजी,कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस को 136 भाजपा को 65 जेडीएस को 19 और अन्य को 4 सीटें प्राप्त हुई हैं!इस तरह कांग्रेस ने भाजपा की कमियों का भरपूर फायदा उठाया है!-- मास्टर साहब बोल पड़े!

कमी! कर्नाटक भाजपा सरकार में का कमी रहल हा!!-- मुखियाजी पुछ बैठे!

तभी डा. पिंटू बोल पड़े--" भाजपा के हार का सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार रहा! कांग्रेस ने शुरू से हीं, भाजपा सरकार में "40 प्रतिशत कमीशन" का मुद्दा बनाया था जो प्रभावी होना हीं था और हुआ भी! देखे नहीं, करप्शन के चलते मंत्री एस ईश्वरप्पा को मंत्री पद छोड़ना पड़ा था वहीं बीजेपी विधायक जेल गये! यहाँ तक की स्टेट कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन ने कमीशनखोरी को लेकर प्रधानमंत्री तक शिकायत की थी!"

इसबीच बेटी चाय का ट्रे टेबल पर रख गई और हम सभी एक एक कफ उठा कर पुनः बहस में आगे बढ़े...

डा. साहब, राज्य भाजपा आंतरिक कलह से भी जूझ रही थी! दिग्गज नेताओं का टिकट काटना भी भाजपा को भारी पड़ा! 15 से अधिक सीटों पर बागी नेताओं ने चुनाव लड़ कर काफी नुकसान पहुंचाया! इसके अलावा कई और भी कारण रहे जैसे- उत्तर और दक्षिण के वर्चस्व का मुद्दा, सबसे बड़ी बात तो ये रही कि भाजपा के सबसे बड़े और लोकप्रिय नेता, येदियुरप्पा हैं लेकिन सामने सीएम बोम्मई का चेहरा रखा गया जो प्रभावी सिद्ध नहीं हुआ!--उमाकाका ने सही कहा!

काकाजी, आरक्षण का मुद्दा भी कम प्रभावी नहीं रहा! भाजपा ने मुस्लिम आरक्षण को समाप्त करके लिंगायत समुदाय और वोक्कालिंगा में बांटकर फायदा उठाना चाहती थी लेकिन कांग्रेस ने आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत से 75 प्रतिशत करने का एलान कर दिया जिससे लिंगायत, ओबीसी, दलित के साथ साथ




मुस्लिम वोटरों ने कांग्रेस का साथ दिया!--पारस नेता ने अपनी कही!

इसमें तो दो मत नहीं कि भाजपा सियासी समीकरण साधने में नाकाम रही! मल्लिकार्जुन खड़गे दलित वर्ग से हैं अतः दलित प्रभावित हुए! कांग्रेस बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करके मुस्लिमों को तो साध हीं ली, दलित, ओबीसी को अपने साथ मजबुती से जोड़े रखी! इतना हीं नहीं येदियुरप्पा को पीछे रखने की भाजपा की नीति के चलते लिंगायत समुदाय में भी सेंध लगाने में कांग्रेस सफल रही!-- सुरेंद्र भाई भी विचार रखे!

ए सुरेंद्र भाई, भाजपा ने सबसे बड़ी हलचल तो,बजरंगबली वाला उठा कर किया था! लेकिन ये ध्रुवीकरण का दाव भी फेल हो गया! जबकि ध्रुवीकरण का दाव एक साल पहले से हीं हिजाब, हलाला और अजान को लेकर आरम्भ कर दिया था लेकिन सभी फेल हो गया!-- कुंवरजी हाथ चमकाये!

ए भाई, अब त कांग्रेस टीपू सुल्तान के जयंती मनवाई, पीएफआई प नरम रही, स्कूल कॉलेज में हिजाब के छूट रही, मिंयन के आरक्षण दी, आ बजरंग दल प बैंड लगाई नु!!-- मुखियाजी चिंतित लगे!

मुखियाजी, अब तो आगे आगे देखिये, होता है क्या!! कांग्रेस ने बजरंग दल पर प्रतिबंध की घोषणा करके मुस्लिम वोटरों को जेडीएस से तो छीन हीं लिया! लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि डबल इंजन की सरकार तभी कामयाब होगी जब राज्य सरकार भी इमानदारी से जनता की हित के कार्य के लिए समर्पित रहेगी और उसपर जनता का विश्वास हो! सिर्फ मोदी और योगी के नाम पर सत्ता में बने रहने का ख्वाब अब नहीं चलने वाला! एक इंजन ठीक हो और दुसरा धुंवा फेंकता रहे तो क्या मतलब रह जाता है!-- मैं भी बहस में भाग लिया!

ठीक कह रहे हैं सरजी, उधर यूपी का निकाय चुनाव का नतीजा साबित करता है कि राज्य नेतृत्व का प्रभावी होना अति महत्वपूर्ण होता है! योगीजी के कुशल नेतृत्व का हीं परिणाम है कि यूपी निकाय चुनाव में भाजपा ने चुनाव का नया रेकार्ड बना दिया! 17 के 17 मेयर का पद, भाजपा ने अपने नाम कर लिया है! जबकि नगरपालिका अध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी अपना वर्चस्व साबित कर दिया है!--मास्टर साहब एक बारगी बोल गये!

ए सरजी, कर्नाटक चुनाव परिणाम के प्रभाव 2024 के आम चुनाव प त पड़बे नु करी!!--मुखियाजी सोंच कर!

मुखियाजी, स्थानीय नेतृत्व की कमजोरी




भाजपा के लिए चिंता का सबब साबित हो गई है! जिसे मोदी फैक्टर भी कांउटर नहीं कर पाया! साल के अंत में चार



राज्यों में होने वाले चुनाव के लिए बीजेपी की चुनौतियां बढ़ गई हैं!अब तक मुद्दे भाजपा सेट करती थी और विपक्षी उसमें उलझ जाते थे लेकिन कर्नाटक में उलटा हुआ है!
जहाँ तक 2024 का सवाल है! कर्नाटक हार के बाद बीजेपी के खिलाफ विपक्षी एकता की मुहिम मजबूत होगी! अगर यहाँ कांग्रेस हार जाती तो विपक्षी एकता के लिये झटका साबित होता लेकिन अब सभी विरोधी दलों को एक मंच पर लाने की मुहिम और जोर पकड़ेगी! साथ हीं कांग्रेस इस मुहिम में अपनी अग्रणी भूमिका की दावेदारी भी प्रस्तुत करना चाहेगी! हां भाजपा को राज्य स्तर पर स्थिति को सुदृढ़ करने पर ध्यान देना होगा!--मैं चुप हुआ!

सरजी, मोदीजी के चलते भाजपा को 65 सीट आ भी गया नहीं तो सुपड़ा हीं साफ हो जाता! अच्छा,बहुत देर हुई, अब चला जाय!-- कहकर सुरेंद्र भाई चठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी....!!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# पाकिस्तान में तबाही और मार्शल ला लगने के संभावित आसार

**दैनिक समाज जगरण**

पाकिस्तान नागरिक विद्रोह की आग में जल रहा है' यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि पाकिस्तान में सेना और आम नागरिक आमने-सामने हैं. इमरान खान को कई केसों में जेल भेज कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर छोड़ना पड़ा, पर इमरान पूरी तरह से अभी छूटे नहीं है' इमरान की गिरफ्तारी में उनके समर्थकों ने सड़क पर आकर जो तोड़फोड़ और सरकारी संपत्ति का नुकसान किया है उस घटना ने पाकिस्तान को 20 साल पीछे धकेल दिया है' शहवाज शरीफ की सरकार बुरी तरह से घबराई हुई है और वहां के सेना के जनरल मुनीर मार्शल लॉ लगाने की तैयारी में है' यह उल्लेखनीय है कि सेना के 6, 7 कमांडर इमरान खान के खुले समर्थक हैं इस स्थिति में मार्शल ला लगना भी संभावित नहीं दिखाई दे रहा है'
पाकिस्तान पहले से ही परेशान, कर्ज में डूबा हुआ और महंगाई, बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त रहा है' शहबाज शरीफ सरकार के पास शासन चलाने के लिए पर्याप्त धनराशि भी नहीं है' शरीफ के पास सरकार चलाने का पर्याप्त अनुभव भी नहीं है' 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद पाकिस्तान सरकार में 18 प्रधानमंत्रियों में से एक प्रधानमंत्री भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है।करेला ऊपर से नीम चढ़ा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना और शाहबाज शरीफ सरकार की नाक में दम कर रखा है। रावलपिंडी में इमरान खान पर गोली दागने से क्रोधित समर्थकों ने कई जगह सेना पर आक्रमण कर मेजर जनरल, गृहमंत्री राणा और प्रधानमंत्री के निवास को घेरकर तोड़फोड़ की है। इमरान खान के समर्थक अब रावलपिंडी से इस्लामाबाद तक लोंग मार्च करेंगे और सेना तथा सरकार का खुलकर विरोध करने वाले हैं। 1947 से स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ जब सेना के विरुद्ध पाकिस्तानी आवाम खुलकर विद्रोह करने पर आमादा है। ऐसा लगता है कि वहां सरकार तथा सेना के विरुद्ध आम नागरिकों का विद्रोह हो जाएगा। पहली बार सेना के जनरल मुनीर की की सेना आवाम से डरी दिखाई दे रही है, पाकिस्तान विद्रोह की ज्वालामुखी कर बैठा है कभी भी विस्फोटक स्थिति बन सकती है।
यह तथ्य सार्वजनिक है कि पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शागिर्द देश है। अमेरिका ने इसी के फल स्वरुप पाकिस्तान को सबसे संदिग्ध एवं खतरनाक आतंकवादी देश घोषित कर दिया है। इस बात से तिलमिलाकर शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं वहां वह आपसी संबंधों को फिर से सुधारने तथा देश चलाने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने जाएंगे। पाकिस्तान की हालत बहुत ज्यादा खराब एवं पतली है। पाकिस्तान में रोजमर्रा के खर्चे के लिए पैसे नहीं है और उस पर इमरान खान लगातार सड़कों पर मार्च कर रहे हैं । उन्होंने रावलपिंडी से लेकर इस्लामाबाद तक आंदोलन कर दिया है। चीन ने पाकिस्तान को पूरी तरह से आर्थिक रूप से गुलाम बनाकर अपना शिकंजा कस लिया है। पाकिस्तान की सरकार चीन के रहमों करम पर पूरी तरह से पलती आ रही है। चीन पाकिस्तान को अरबों डॉलर का कर्जा देकर उसे अपने गुलाम की तरह बना कर रख दिया है। पाकिस्तान की हुकूमत भले ही चाइना की जी हुजूरी करती आ रही है और उसके हां में हां मिलाती हो पर पाकिस्तानी जनता को न तो चीनी भक्ति पसंद है, ना चीन की कोई उपभोक्ता वस्तु ही पसंद है। पाकिस्तान की आवाम देश में चीन की मौजूदगी और उसकी कई परियोजनाओं से बेहद परेशान होकर आंदोलन के जरिए सड़क पर आ गई है।इसका जमकर विरोध किया जा रहा है। चीन द्वारा संचालित बेल्ट एंड रोड परियोजना पाकिस्तान की आवाम को फूटी आंख नहीं भा रही है। हाल ही में चीन ने पाकिस्तान के महत्वपूर्ण इलाके ग्वादर में एक परियोजना चला कर वहां जगह जगह पर चेकिंग चौकियां स्थापित कर दी है, जिससे पाकिस्तान की जनता को अनावश्यक चेकिंग की परेशानी को झेलना पड़ रहा है। पाकिस्तान में ग्वादर के इलाके में जहां पर चौकियां स्थापित की गई हैं पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी किल्लत हो गई और अवैध मछली पकड़ने से आजीविका पर खतरा आ गया है, जिस कारण आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है, इसके विरोध में पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के तटीय शहर ग्वादर में कोर्ट रोड के हवाई चौक पर कुछ राजनीतिक दलों, नागरिक अधिकार कार्यकताओं, मछुआरों और संबंधित नागरिक कार्यकताओं द्वारा विगत 1 सप्ताह से विरोध प्रदर्शन जारी कर दिया गया है। पाकिस्तानी अखबार जंग के अनुसार प्रदर्शन अनावश्यक सुरक्षा चौकियों को हटाने, पीने के पानी और बिजली की उपलब्धता बढ़ाने मकरान तट पर मछली पकड़ने वाली नौकाओं को हटाने और पञ्जगुर से ग्वादर तक ईरान के साथ सीमा को फिर से खोलने की मांग कर रहे हैं। एक समाचार के अनुसार अधिकार रैली के प्रमुख मौलाना हिदायतउर रहमान ने बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि यहां के निवासियों के लिए यह अपमानजनक है कि चौकियों पर उन्हें जगह-जगह रोका जाए और उनके पते, ठिकानों के बारे में सख्ती से पूछताछ की जाए,यह चीनी हरकत किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आंदोलन को अनवरत जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है वह इसमें टालमटोल कर रही है ऐसी चीजें ना काबिले बर्दाश्त है जिसे किसी भी हद तक सहन नहीं किया जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने ग्वादर के लोगों की बुनियादी समस्याओं का हल नहीं निकलने के कारण सरकार की किरकिरी हो रही है। मूलतः चीन की बलूचिस्तान में उपस्थिति पाकिस्तान के आवाम की बड़ी बेइज्जती ही मानी जा रही है। वह किसी भी स्थिति में इस चीनी नियंत्रण को बर्दाश्त करने की मंशा नहीं रखते हैं। गौरतलब है कि चीन की कई परियोजनाएं पाकिस्तान में वहां की जनता के विरोध के बावजूद चल रही है । बलूचिस्तान के कई क्षेत्रों में पाकिस्तान की जनता और इमरान सरकार के नुमाइंदों के बीच खुलकर विरोधाभास दिखाई देने लगा है। पाकिस्तान सरकार के हाथ चीन के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से हाथ बंधे हुए हैं चीन का पाकिस्तान पर इतना ज्यादा कर्जा है कि पाकिस्तान एक तरह से चीन का आर्थिक गुलाम हो चुका है और वह कहीं से भी चीन का विरोध करने की स्थिति में नहीं है ऐसे में आम जनता शरीफ सरकार को बर्खास्त करने के लिए सड़क में उतरने की योजना बना रही है। यह तो विदित है पाकिस्तान मैं शरीफ सरकार के खिलाफ वहां का पूरा मीडिया विपक्षी दल एकजुट होकर शरीफ सरकार को अपदस्थ कर चुनाव कराने या नए प्रधानमंत्री की तलाश कर रहा है,यह पूरी संभावना बन रही है कि आने वाले समय में सरकार को अपदस्थ कर चुनाव की घोषणा की जाएगी। कुल मिलाकर सरकार के खिलाफ आवाम, मीडिया, विपक्षी दलों की विरोधी कार्वाइयों के चलते पाकिस्तान की स्थिति बहुत ज्यादा नाजुक एवं खराब है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गया है, केवल चीन ही उसके साथ है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तानी सरकार का चलना नामुमकिन दिखाई दे रहा है।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार , चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# मातृ दिवस

मातृ दिवस प्रत्येक वर्ष मई माह के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। माँ को खुशियाँ और सम्मान देने के लिए पूरी ज़िंदगी भी कम होती है। फिर भी विश्व में माँ के सम्मान में मातृ दिवस मनाया जाता है। मातृ दिवस विश्व के अलग-अलग भागों में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है, परन्तु मई माह के दूसरे रविवार को सर्वाधिक महत्त्व दिया जाता है। हालांकि भारत के कुछ भागों में इसे 19 अगस्त को भी मनाया जाता है, परन्तु अधिक महत्ता अमरीकी आधार पर मनाए जाने वाले मातृ दिवस की है, अमेरिका में यह दिन इतना महत्त्वपूर्ण है कि यह एकदम से उत्सव की तरह मनाया जाता है।

**इतिहास**

मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में बसंत ऋतु के आगमन पर रिहा परमेश्वर की माँ को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैण्ड का ईसाई समुदाय ईशु की माँ मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए यह त्योहार मनाने लगा। 'मदर्स डे' मनाने का मूल कारण समस्त माओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है। इस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने 8 मई, 1914 को लिया। 8 मई, 1914 में अन्ना की कठिन मेहनत के बाद तत्कालीन अमरीकी राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और माँ के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तीकरण होना चाहिए, जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तब से हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है।

**मातृ दिवस पर माँ बच्चा**

मदर्स डे की शुरूआत अमेरिका से हुई। वहाँ एक कवयित्री और लेखिका जूलिया वार्ड होव ने 1870 में 10 मई को माँ के नाम समर्पित करते हुए कई रचनाएँ लिखीं। वे मानती थीं कि महिलाओं की सामाजिक ज़िम्मेदारी व्यापक होनी चाहिए। अमेरिका में मातृ दिवस (मदर्स डे) पर राष्ट्रीय अवकाश होता है। अलग-अलग देशों में मदर्स डे अलग अलग तारीख पर मनाया जाता है। भारत में भी मदर्स डे का महत्व बढ़ रहा है।

**माँ से जुड़ी कुछ बातें**

जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था मेरे जीवन का जब मैं रो रहा था और मेरी मॉ के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी। ये शब्द हैं प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के। एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं।
किसी औलाद के लिए 'माँ' शब्द का मतलब सिर्फ पुकारने या फिर संबोधित करने से ही नहीं होता बल्कि उसके लिए माँ शब्द में ही सारी दुनिया बसती है, दूसरी ओर संतान की ख़ुशी और उसका सुख ही माँ के लिए उसका संसार होता है। क्या कभी आपने सोचा है कि ठोकर लगने पर या मुसीबत की घड़ी में माँ ही क्यों याद आती है क्योंकि वो माँ ही होती है जो हमें तब से जानती है जब हम अजन्में होते हैं। बचपन में हमारा रातों का जागना.. जिस वजह से कई रातों तक माँ सो भी नहीं पाती थी। जितना माँ ने हमारे लिए किया है उतना कोई दूसरा कर ही नहीं सकता। जाहिर है माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक दिन नहीं बल्कि एक सदी भी कम है।
अर्थात : पृथ्वी पर जितने भी पुत्रों की माँ हैं, वह अत्यंत सरल रूप में हैं। कहने का मतलब कि माँ एकदम से सहज रूप में होती हैं। वे अपने पुत्रों पर शीघ्रता से प्रसन्न हो जाती हैं। वह अपनी समस्त खुशियां पुत्रों के लिए त्याग देती हैं, क्योंकि पुत्र कुपुत्र हो सकता है, लेकिन माता कुमाता नहीं हो सकती।

**...बेटा! कहीं चोट तो नहीं लगी**

देश के सुदूर पश्चिम में स्थित अबुर्दांचल की एक जीवंत संस्कृति है, जहां विपुल मात्रा में कथा, बोध कथाएं, कहानियां, गीत, संगीत लोक में प्रचलित है। माँ की ममता पर यहां लोक में एक कहानी प्रचलित है, जो अविरल प्रस्तुत किया जाता रहा है। कहते हैं एक बार एक युवक को एक लड़की पर दिल आ गया। प्रेम में वह ऐसा खोया कि वह सबकुछ भुला बैठा। लड़के के शादी का प्रस्ताव रखने पर लड़की ने जवाब दिया कि वह उससे विवाह करने को तैयार तो है, लेकिन वह अपनी सास के रूप में किसी को देखना नहीं चाहती। अतः वह अपनी माँ का कत्ल कर उसका कलेजा निकाल लाए, तो वह उससे शादी करेगी।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# औद्योगिक विकास में सिडकुल आवंटन बेरोज गारी मुक्ति में आदर्श औद्योगिक नीति कायम हो- बृजवासी

**दैनिक समाज जागरण**
**राज्यों के प्रभारी संपादक**
**कृष्णराज अरुण**

नई दिल्ली/ देहरादून, भीमताल/ क्षेत्र के चर्चित समाजसेवी पुरन ब्रजवासी ने सांसद विधायक मुख्यमंत्री सहित संभागीय आयुक्त से मांग दोहराई है कि सरकार की बंद पड़ी संस्थाएं सिडकुल की वापसी को महत्व दे जिससे भीमताल औद्योगिक घाटी में स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास के मार्ग परस्त हो सकें।

विल्म्बता मुक्त प्रयास से रोजगार के द्वार खुलेंगे

भीमताल क्षेत्र के समाजसेवी पूरन ब्रजवासी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के समय भीमताल विधानसभा व उसके आसपास के क्षेत्रों के पलायन को रोकने एवं लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के द्वारा भीमताल औद्योगिक घाटी सिडकुल की नींव रखी गयी थी जोकि 80-90 के दशक में यहां पर औद्योगिक संस्थान माननीय विकास पुरुष स्व. नारायण दत्त तिवारी द्वारा बसाये गये थे। भीमताल, ओखलकाण्डा, रामगढ, धारी आदि आस-पास दर्जनों क्षेत्रों के 'पलायन को रोकने के लिए' और स्थानीय लोगों को घर समीप ही रोजगार देने के लिए इस सिडकुल का निर्माण किया गया था, जिसके चलते भीमताल औद्योगिक घाटी में धीरे-धीरे चहल-पहल बढ़ने लगी और साथ ही एक से एक नामी-जानी कंपनिया भीमताल सिडकुल में स्थापित हुई जिससे कई हजारों परिवारों के लिए रोजगार के द्वार खुले '

ब्रजवासी ने कहा कि धीरे-धीरे सन 2000 तक एक के बाद एक कंपनिया अपना प्रॉफिट कमाकर बंद होती गई और यहां से फायदा समाप्त होता देख जाती रही।

उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सिडकुल वीरान घाटी में तब्दील हो गया अब हाल ये है कि सिडकुल की कई एकड़ भूमि घनी झाड़ियों से पूरी तरह ढक चुकी है, इन पूर्व की मानी जानी कंपनीयों की बिल्डिंग आज खण्डर बन चुकी है ड्रसे में जिस उदेश्य से भारत सरकार ने भीमताल सिडकुल का चयन किया उसका फल यहां के लोगों को नहीं मिल सका । बीते 20 सालों में भीमताल विधानसभा व उसके आस-पास के क्षेत्रों के युवाओं को भीमताल सिडकुल छोड़कर अन्य राज्यों में व तराई के सिडकुल में रोजगार के लिए धक्के खाने पर मजबूर होना पड़ा, ड्रसा नहीं है कि भीमताल सिडकुल खुलवाने के लिए लोगों ने कोशिश नहीं की "उत्तराखंड राज्य निर्माण होने




के उपरांत" भीमताल विधानसभा के न जाने कितने जन-प्रतिनिधियों, समाज सेवीयों व बेरोजगार युवाओं ने कितनी बार सरकार से माँग की लेकिन 'सरकार किसी की भी रही हो' अब तक भीमताल सिडकुल को अनदेखा ही किया गया।

बृजवासी ने कहा कि ला परवाह निति के चलते विकास की मुख्य धारा से युवा दूर हैं। आज तक सरकार जिस पलायन को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी बाते करती है, यहाँ अरबों रुपये के निवेश से स्थापित भीमताल औद्योगिक घाटी इसके लिए कुछ हद तक कारगर साबित हो सकता है। मजबूत विकल्प निवेश के साथ संस्थाएं सरकार से ताल मेल करें तो कई मार्ग निकलेंगे वैसे भी स्वस्थ सोच के साथ लीडर जनप्रतिनिधि और सरकार अच्छी पहल से उद्योगपतियों से यहाँ निवेश करायें तो औद्योगिक घाटी में सिडकुल विभाग 'कुशल व अर्ध्दकुशल' दोनों के लिए रोजगार के द्वार खोले जाने से चमत्कार होगा। यह कार्य गुलजारीलाल नन्दा फाउंडेशन भी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न नंदा जी स्मृति में आदर्श औद्योगिक नीति निर्माण तहत करवा सकता है।

बृजवासी ने बताया कि आज कई स्थानीय डिग्री धारी युवा अपना खुद का रोजगार खोलने के लिए भीमताल सिडकुल घाटी में प्लाटों की माँग कर रहे हैं ताकि खुद व स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ सके । उनके लिए शासन-प्रशासन को शीघ्र जमीन देनी चाहिए ताकि फिर से भीमताल औद्योगिक घाटी के अच्छे दिन आ सके और भीमताल के आस-पास के कई हजारों परिवारों को अपने ही घर समीप रोजगार मिल सके गा यही आत्मनिर्भता का सूर्य बन सकेगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भीमताल सिडकुल में औद्योगिक इकाइयों को खुलवाने के लिए कई बार शासन-प्रशासन और केंद्र के कई मुख्य प्रतिनिधियों से माँग कर चुके हैं लेकिन इस ओर अब तक विशेष रुचि नहीं ली गई है।

जनसेवी बृजवासी ने बताया कि एक बार केंद्र से मांग करने में 6 प्लाटों का पूर्व जिला जिलाधिकारी श्री बंसल द्वारा निरस्तीकरण कर सिडकुल द्वारा पुनः आवंटन कराए गए थे, लेकिन अब शासन-प्रशासन को पुनः सुध लेनी चाहिए ताकि स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिल सके और उन्हें यहाँ से पलायन बाहर न करना पड़े।

# हिमाचल सीएम सुक्खू ने कर्नाटक विजय पर शीर्ष नेतत्व को दी बधाई

**देनिक समाज जागरण**
**सीपी एच एडिटर**
**के आर अरुण**

चंडीगढ़/शिमला। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी।

श्री सुक्खू ने कहा कि कर्नाटक में पूर्व की भाजपा सरकार ने जनता की अपेक्षाओं के मुताबिक कार्य नहीं किया है। इसलिए जनता ने भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया है और कांग्रेस पार्टी पर भरोसा जताया है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा। जनता ने कांग्रेस पर भरोसा कर पूर्ण बहुमत से पार्टी को सत्ता में लाया है। जिसके लिए कर्नाटक कांग्रेस और पार्टी हाईकमान बधाई के पात्र हैं।

वहीं मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने भी कर्नाटक में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने पर कर्नाटक की जनता का आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस हाईकमान को जीत के लिए बधाई दी। नरेश चोहान ने कहा कि भाजपा राज में कर्नाटक में भ्रष्टाचार बढ़ा और विकास ठप पड़ा था। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी कर्नाटक से आते हैं।




उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश से कांग्रेस की जीत की शरूआत के बाद अब देशभर में कांग्रेस पार्टी चुनाव जीत रही है। यह परिणाम आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे और कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

# चोरों ने पहले घर में बैठकर पी शराब, फिर लाखों की चोरी को दिया अंजाम

**देनिक समाज जागरण**
**सीपी एच एडिटर**
**के आर अरुण**

करनाल के सेक्टर-13 में चोरों ने एक मकान में लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. चोरों ने नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया है. जानकारी के मुताबिक चोरों ने पहले घर में बैठकर इत्मीनान से शराब पी और उसके बाद घर के सारे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया. पीड़ित परिवार के मुताबिक चोरों ने तकरीबन 60 से 70 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है.

दरअसल इस घटना को उस वक़्त अंजाम दिया गया जब घर में कोई नहीं था. घर के सभी सदस्य रिश्तेदारी में किसी की शोक सभा में गए हुए थे. इसी दौरान सुबह के करीब तीन बजे के आसपास चोरों ने उनके घर में लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया. इतना ही नहीं घंटा के बाद पुलिस के हाथ कोई सुराग न लगे इस कारण वो घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए. घर के सदस्य जब घर लौटे तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था, ताले टूटे पड़े थे और घर में रखी लाखों की नकदी सोने चांदी और डायमंड के गहने गायब थे. यहां तक कि चोरों ने ब्रांडेड कपड़ों और मंदिर में रखा सामान पर भी हाथ साफ कर दिया.

**सीसीटीवी का डीवीआर बॉक्स भी ले गए चोर**

घर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे. मुमकिन है कि पूरी घटना इन कैमरों में रिकॉर्ड हुई हो, लेकिन चोर चोरी करने के बाद अपने साथ सीसीटीवी का डीवीआर बॉक्स भी ले गए. परिजनों का आरोप है की करनाल का पॉश एरिया होने के बावजूद चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं.बहरहाल घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए. पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और चोरों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं ताकि चोरों के बारे में कोई सुराग हाथ लग सके.

**पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में चोर की तस्वीर हुई कैद**

घर के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में चोर की तस्वीर भी कैद हुई है. जिसमें चोर दीवार फांदकर घर से बाहर निकलता हुआ नजर आ रहा है. साथ ही एक संदिग्ध गाड़ी भी वहां से गुजरती हुई नजर आ रही है. पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे.

# हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने जोशीले अंदाज में शीर्ष नेतत्व और कर्नाटक जनता को दी बधाई

## *–बोले लहर चल निकली हरियाणा सहित देश में होंगी कांग्रेस–*

**दैनिक समाज जागरण फरीदाबाद ब्यूरो,**
**राजधानी दिल्ली डेस्क के आर अरुण**

नई दिल्ली, कर्नाटक विजय को लेकर हरियाणा के पूर्व सीएम कांग्रेस प्रमुख लीडर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कर्नाटक विजय को लेकर शीर्ष नेतत्व को बधाई देते कर्नाटक की जनता सहित पार्टी वर्कर को विजय की बधाई दी है।




कांग्रेस लीडर ने कहा कि 2024, में हरियाणा सहित कांग्रेस सरकार बनेगी ।अब हर पार्टी वर्कर को जी जान से जुटना होगा तभी भाजपा को हटाना मुमकिन होगा।

# जींद की टॉपर के घर अचानक पहुंचे डिप्टी सीएम

**देनिक समाज जागरण**
**सीपी एच एडिटर के आर अरुण**

सीबीएसई बोर्ड ने शुक्रवार को 12वीं के साथ-साथ 10वीं के रिजल्ट भी जारी कर दिए. जिले के बच्चों ने जहां 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं दसवीं में भी मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का डंका बजाया है. इस कड़ी में जींद जिले के नरवाना की रहने वाली अलीशा ने सीबीएसई 10वीं में टॉप कर न सिर्फ परिवार को गर्व महसूस करवाया, बल्कि जिले का नाम भी रोशन किया है.

अलीशा के टॉप करने की खबर मिलते ही हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी शनिवार दोपहर को अचानक टॉपर अलीशा के घर पहुंच गए. डिप्टी सीएम को अचानक घर पर देख परिवार वालों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे. इतना ही नहीं डिप्टी सीएम ने अलीशा को बधाई देने के साथ-साथ 11 हजार रुपये इनाम राशि और शॉल देकर उसका सम्मान भी किया. दुष्यंत चौटाला के साथ इस दौरान नरवाना के विधायक भी मौजूद रहे.

**पूरे प्रदेश में कमाया नाम**

वहीं अलीशा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और टीचर्स को दिया है. अलीशा ने बताया कि वह एक दिन में करीब 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती हैं और स्कूल से घर आने के बाद स्कूल में जो कुछ भी पढ़ाया जाता है, उसे रिवाइज करती हैं. अलीशा के टॉप करने के बाद पूरा परिवार खुशी से झूम उठा है. अलीशा की माता ने कहा कि बेटियों को और ज्यादा प्रोत्साहित करना चाहिए. आज के वक्त में बेटियां बेटों से कम नहीं हैं. उनके घर में अलीशा को पूरा सपोर्ट किया जाता है. आज अलीशा का नाम जींद के साथ-साथ पूरे हरियाणा में चमक रहा है.

# कर्नाटक में हार के बाद भी बीजेपी का जलवा बरकरार, वोट प्रतिशत में नहीं हुआ कोई नुकसान

**देनिक समाज जागरण**
**सीपी एच एडिटर के आर अरुण**

कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम 2023 आना शुरू हो गए हैं. कुछ विधानसभा सीटों के रिजल्ट के साथ ही रुझानों में कांग्रेस पार्टी बहुमत के आंकड़े को छूती नजर आ रही है वहीं बीजेपी इस बार पिछड़ती दिखाई दे रही है. कर्नाटक में सरकार होने के




बावजूद भले ही बीजेपी इस बार हार की ओर है लेकिन जनता की नजर में पार्टी का जलवा बरकरार है. बीजेपी का इस बार के चुनावों में भी वोट प्रतिशत जस का तस है. पार्टी को मिले वोट परसेंटेज में कोई खास नुकसान नहीं हुआ है.

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी आंकड़ों पर गौर करें तो विधानसभा चुनाव परिणाम 2023 में भारतीय जनता पार्टी का कुल वोट प्रतिशत 35.7 फीसदी है, जबकि पांच साल पहले साल 2018 में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनावों में भी पार्टी का वोट प्रतिशत जीत के बावजूद 36.2 फीसदी था. ऐसे में इस बार बीजेपी को एक फीसदी से भी कम वोटों का नुकसान हुआ है जो कि न के बराबर है.

**कम बढ़त पर भी कांग्रेस ले गई फायदा**

चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि जीत की ओर बढ़ती कांग्रेस पार्टी को इस बार वोट प्रतिशत के मुकाबले सीटों का जबर्दस्त फायदा हुआ है. जहां पिछली बार 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बीजेपी से भी दो फीसदी आगे 38.4 फीसदी था वहीं इस बार यह करीब 5 फीसदी बढ़कर 43.1 फीसदी हो गया है. हालांकि सीटों में बड़ा मुनाफा मिला है. 2018 कर्नाटक असेंबली इलेक्शन में कांग्रेस के खाते में 78 सीटें आई थीं. जबकि पार्टी ने 221 सीटों पर चुनाव लड़ा था. वहीं इस बार कांग्रेस 136 सीटों पर आगे चल रही है. यह बहुमत के 113 सीटों के आंकड़े से काफी ऊपर है.

# भारत विरोधी बातों का मुकाबला करें पूर्व नौकरशाह, उपराष्ट्रपति धनखड़ की अपील, कहा- 'आप राष्ट्र निर्माण की अहम कड़ी'

**देनिक समाज जागरण**
**सीपी एच एडिटर के आर अरुण**

नई दिल्ली. व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने में नौकरशाह अहम किरदार निभाते हैं. इसके साथ ही पूर्व नौकरशाह भी राष्ट्री निर्माण में बेहतर तरीके से योगदान दे सकते हैं. इसे लेकर हाल ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने विचार रखे. उन्होंने सेवानिवृत्त नौकरशाहों से देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया. संवैधानिक संस्थानों की छवि खराब करने की कोशिश करने वाले झूठे और भारत विरोधी विमर्शों का मुकाबला करने के लिए सेवानिवृत्त नौकरशाहों से अपनी क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए कहा.

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए थे. इस दौरान उनका कहना था, ह्यलोकतांत्रिक शासन की अपनी अनूठी चुनौतियां होती हैं. ऐसे में नौकरशाहों को कानून के शासन और संविधान के प्रति अटूट तथा दृढ़ प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना चाहिए. देश के कुछ हिस्सों में सत्तारूढ़ शासन के साथ अधिकारियों का राजनीतिक जुड़ाव संघवाद की प्रतिष्ठा को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है. इस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है.

**राष्ट्र निर्माण है अहम भूमिका**

उपराष्ट्रपति धनखड़ का आगे कहना था, ह्यसेवानिवृत्त नौकरशाह भारत के संवैधानिक संस्थानों और लोकतांत्रिक मूल्यों को अनुचित रूप से कलंकित और धूमिल करने की कोशिश करने वाले झूठे और राष्ट्र-विरोधी विमर्शों को बेअसर करने के लिए प्रमुख रूप से तैनात हैं. राष्ट्र निर्माण में सेवानिवृत्त नौकरशाहों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है. वे प्रतिभा, अनुभव के भंडार



हैं और जानते हैं कि देश के लिए सबसे अच्छा क्या है? वे झूठे विमर्श का विश्लेषण करके हमेशा अपने मन की बात कहते हैं. भारत का शासन प्रारूप, पारदर्शिता, जवाबदेही, डिजिटलीकरण, नवाचार और उद्यमशीलता पर केंद्रित है, जिससे दुनिया ईर्ष्या करती है. सफल योजनाओं की वजह से कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण और उत्थान हुआ है.

बता दें कि कल यानी रविवार, 14 मई को जगदीप धनखड़ सपत्नी एक दिवसीय यात्रा पर अजमेर पहुंच रहे हैं. वे पुष्कर स्थित ब्रह्मा मंदिर और शिव मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे. उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए ब्रह्मा मंदिर में आम श्रद्धालुओं के दर्शन पर सबुह 8 बजे से 12 बजे तक पाबंदी रहेगी.

# सरकारी डॉक्टर्स क्यों छोड़ रहे नौकरी? पता लगाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने बनाई कमेटी

**देनिक समाज जागरण**
**सीपी एच एडिटर के आर अरुण**

सरकारी सेवाओं के प्रति डॉक्टरों के घटते रुझान का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आदेश पर तीन डॉक्टरों की एक हाई लेवल कमेटी गठित की गई है. कमेटी 1 महीने में रिपोर्ट पेश करेगी और सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों द्वारा नौकरी छोड़ने और नए चयनित डॉक्टरों के ज्वाइन नहीं करने के पीछे के कारणों का पता लगाएगी. इस हाई लेवल कमेटी में झज्जर के सीएमओ डॉ. ब्रह्मदीप को भी शामिल किया गया है.

डॉ. ब्रह्मदीप का मानना है कि प्राइवेट सेक्टर में डॉक्टरों को वेतन ज्यादा मिलता है, इसलिए सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी हो रही है. हालांकि, उनका यह भी मानना है कि पहले के मुकाबले अब सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या बढ़ी है. स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा गठित की गई हाई लेवल कमिटी के सदस्य एवं झज्जर के सीएमओ डॉ. ब्रह्मदीप का कहना है कि पहले के मुकाबले सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या में बढ़ी है, मगर प्राइवेट सेक्टर में डॉक्टरों को ज्यादा वेतन मिलता है.

**पैसों के पीछे न भागें डॉक्टर, सेवा करें**

आगे बताया कि ज्यादा पैसे के चक्कर में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या घट रही है. सरकारी डॉक्टर या तो प्राइवेट सेक्टर में जाने के लिए नौकरी छोड़ रहे हैं या फिर 20 साल नौकरी पूरी होने के बाद वीआरएस ले रहे हैं. सीएमओ ने सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों और नए एमबीबीएस स्टूडेंट्स को भी नसीहत दी है. उनका कहना है कि डॉक्टरी पेशा सेवा भाव का पेशा है. अगर हम सेवा भाव से लोगों का इलाज करेंगे तो हमें नाम भी मिलेगा और संतुष्टि भी. किसी का दर्द दूर करने से डॉक्टरों को दुआएं मिलती हैं. डॉक्टर सिर्फ पैसे के पीछे न भागें.

**प्रदेश में 15000 डॉक्टरों की कमी**

सीएमओ ने बताया कि हाई लेवल कमेटी में शामिल अन्य डॉक्टरों से भी जल्द ही कोआर्डिनेशन किया जाएगा और 1 महीने के अंदर तमाम कारणों का पता लगाकर कमेटी अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य मंत्री को सौंपेगी. डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित मानकों द्वारा प्रदेश में 15000 डॉक्टरों की कमी है. हालांकि, प्रदेश सरकार इस कमी को पूरा करने के लिए हर एक जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा कर चुकी है. इतना ही नहीं सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए भर्ती की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है, लेकिन नव चयनित डॉक्टर नौकरी ज्वाइन नहीं कर रहे हैं. इसी के चलते स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आदेश पर यह हाई लेवल कमिटी गठित की गई है. डॉक्टरों की रिपोर्ट के आधार पर सरकार आगे सकारात्मक कदम उठाएगी.

# बाइक से पेट्रोल निकाला और फिर लगा दी आग!

**देनिक समाज जागरण**
**सीपी एच एडिटर के आर अरुण**

नई दिल्ली. दिल्ली के साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के जैतपुर थाना क्षेत्र में कल रात एक महिला आगजनी करती नजर आई. इस घटना में बाइक फूंकने का सनसनीखेज सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. दिल्ली पुलिस ने बाइक को पेट्रोल छिड़ककर आग लगने वाली महिला को हिरासत में ले लिया है. पुलिस के अनुसार, इस घटना का एक उउळश वीडियो भी सामने आया है. इसमें महिला को बाइक से ही पाइप से पेट्रोल निकालने, उसे बाइक पर छिड़कने और फिर आग लगाते हुए देखा जा सकता है.

जानकारी के मुताबिक यह मामला दिल्ली के साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के जैतपुर थाना क्षेत्र का है. यहां कल रात एक महिला बाइक से पेट्रोल निकाल कर आग लगाती हुई दिख रही है. सीसीटीवी वीडियो में महिला धीरे धीरे चलती हुए सुनसान गली में घर के दरवाजे के बाहर खड़ी बाइक के पास जाती दिख रही है. आस पास देखने के बाद वह बाइक के पास बैठ जाती है और उससे पेट्रोल निकालना शुरू कर देती है. बाइक से पेट्रोल निकालने के बाद महिला उसे बाइक पर छिड़क देती है. इसके बाद वह उसमें आग लगा देती है और बाइक आग के गोले में तब्दील हो जाती है.



**पुलिस ने आरोपी महिला को पकड़ा**

घटना करने के बाद महिला वहां से चली जाती है. एएनआई ने इस घटना का वीडियो जारी किया है, जिसमें महिला की पूरी हरकत सीसीटीवी वीडियो में सामने आ गई. पुलिस के मुताबिक घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया. महिला सीसीटीवी वीडियो में साफ आग लगाते हुए दिख रही है. उससे पूछताछ की जा रही है कि बाइक में आग लगाने के पीछे क्या कारण था.

## पत्नी ने पति पर मारपीट का दिया तहरीर '

उदयपुर , लालगंज ,, उदयपुर थाना क्षेत्र के पिंजरी गांव निवासिनी अंजुम पत्नी मो, नसीम खान ने शनिवार को थाने पर तहरीर देते हुए कहा कि 9 मई रात्रि लगभग ग्यारह बजे बिना किसी बात के मेरा पति गाली गलौज करने लगा, मना करने पर जान से मारने की धमकी दिया ' पुलिस जांच कर पति पर मुकदमा दर्ज कर दिया है '

## बीती रात चोरों ने आटा चक्की की मशीन में की चोरी।

रानीगंज प्रतापगढ़ शुक्रवार की रात में अज्ञात चोरों ने खेमईपुर ग्राम सभा मेंआटा चक्की की मशीन का दरवाजा तोड़कर हजारों रुपए की की चोरी। पीड़ित अजय कुमार तिवारी ने बताया है कि शुक्रवार की रात में मशीन पर कोई नहीं सोता था वहां पर रखा बड़ा गैस सिलेंडर हुआ 4:30 हजार नगद एक फरार्टा पंखा एक साइकिल एक मोबाइल व चद्दर अज्ञात चोरों ने उठा ले गए जब सुबह अजय तिवारी को मालूम हुआ तो देखा उनके मशीन का दरवाजा टूटा हुआ था और देखा कि सामान व नगदी चोर उठा ले गए। जब इस बात की जानकारी रानीगंज पुलिस से ली गई तो पुलिस द्वारा बताया गया कि फिलहाल चोरी की किसी प्रकार की कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है अगर प्रार्थना पत्र मिलेगा तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## 12 वर्षीय किशोर ने लगाया कुकर्म का आरोप पुलिस कर रही जांच।

पट्टी प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव की निवासी पीड़ित 12 वर्षीय किशोर के पिता ने आसपुर देवसरा कोतवाली में लिखित शिकायत पत्र देते हुए अपने बेटे के साथ कुकर्म करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है यह घटना शनिवार की बताई जा रही है जब 12 वर्षीय किशोर घर से निकाल कर नाश्ता की दुकान पर समोसा लेने जा रहा था इसी दौरान गांव का ही एक युवक मंचल होकर किशोर को बहला-फुसलाकर अपने आवास पर ले गया जहां पर उसके कपड़े निकाल कर अश्लील हरकत की किशोर के पीड़ित पिता ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक आसपुर देवसरा संजय पांडेय ने कहा आरोप की जांच की जा रही है सत्यता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

## किशोरी को घर में अकेला देख युवकों ने की छेड़खानी, विरोध करने पर जमकर पिटाई का आरोप।

पट्टी प्रतापगढ़। पट्टी कोतवाली के एक गांव में किशोरी को घर में अकेला देख दो युवक घर में कूद गए। किशोरी के साथ जोर जबरदस्ती करने लगे। किशोरी के शोर मचाने पर युवक उसे बुरी तरह पीटकर धमकी देते हुए भाग निकले। गांव की 17 वर्षीय किशोरी भाई, भाभी व मां के साथ रहती है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे उसकी मां और भाभी पड़ोस में किसी काम से गए थे। उसका भाई दुकान पर था। किशोरी घर पर अकेले थी, उसे अकेला देख पड़ोस के दो युवक उसके घर में कूद गए। किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। किशोरी ने बचाव के लिए मदद की गुहार लगाई। किशोरी के शोर मचाने पर युवक उसे बुरी तरीके से पीट दिए तथा धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। घरवाले पहुंचे तो किशोरी ने आपबीती सुनाई। स्वजन उसे लेकर इलाज हेतु अस्पताल गए। सुबह किशोरी को लेकर स्वजन थाने गए। पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल करवाया है। किशोरी से बातचीत के दौरान वह दर्द से कराह रही थी। किशोरी का आरोप है कि आए दिन युवक उसके साथ छेड़खानी करते हैं। वह फोन पर अश्लील मैसेज करते हैं फोन कर के धमकाते हैं। दबंगों की डर की वजह से किशोरी व उसके परिजन जुल्म सहने को मजबूर हैं। इस मामले में नंदलाल सिंह का कहना है कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुस कर महिला के साथ मारपीट

दैनिक समाज जागरण बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के हाफिजपुर गांव में घर में घुस कर महिला के साथ मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिस दर्ज प्राथमिकी में महिला द्वारा बताया गया है कि महिला अपने घर में सोई थी कि परोस के लालदेव राय, मनीष राय, मुनमुन राय सहित सात लोगों ने महिला के घर में घुस कर मारपीट करने लगे। विरोध करने आरोपितों ने फरसा लाठी से मारकर महिला को जख्मी कर दिए। घटना में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## 6 आरोपियों के खिलाफ 576 पन्नों की चार्जशीट दाखिल, साहिल ने निक्की की गला घोंटकर शव फ्रिज में छिपाया था

दिल्ली में फरवरी में हुए निक्की हत्याकांड में पुलिस ने द्वारका कोर्ट में 6 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट आईपीसी की धारा 302, 201, 202, 212, 120बी के तहत दायर की गई है। चार्जशीट में कुल 576 पेज हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 25 मई की तारीख तय की है।

निक्की यादव और साहिल गहलोत लिव-इन पार्टनर थे। दोनों ने आर्य समाज में शादी भी कर ली थी। लेकिन साहिल के परिवार वालों ने उसकी अलग शादी तय कर दी थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इस बीच साहिल ने उसका गला घोंट दिया और उसका शव ढाबे के फ्रिज में छिपा दिया था।

# प्रमोद व मोना समर्थित कांग्रेस की अनीता को मिली लालगंज चेयरमैन पद पर भारी जीत

## सत्तारूढ़ भाजपा की किरकिरी, तीसरे स्थान पर खिसकी



लालगंज प्रतापगढ़। साढ़े तीन दशक से अधिक कांग्रेस के अभेद्य दुर्ग बने रामपुर खास की लालगंज टाउन एरिया के चुनाव मे पहले चेयरमैन की जीत का सिलसिला जारी रखते हुए कांग्रेस ने लगातार दूसरी बार भी चेयरमैन पद पर कब्जा बरकरार रखने का इतिहास रचा है। राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना समर्थित पार्टी प्रत्याशी अनीता द्विवेदी ने लगातार दूसरी बार चेयरमैन पद पर रिकार्ड अटठाईस सौ बारह मतों से जीत हासिल की। अनीता द्विवेदी को कुल पांच हजार पांच सौ पचीस मत मिले। वहीं उनके नाम लालगंज में दूसरी बार भी महिला अध्यक्ष निर्वाचित होने का सेहरा भी बंधा है। निकटतम प्रतिद्वंदी जयकौशल की पत्नी निर्दलीय रागिनी कौशल को दो हजार सात सौ तेरह मत हासिल हुये। तीसरे नम्बर पर भाजपा उम्मीदवार ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना की पत्नी ममता तिवारी को दो हजार पांच सौ पचहत्तर मत मिले। चौथे नंबर पर सपा उम्मीदवार एवं सैयद सफीक की पत्नी आफरोज बानो को दो हजार दो सौ पैंतालिस मत हासिल हुये। वहीं बहुजन समाजवादी पार्टी की गीता को मात्र नवासी मत हासिल हो सका। इधर एआईआईएम की नफीसा बेगम को मात्र पचहत्तर मत हासिल हुये। इसी क्रम मे ममता को बावन मत, जावित्री देवी को तिरसठ, अंजनी को इक्यासी, पूजा को एक सौ चालीस, शमां बानो को बारह, सीता को पचहत्तर, सन्ध्या को चौदह मत मिल सका। वहीं नोटा में एक मत मिले। पोस्टल बैलेट में भी कांग्रेस ने शुरूआती जीत हासिल कर ली। कुल अडतालिस पोस्टल मतों में कांग्रेस की अनीता द्विवेदी को सर्वाधिक चौतीस मत मिले। निर्वाचन अधिकारी पुनीत वर्मा ने विजयी कांग्रेस की अनीता द्विवेदी को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। मतगणना प्रबन्धों की देखरेख में एसडीएम लालगंज उदयभान सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर, एसडीएम न्यायिक तनवीर अहमद, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मशक्कत करते दिखे।

# सीबीएसई की परीक्षा परिणाम मे डीएवी पब्लिक स्कूल बनियापुर की बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

दैनिक समाज जागरण



बनियापुर (सारण) केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है ।जिसमे बेटों के अपेक्षा बेटियों का बेहतर प्रदर्शन रहा है ।जिसमे कुल विद्यार्थियों मे से 92 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित जिले का नाम रौशन कर दिया है ।जहा क्षेत्र मे विद्यालय तथा अभिभावकों विद्यार्थियों मे उत्स्व का माहौल है ।जहा 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अंजलि कुमारी पिता मदन कुमार साह,प्राची आर्या पिता ओमप्रकाश सिंह शालू कुमारी पिता मनोज सिंह आदि तो विद्यालय शिक्षण व स्वध्याय के बल बिना ट्यूशन के उत्कृष्ट प्राप्ताँक लायी है जो काबिले तारीफ है। ।विद्यालय प्रबंधन निदेशक धनंजय कुमार सिंह संयोजक प्रमोद कुमार सिंह ने क्षेत्र के अभिभावकों से आभार व्यक्त करते प्रसन्नता व्यक्त किया है कि आपकी महती सहयोग तथा विद्यालय प्रबंधन की अथक प्रयास के बदौलत ही हम शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने मे सफल हुए है। ।जिसमे ग्रामीण क्षेत्र मे बनियापुर तथा पूछरी ,नगरा मे डीएवी पब्लिक स्कूल की शाखाए संचालित है ।जिनमे शिक्षण व्यवस्था अन्य निजी विद्यालयों के अपेक्षा मजबूत है जिससे क्षेत्र मे छात्र छात्राओं का अध्ययन के लिए पहला पसंद बनता जा रहा है ।अभिभाव भी परीक्षा का परिणाम देख इसी विद्यालय मे बच्चो को भेजने की इच्छा जाहिर कर रहे है।

# संत रामपाल जी द्वारा चलाये मार्ग का मूल उद्देश्य है दुनिया में सतयुग जैसा माहौल बनाना है

कमल सिंह लोधा दैनिक समाज जागरण



गुना-शनिवार को संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने विशाल सत्संग समारोह का आयोजन, जिला गुना तहसील राघोगढ़ के रूठियाई मुस्कान मैरिज गार्डन में किया` बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन संत रामपाल जी महाराज के मंगल प्रवचन सुनने के लिए पहुंचे` एलईडी टीवी के माध्यम से सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक सत्संग चलाया गया`

संत रामपाल जी महाराज ने सत्संग में बताया है कि

मौत बिसारी मूर्खा, अचरज किया कौन` तन माटी में मिल जाएगा, ज्यों आटे में लोन॥

अर्थात हे मूर्ख मानव तूने कैसा आश्चर्य कर रखा है कि मृत्यु को भुला दिया है, तेरा शरीर एक दिन मृत्यु को प्राप्त होकर मिट्टी मे मिल जाएगा` तेरा नाम -निशान यानी चिन्ह भी दिखाई नहीं देगा` जैसे आटे में नमक मिलने पर दिखाई नहीं देता` यदि मृत्यु याद है तो मानव कभी पाप व गफलत नहीं कर सकता

सत्संग में उपस्थित सेवादारों ने बताया कि कलियुग में सतयुग जैसा माहौल बनाना ही संत रामपाल जी महाराज जी का उद्देश्य है कबीर साहेब की वाणी है:- कलयुग मध्य सतयुग लाऊं।

ताते सत कबीर कहाऊं।। इस वाणी को कबीर साहेब जी ने वर्तमान समय के लिए बोला था, आज स्वय कबीर साहेब जी ही संत रामपाल जी महाराज के रूप में धरती पर आकर अपनी वाणी को सच कर रहे हैं। संत रामपाल जी द्वारा चलाये मार्ग का मूल उद्देश्य है दुनिया में सतयुग जैसा माहौल बनाना है।

## मरीजों के तीमारदारों को किया गया भोजन वितरित,लॉयन्स क्लब लखनऊ आकांक्षा गोल्ड की सराहनीय पहल

लखनऊ उत्तरप्रदेश: चंद्रकांत सी पूजारी

किसी खास दिन या त्योहार पर भोजन का दान या वितरण करने वाले बहुत हैं, मगर रोजाना जरूरतमंदों को खाना खिलाने वाले बहुत कम लोग होते हैं...भारत में सरकारी अस्पतालों में कैंटीन की व्यवस्था भी उत्तम कम ही देखने को मिलती है ....ऐसे में मरीजों के तीमारदार अक्सर भूखें रह जाते हैं , भोजन की व्यवस्था करना उनके लिए मुश्किल हो जाता है ..मगर समाजसेवा में अग्रिम भूमिका निभाने वाली संस्था लॉयन्स



कल्ब लगातार समाजसेवा और जनहित का कार्ड्ड करती रहती है . लखनऊ में लॉयन्स क्लब लखनऊ आकांक्षा गोल्ड ने 13 मई दिन शनिवार को मेडिकल कॉलेज मे ईश्वर चाइल्ड वेलफेयर फाउंडेशन के साथ मिलकर कैंसर बीमारी से जूझ रहे बच्चो के परिजनों को पका हुआ भोजन वितरित करने का सराहनीय कार्य किया.

**"फूड फॉर हंगर " कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया कार्य –**

बता दें कि ये कल्ब "फूड फॉर हंगर " कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य करता है , जिसकी कड़ी में ही भोजन की सेवा की गई और सैकड़ो जरूरतमंद लोग लाभान्वित हुए.."फूड फॉर हंगर "कार्यक्रम भोजन जो जन जन तक पहुंचाने के लिए एक सरहानीय पहल के तौर पर शुरू किया गया है

**कल्ब के गणमान्य सदस्य रहे मौजूद –**

फूड फॉर हंगर " कार्यक्रम के अंतर्गत श्ऊ्रृ1 लायन मुकेश जैन , रश्ऊ्रृ लायन डॉ आर सी मिश्रा , वरिष्ठ लायन राकेश सिंघल , लायन मृदुला जायसवाल ,लायन मनोहर श्यामश्रीवास्तव (एडमिन ), अध्यक्ष लायन पवनशर्मा, कोषाध्यक्ष लायन विशाल मिश्रा ,सचिव आनन्द अरुणेश समेत लायन्स कल्ब के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे .

## भारतीय योग संस्थान के द्वारा नोएडा में एक और नई क्लास का विधिवत उदघाटन

भारतीय योग संस्थान के द्वारा नोएडा में एक और नई क्लास ( सेठी मैक्स रॉयल, सेक्टर 76, ), का विधिवत उदघाटन भारतीय योग संस्थान के आधिकारियों एवं AOA अधिकारियों की मौजूदगी में



संपन्न हुआ। समारोह में दिल्ली प्रांत -2 के प्रधान श्री योगेश शर्मा जी, कार्यकारिणी सदस्य दिल्ली प्रांत-2 और जिला प्रधान नोएडा-4, श्री जवाहर लाल यादव, सभी नोएडा जिले के प्रधान श्री हीरा सिंह बिष्ट, श्री रमाकांत द्विवेदी, श्री राकेश अग्रवाल : जिला मंत्री श्री अभिषेक कुमार, श्री संजय शर्मा, श्री बनवारी लालः

स. मंत्री - श्री माता प्रसाद शुक्ला, क्षेत्रिय अधिकारी श्री आर एस कटारिया, श्रीष शर्मा, श्रीमती सुरिंदर कोर इत्यादि मौजूद रहे और क्लास को बैनर भी प्रदान किया गया।*

सेठी मैक्स रॉयल के साधकों ने योगाभ्यास कराया, सरस्वती वंदन, योग आराधना की सुंदर प्रस्तुति दी। श्री जवाहर लाल यादव ने योग सामग्री, साहित्य एवं योग मंजरी के बारे में विस्तार से चर्चा की तो वहीं श्री योगेश शर्मा ने संस्थान का परिचय दिया और सारगर्भित वार्ता प्रस्तुत की और साधकों को योग से जुड़ने एवं योग मंजरी के सदस्य बनाने की प्रेरणा दी।

AOA अध्यक्ष श्री दत्ता जी और महासचिव श्री निबिर कौशिक जी प्रोग्राम के दौरान मौजूद रहे और साधकों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। श्री अभिषेक जी, श्री संजय शर्मा जी, श्री माताप्रसाद शुक्ला जी , श्रीमती सुरिंदर कौर जी, श्रीष शर्मा जी, सीताराम यादव जी एवं सेठी मैक्स रॉयल की पूरी टीम और साधकों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं इतने सुंदर आयोजन के लिए।

साधक की संख्या लगभग 100 से अधिक थी। शांतिपाठ और प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।आप सभी का सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी के लिए हृदय से धन्यवाद।

AOA के अधियारियों का विशेष आभार।

# मुख्यमंत्री बोम्मई ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत को सौंपा अपना इस्तीफा, बोले- फिर पार्टी को करेंगे मजबूत

**बोम्मई ने शिग्गांव से 35,978 मतों के अंतर से जीत हासिल की है। लेकिन उनके कई मंत्री सहयोगी हार गए।**



कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार के बाद शनिवार की शाम मुख्यमंत्री बस्-ावराज बोम्मई ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत को अपना इस्तीफा सौंप दिया। बोम्मई ने कहा कि मैंने अपना इस्तीफा दे दिया है और इसे स्वीकार कर लिया गया है। बस्-ावराज बोम्मई ने रुझानों में ही कांग्रेस को मिलती बढ़त देखते हुए हार मान ली थी। उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में विजयी होगी।

बोम्मई ने शिग्गांव से 35,978 मतों के अंतर से जीत हासिल की है। लेकिन उनके कई मंत्री सहयोगी हार गए। उन्होंने कहा कि मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं। हम हार के सभी कारणों का पता लगाएंगे और लोकसभा चुनाव के लिए एक बार फिर पार्टी को मजबूत करेंगे।

**कांग्रेस ने जीतीं 136 सीटें, भाजपा को मिली 65 सीट**

चुनाव आयोग के अनुसार, कांग्रेस ने 136 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, बीजेपी 65 सीटें जीतने में कामयाब रही। जनता दल-सेक्युलर (खऊ) को 19 सीटों पर जीत मिली थी। निर्दलीयों ने दो सीटें जीती हैं। जबकि कल्याण राज्य प्रगति पक्ष और सर्वोदय कर्नाटक पक्ष ने एक-एक सीट जीती है।

### खड़गे की अगुवाई में ये पहला चुनाव

कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चुनाव परिणामों ने भाजपा मुक्त दक्षिण भारत कर दिया। यह एक बड़ी जीत है। इससे पूरे देश में नई ऊर्जा का उदय हुआ। बीजेपी हमें ताना मारती थी और कहती थी कि ॅहम कांग्रेस मुक्त भारत बनाएंगेॅ। अब सच्चाई यह है कि यह ॅभाजपा मुक्त दक्षिण भारतॅ है। बता दें कि इस साल की शुरूआत में खड़गे के पार्टी अध्यक्ष बने थे। उसके बाद कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी जीत हासिल की है।

## 25 मई से 3 जून तक जनपद में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 का होगा आयोजन

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 एवं मशाल रैली के स्वागत की तैयारियों को लेकर माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**मशाल रैली के जनपद में पधारने पर उनके स्वागत को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 को जनपद में सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारीगण युद्ध स्तर पर तैयारियों को दें अंजाम**

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जनपद गौतम बुद्ध नगर में 25 मई से 3 जून तक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एवं शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में होना प्रस्तावित है। इस महत्वपूर्ण आयोजन को बहुत ही भव्य ढंग से संपन्न कराने एवं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को लेकर लखनऊ से रवाना की गई मशाल रैली का जनपद गौतम बुद्ध नगर में भव्य स्वागत कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा की अध्यक्षता में तैयारियों की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर माननीय सांसद ने तैयारियों का जायजा लेते हुए कहा कि यह प्रदेश एवं जनपद का सौभाग्य है कि इतना बड़ा इवेंट खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स प्रदेश का शो विंडो कहा जाने वाला जनपद गौतम बुद्ध नगर में आयोजित होना प्रस्तावित है। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समस्त संबंधित अधिकारीगण इस महत्वपूर्ण आयोजन की महत्ता एवं गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अपनी सभी तैयारियां समय रहते



सुनिश्चित कर ली जाए और आगामी 15 मई को जनपद में जो मशाल रैली का आगमन हो रहा है उसके स्वागत को लेकर सभी संबंधित अधिकारीगण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए समय रहते ही रूट प्लान एवं अपनी अन्य तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करें, ताकि मशाल रैली का जनपद में भव्य स्वागत किया जा सके। उन्होंने बताया कि मशाल रैली दिल्ली गेट गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट सीमा से ग्रेटर नोएडा में प्रवेश करेगा, जिनका 15 मई की शाम 7:30 बजे स-रोवर पोर्टिको में टीम स्वागत किया जाएगा एवं 16 मई को सुबह 7:00 बजे से गौर सिटी स्टेडियम में एक भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी खिलाड़ी मशाल लेकर दौड़ेगे। उन्होंने बताया कि यह मशाल दौड़ गौर सिटी से शुरू होकर सर्वोत्तम स्कूल, लोटस वैली स्कूल, डीपीएस वर्ल्ड स्कूल, भारत राम ग्लोबल स्कूल होते हुए विजय सिंह पथिक स्टेडियम में समापन किया जाएगा, उसके बाद मशाल रैली दिल्ली गेट बुलंदशहर के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि इस मशाल दौड़ में सभी जनप्रतिनिधिगण, जिला अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी गण भी प्रतिभाग करेंगे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बढ़ने वाली है छत्रृऔर दिल्ली सरकार के बीच तकरार? जानें सबकुछ

**आए दिन एलजी और सरकार के बीच तकरार दिखती है। इसका सबसे ज्यादा असर दिल्ली की जनता पर पड़ता था।**

दिल्ली में लोगों की चुनी हुई सरकार है, मगर ये पूर्ण राज्य नहीं है। ये केंद्र शासित प्रदेश है। पिछले 9 साल से दिल्ली में रायता फैला हुआ था। मैं बात प्रशासनिक नजरिए से कर रहा हूं। अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग कौन करेगा? कहां अपना अख्तियार इस्तेमाल कर सकती है दिल्ली सरकार। आए दिन एलजी और सरकार के बीच तकरार दिखती है। इस्-ाका सबसे ज्यादा असर दिल्ली की जनता पर पड़ता था। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी लगते आ रहे थे। तीन ऐसे मामले हैं, जिनमें केंद्र सरकार फैसला लेती है। दिल्ली पुलिस, पब्लिक ऑर्डर, लैंड के मामलों में कोई भी कानून बनाने हक मुख्यमंत्री की नहीं चलती है। 2015 से दिल्ली सरकार हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रही थी। कहती थी कि हमें जनता ने चुना है, लेकिन हम कानून नहीं बना सकते हैं।

# नगर पंचायत मनियर में सपा उम्मीदवार रीतू देवी निर्वाचित

## -भाजपा उम्मीदवार बूचिया देवी को मिली 1609 मतों की पराजय

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : नगर पंचायत मनियर के अध्यक्ष पद पर सपा प्रत्याशी रीतू देवी पत्नी नथुनी गोंड़ ने भाजपा प्रत्याशी बुचिया देवी को 1609 मतों से पराजित कर कब्जा जमा लिया है।



रीतू देवी को 4919 मत मिला है, जबकि भाजपा प्रत्याशी बुचिया देवी को 3310 मत प्राप्त हुए। इसी के साथ नगर पंचायत में वार्ड नंबर 1 रंजीता देवी, 2 जयमाला देवी, 3 शांति देवी, 4 बृजेश वर्मा, 5 संजीत कुमार सिंह, 6 शमशेर बहादुर सिंह, 7 अभय कुमार सिंह, 8 राकेश कुमार पटेल, 9 मीरा देवी, 10 बेचनी देवी, 11 लक्ष्मण पटेल, 12 राजकुमार गुप्ता उर्फ गाटर, 13 अंजू देवी, 14 छोटक राजभर सभासद पद पर विजयी हुए।

# नगर पंचायत बैरिया में दूसरी बार लगातार निर्वाचित हुई शांति देवी

**-नगर निकाय चुनाव 2023**
**-भाजपा नेता मंटन वर्मा की मां हैं निर्वाचित चेयरमैन शांति देवी**

**नित्यानंद सिंह, समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : काफी गहमागहमी के बाद कांटे की टक्कर में नगर पंचायत बैरिया के चुनाव में दुबारा कमल का फूल खिल गया है। भाजपा प्रत्याशी शांति देवी ने निर्दल प्रत्याशी पूनम सिंह को 511 मतों से पराजित कर विजयश्री हासिल कर बैरिया नगर पचांयत अध्यक्ष पद का सीट भाजपा की झोली में डाल दिय। भाजपा प्रत्याशी शांति देवी को कुल 6885 मत मिले हैं, जबकि पूनम सिंह को 6374 मत प्राप्त हुआ। सपा के प्रत्याशी अमरावती देवी को महज 161 वोटों से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस के रिंटू वर्मा को 67 मत, जबकि आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी गायत्री देवी को 72 मत मिले हैं।निर्दलीय प्रत्याशी अंकिता को 8 मत, पिंकी को 39 मत, लालझरी को 48 मत, सुगान्ती देवी को 247 मत प्राप्त हुए हैं। इस तरह भाजपा प्रत्याशी शांति देवी पत्नी शिवदयाल वर्मा व निर्दल प्रत्याशी पूनम सिंह पत्नी हरि सिंह के अलावा बाकी 7 प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई। मतगणना संपन्न होने के तत्काल बाद निर्वाचन अधिकारी/ उप जिलाधिकारी बैरिया अत्रेय मिश्र ने विजयी प्रत्याशी शांति देवी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। वही एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने अपनी चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था में नवनिर्वाचित अध्यक्ष को उनके आवास तक सकुशल पहुंचाया।



# पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने दी जनता को बधाई

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : नगर पंचायत मनियर एवं बासडीह में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी तथा नगर पंचायत सहतवार में सपा समर्थित उम्मीदवार को विजय श्री दिलाने के लिए क्षेत्रीय जनता को बहुत बहुत बधाई। उक्त बातें पूर्व नेता प्रतिपक्ष और सपा के राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी ने कही है।



कहा इस चुनाव में क्षेत्रीय जनता ने जो विश्वास समाजवादी पार्टी के प्रति दिखाया है उस विश्वास के लिए मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आप को विश्वास दिलाता हूं कि बासडीह विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं के निराकरण हेतु समाजवादी पार्टी आप की आवाज बन कर पूर्ण रूप से आप के साथ खड़ी रहेगी।

# आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर से भाजपा की सावित्री देवी निर्वाचित

## -पूर्व विधायक संजय यादव की अथक मेहनत से संजय जायसवाल की मां दूसरी बार

**-नगर निकाय चुनाव 2023**

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सावित्री देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के ही बागी निर्दल प्रत्याशी गणेश सोनी को 252 मतों से पराजित कर नगर के चेयरमैन पद पर दूसरी बार कब्जा किया है ।

भाजपा प्रत्याशी सावित्री देवी को अपनी ही पार्टी के गणेश सोनी से काफी टक्कर मिली। सावित्री देवी को कुल 4690 मत मिले जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी गणेश सोनी को 4438 वोट मिला। निर्वाचन अधिकारी उपजिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने 252 मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित किया। शुरू से ही भाजपा प्रत्याशी ने बढ़त बनाए रखा। पहले राउंड में ही भाजपा की बड़ी बढ़त अंत समय तक जारी रहा। विजयी होने पर पूर्व विधायक संजय यादव, अरविंद राय, संजय जयसवाल, बैजनाथ पांडेय, राजू पांडेय, प्रमोद गुप्ता, अमित गुप्ता, आकाश तिवारी, विजय जयसवाल, डा आशुतोष गुप्ता, अवधेश सिंह, संतोष चौधरी आदि ने बधाई दिया।



### अध्यक्ष पद पर प्राप्त मतों का विवरण

सावित्री देवी (भाजपा) 4690 मत
गणेश सोनी (निर्दल) 4438,
दिनेश चौधरी (समाजवादी पार्टी) 1003,
भीष्म यादव (निर्दल) 1292
अबुल फैज अंसारी (सुभासपा) 1403

### नगर पंचायत सभासदों के निर्वाचित सभासद

वार्ड 1 निर्मला देवी सपा
वार्ड 2 सुनील तुरैया भाजपा
वार्ड 3 पन्ना देवी सपा
वार्ड 4 रईस अहमद उर्फ मन्नू सुभासप
वार्ड 5 लाची देवी निर्दल
वार्ड 6 फूल मोहम्मद निर्दल
वार्ड 7 जीतन पाण्डेय भाजपा
वार्ड 8 मीना भाजपा
वार्ड 9 रणजीत यादव सपा
वार्ड 10 मंजू देवी निर्दल
वार्ड 11 पिंटू पाठक भाजपा
वार्ड 12 रश्मि सोनी भाजपा
वार्ड 13 सोएब राजा भाजपा
वार्ड 14 मुन्ना हाशमी निर्दल
वार्ड 15 मुमताज निर्दल

# नगर पंचायत नगरा की प्रथम चेयरमैन बनीं सपा उम्मीदवार इन्दु देवी

**ओमप्रकाश वर्मा, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : नवगठित नगर पंचायत नगरा के अध्यक्ष पद पर सपा उम्मीदवार इंदु देवी ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी रेनू देवी को 1699 मतो से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। इंदु देवी की जीत से उनके सपा समर्थको में हर्ष व्याप्त हैं।

निकाय चुनाव की मतगणना तहसील मुख्यालय रसड़ा के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। चार चरणों की मतगणना के बाद सपा उम्मीदवार इंदु देवी को 5753 मत मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी रेनू देवी को 4054 मत प्राप्त हुए। बसपा के संपति देवी को 750 वोटो से संतोष करना पड़ा। अध्यक्ष पद पर कुल 9 प्रत्याशी अनुसूचित महिला मैदान में थी। मतगणना के दौरान जहां सीडीओ बलिया मतगणना स्थल पर जमे रहे, वहीं प्रेक्षक भी मतगणना स्थल का दौड़ा कर आवश्यक जानकारी हासिल की। इस दौरान तहसील मुख्यालय पुलिस छावनी में तब्दील रहा।



### निर्वाचित सभासद

वार्ड संख्या 1 से ज्योति बाला, वार्ड संख्या 2 से चन्द्रभान, वार्ड संख्या 3 से कुंज बिहारी, वार्ड संख्या 4 से लाल बहादुर सिंह, वार्ड संख्या 5 से राजेश पांडेय, वार्ड संख्या 6 से उर्मिला, वार्ड संख्या 7 से आलोक सिंह, वार्ड संख्या 8 से फातिमा कुरैशी, वार्ड संख्या 9 से कृष्ण कुमार कुशवाहा, वार्ड संख्या 10 से लालबहादुर यादव मुंशी, वार्ड संख्या 11 से गुड़िया सोनी, वार्ड संख्या 12 से रियाजुद्दिन गुड्डू, वार्ड संख्या 13 से संजय बहादुर सिंह व वार्ड संख्या 14 से रीना पाण्डेय ने अपने अपने प्रतिद्वंदी प्रत्याशियों को पराजित कर जीत दर्ज किया।

# जनपद की एक दर्जन नगर निकाय सीटों पर भाजपा की फतह

## नगर पालिका परिषद बलिया से भाजपा के संत कुमार गुप्ता तो रसड़ा से बसपा के विनय जायसवाल

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : दो नगर पालिका और 10 नगर पंचायतों को नये चेयरमैन मिल गये है। बलिया नगर पालिका परिषद में कमल खिला है। यहां भाजपा प्रत्याशी संत लाल गुप्ता 'मिठाई लाल' ने निर्दल प्रत्याशी संजय उपाध्याय को पराजित कर सीट अपने नाम कर लिया है। वहीं, नगर पालिका परिषद रसड़ा में भाजपा प्रत्याशी वशिष्ठ नारायण सोनी को हार का सामना करना पड़ा है। यहां बसपा का खाता खोलते हुए विनय शंकर जायसवाल ने 12338 मतपाकर निकतम प्रत्याशी भाजपा के वशिष्ठ नारायण सोनी को हराया है।

मनियर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के हुए चुनाव में सपा प्रत्याशी ऋतु देवी 1609 मत से विजयी रहीं। उनको कुल 4918 मत मिले। वहीं, भाजपा प्रत्याशी बुचिया देवी को 3309 मत मिले। नगर पंचायत मनियर अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित थी। इस पद के लिए सपा ने राजमिस्त्री नथुनी गोड़ की पत्नी इंटरमीडिएट पास ऋतु देवी को उम्मीदवार बनाया था। नवसृजित नगरा नगर पंचायत की प्रथम अध्यक्ष सपा उम्मीदवार इंदू देवी बनी है। इंदू ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी रेनू देवी को 1699 मतों से पराजित किया है। यहां अध्यक्ष पद महिला अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था। वहीं, चितबड़ागांव नगर पंचायत में पहली बार भाजपा का कमल खिला है। यहां भाजपा प्रत्याशी अमरजीत सिंह ने अपने निकतम प्रत्याशी निर्दल बृजकुमार को 1161 मतों से पराजित किया। नगर पंचायत बांसडीह में सपा प्रत्याशी सुनील सिंह ने चुनाव जीत लिया है। इन्होंने निर्दल प्रत्याशी धीरेन्द्र बहादुर सिंह को पराजित किया है। नगर पंचायत सहतवार में निर्दल प्रत्याशी सरिता सिंह व नगर पंचायत रेवती में निर्दल प्रत्याशी जयश्री पाण्डेय ने जीत दर्ज किया है। वहीं, बैरिया नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी शांति देवी ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज किया है। इन्होने निकटतम प्रत्याशी निर्दल पूनम सिंह को हराया है। आदर्श नगर पंचायत सिकन्दरपुर में भाजपा प्रत्याशी सावित्री देवी ने निर्दल प्रत्याशी गनेश सोनी को हराया है। उधर, नगर पंचायत बिल्थरारोड में भाजपा प्रत्याशी रेनू गुप्ता ने चुनाव जीत लिया है। इन्होंने निर्दल प्रत्याशी भावना नारायण को हराया है। वहीं, नवसृजित नगर पंचायत रतसर कलां में सुभासपा उम्मीदवार अजय कुमार ने जीत दर्ज किया है।



## सातवीं बार भी सहतवार चेयरमैन की कुर्सी नीरज सिंह के परिवार में

# दो बार पिताजी, तीन बार माताजी, और अब दूसरी बार पत्नी के सिर ताज

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : नगर पंचायत सहतवार में चुनाव परिणाम ने कीर्तिमान स्थापित किया। लगातार सातवीं बार चेयरमैन की कुर्सी वरिष्ठ नेता नीरज सिंह के परिवार में ही गई। नीरज सिंह की पत्नी सरिता सिंह निर्वाचित हुईं। तीन बार नीरज सिंह की मां और दो बार उनके पिताजी चेयरमैन रहे हैं।



सहतवार परिणाम में सरिता सिंह निर्दल को 5610 तथा अजय सिंह भाजपा को 4288 मत मिला। सहतवार में सपा समर्थित निर्दल प्रत्याशी सरिता सिंह ने दोबारा नगर पंचायत की कमान अपने हाथ मे ले ली। सहतवार में सपा समर्थित निर्दल प्रत्याशी सरिता सिंह ने एक बार फिर कड़ी लड़ाई में भाजपा प्रत्याशी अजय सिंह को 1322 मतों से पराजित कर नगर पंचायत और अपना कब्जा बरकरार रखा है।

# नगर पंचायत रेवती से निर्दल उम्मीदवार जयश्री पांडेय की विजय

## निर्वाचित चेयरमैन को अपने देवर कनक पांडेय की मेहनत का मिला परिणाम

**ऋतुराज तिवारी, समाज जागरण**

रेवती (बलिया) : नगर पंचायत रेवती में निर्दल उम्मीदवार जयश्री पाण्डेय ने लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कब्जा किया। जीत की हैट्रिक पूरी करने के पश्चात जयश्री के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी।



मतगणना के प्रथम चरण की गणना के बाद श्रीमती पाण्डेय ने निर्दल प्रत्याशी राणा योगेन्द्र विक्रम सिंह माण्डलू से 241 मतों की बढ़त बना लिया था। यह बढ़त दूसरे चरण में 926 की हो गयी।तीसरे चरण की गणना के बाद जयश्री ने राणा योगेन्द्र से 1441 मतों की बढ़त हासिल करते हुए चौथे और अन्तिम चरण की गिनती में जयश्री ने 5117 मत प्राप्त कर राणा योगेन्द्र (3487 मत) को 1630 मतों से पराजित किया। भाजपा प्रत्याशी अभिज्ञान तिवारी 2989 मत प्राप्त कर तीसरे नम्बर पर रहे। आरओ सीबी पटेल ने जयश्री को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# पहली बार बनी नगर पंचायत रतसर सुभासपा प्रत्याशी अजय राजभर हुए विजयी -समाजवादी पार्टी ने कर दिया था फ्री, भाजपा से विजय गुप्ता रहे उम्मीदवार

**जुनेद अहमद,समाज जागरण।**

रतसर (बलिया) : नव सृजित नगर पंचायत में पहली बार नगर की सरकार बनाने के लिए काफी गहमागहमी के बाद कांटे की टक्कर में नगर पंचायत रतसर के चुनाव में कमल पर छड़ी भारी पड़ गई। सुभासपा प्रत्याशी अजय राजभर ने भाजपा प्रत्याशी विजय गुप्ता को 342 मतों से पराजित कर विजयश्री हासिल कर रतसर नगर पंचायत अध्यक्ष पद का सीट सुभासपा की झोली में डाल दिया।

सुभासपा प्रत्याशी अजय राजभर को कुल 3075 मत मिले हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी विजय गुप्ता को 2733 मत प्राप्त हुआ। पूर्व प्रधान व निर्दल प्रत्याशी नईम को महज 2177 वोटों से संतोष करना पड़ा।



वहीं दमदारी के साथ मैदान में उतरे निर्दल प्रत्याशी अमित यादव को 1466 मत प्राप्त हुआ। कांग्रेस के सत्यानंद को 61 मत, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी दीप नारायन को 295 मत, जबकि आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ब्रिजेश कुमार गुप्ता को 36 मत मिले है। निर्दलीय प्रत्याशी कमलावती को 12 मत, दीनानाथ को 12 मत, फिरोज को 75 मत,रामसकल को 13 मत, विवेक कुमार को 542 मत मिले। वहीं नोटा पर 39 मतदाताओं ने अपना बटन दबाकर अपने मत का प्रयोग किया। पहली बार नगर पंचायत का चुनाव हुआ। 12 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था। भाजपा प्रत्याशी विजय गुप्ता, सुभासपा प्रत्याशी अजय राजभर,निर्दल प्रत्याशी नईम एवं अमित यादव के अलावा 8 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। मतगणना संपन्न होने के तत्काल बाद निर्वाचन अधिकारी ने विजयी प्रत्याशी अजय राजभर को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# नगर पंचायत बांसडीह में सपा उम्मीदवार सुनील सिंह बने विजेता

**-सपा के बागी निर्दल उम्मीदवार धीरेंद्र सिंह चुनाव रहे दूसरे स्थान पर**

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : निकाय चुनाव में बांसडीह विधानसभा के चार नगर पंचायतों पर सपा प्रत्याशियों के साथ निर्दल प्रत्याशियों ने अपना कब्जा जमा लिया है। जबकि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा इस लड़ाई में कहीं भी ठहरती नही दिखाई दी। नगर पंचायत बांसडीह में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुनील



सिंह ने निर्दल धीरेंद्र को हरा जीत दर्ज की।

बांसडीह में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुनील सिंह ने कांटे के लड़ाई में अपने प्रतिद्वंद्वी धीरेंद्र बहादुर सिंह चुन्ना को 763 मतों से पराजित किया और बांसडीह नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी अपने नाम कर ली। भाजपा उम्मीदवार रेनू सिंह लड़ाई से काफी बाहर थीं। बांसडीह इंटर कालेज के प्रांगण में सुबह मतगणना शुरू होने के साथ क्रमवार चारो नगर पंचायत बांसडीह मनियर रेवती व सहतवार की गिनती शुरू हो गयी। तेज धूप के बीच कई बार प्रत्याशियों के समर्थकों ने जोरदार हलचल मचाई लेकिन हर बार पुलिस हंगामा करने वालों की आवाज तेज होने के साथ ही उसे चुप कराने में सफल दिखाई दी।बांसडीह में पूरी मतगणना के दौरान कई बार बवाल की स्थिति बनी लेकिन बड़ी संख्या में उपस्थित पुलिस बल के पराक्रम के आगे उनकी एक न चली और हर बार कुछ समय मे ही विरोध के स्वर शांत हो गये।

# मातृ दिवस के अवसर पर सत्यदेव इण्टरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर के सीसीए कमेटी के द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर मॉर्निंग असेंबली के दौरान एक छोटा सा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । सुबह की प्रार्थना के बाद म्यूजिक टीचर अजीत सिंह के मार्गदर्शन में



अदिती पांडे कक्षा 5 यशोदा के भूमिका में, सौरव राय कक्षा 4 कृष्ण की भूमिका में वात्सल्यता से परिपूर्ण अभिनय किए । इस अभिनय को छाया मिश्रा कक्षा 4 ने 'मां मुझे आंचल में छुपा ले' गाने का स्वर देकर और जीवंत कर दिया । इसी क्रम में दूसरा कार्यक्रम आदित्य पांडे कक्षा 5 यशोदा की भूमिका में तथा अंकिता सिंह कक्षा 7 कृष्ण की भूमिका में अभिनय तथा दिव्या कुशवाहा कक्षा 7 और अंशिका यादव कक्षा 9 द्वारा 'रिश्ता तेरा मेरा सबसे है आला ' गाने का मनमोहक स्वर दिया गया जो सभी दर्शकों को माता और पुत्र के प्रगाढ़ प्रेम के भावनाओं में गोता लगाने पर मजबूर कर दिया । आर्गन पर कंदर्प तिवारी कक्षा 10 तथा गिटार पर स्वयं अजीत सिंह थे । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को मातृ दिवस की बधाई देते हुए मां की महानता को बताया । उन्होंने कहा कि मां अपने संतान के लिए दुनिया की सबसे साहसी और कर्मठी हीरो होती है। वास्तव में मां संसार के सभी सुखों का मूल होती है। मां है तो दुनिया रंगीन है, फूलों में महक है, हवा भी सुखकारी है और सर्वत्र प्रकाश ही प्रकाश अन्यथा सब विरान और रेगिस्तान है । उन्होंने अंत में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह को इस विद्यालय को महान ऊंचाई पर ले जाने हेतु स्वतंत्रता एवं सुविधा प्रदान करने के लिए आभार जताते हुए उनके प्रति कृतज्ञता जाहिर की । सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय , सत्यदेव डिग्री कॉलेज के निदेशक अमित रघुवंशी, विद्यालय की सीसीए कमेटी , म्यूजिक टीम, सभी प्रतिभागी विद्यार्थी, सभी शिक्षक गण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण एवं सभी विद्यार्थियों को मातृ दिवस की बधाई एवं शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद दिए । संचालन का कार्य महिमा यादव कक्षा 9 ने कुशलता से किया।

# आक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल अवथही ने दिया सी बी एस ई परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल ब्लाक क्षेत्र के अवथहीं में स्थित आक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सी बी एस ई दसवीं का रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्रों एवं शिक्षकों में हर्ष का माहौल है।

इस विद्यालय में 80 से 90प्रतिशत के बीच आठ छात्रों ने अंक प्राप्त किया है। तृष्णा राय पुत्री स्व0आशुतोष राय ने प्रथम, अभिषेक गुप्ता पुत्र शिवगोविन्द साहू ने द्वितीय एवं रिया राय पुत्री प्रेम शंकर राय एवं नमन कुमार पुत्र जितेन्द्र कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।



आक्स फोर्ड इण्टरनेशनल स्कूल अवथही के प्रबंधक भानु प्रताप राय एवं प्रधानाचार्य विनय कुमार एवं समस्त शिक्षकगणों ने उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है इसके साथ ही उनको मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया।

इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक भानु प्रताप राय ने कहा की हम अपने कर्म पर कटिबद्ध हैं और हमारे छात्र छात्राओं को पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार की मुश्किलों का सामना न करना पड़े और उनके उज्जवल भविष्य के लिए हम अपना बेहतर देनें का प्रयास किये हैं और आगे भविष्य में भी करते रहेंगे।

# डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर के छात्र-छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के प्रतिष्ठित डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर का दसवीं के परीक्षाफल में दबदबा रहा। डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर की छात्रा नंदिनी राज चौधरी ने सर्वाधिक 94.8% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया एव अपने स्कूल, अपने परिवार का नाम रोशन किया` द्वितीय स्थान पर ओंकार पांडेय ने 91.2% नंबर प्राप्त किया` तृतीय स्थान पर 88% नंबर प्राप्त करके शिवम यादव रहे` निदेशक हर्ष राय एव प्रधानाचार्य डॉ प्रेरणा राय ने सभी सफल बच्चों का मुँह मीठा करा के उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं` कोआर्डिनेटर अमित रॉय ने भी सभी बच्चों को बधाई दी एव कहा कि ये सफलता बच्चों, अभिभावकों एवं स्कूल सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है` उन्होंने बताया कि इस वर्ष का



रिजल्ट 100% रहा है एव लगभग 77% बच्चे फर्स्ट डिविजन मार्क्स प्राप्त किए है`

# मेजर अभिषेक सिंह का सीतापुर में हुआ भव्य स्वागत

दैनिक समाज जागरण संवाददाता हर्ष सक्सेना



लखीमपुर-खीरी शौर्य चक्र से सम्मानित खीरी के लाल मेजर अभिषेक सिंह का कल सीतापुर के महमूदाबाद जनपद में तिरंगे के साथ हुआ था भव्य स्वागत। 15 मई को अपने पैतृक जिले खीरी आएंगे मेजर अभिषेक सिंह फ्रेंड्स फॉर एवर संस्था सहित शहर के कई गणमान्य लोग जल भवन पर करेंगे खीरी का नाम रोशन करने वाले लाल का भव्य स्वागत और अगवानी इसके बाद डॉन बास्को स्कूल में है कार्यक्रम

डॉन बास्को के छात्र रहे हैं शौर्य चक्र से सम्मानित मेजर अभिषेक सिंह उसके बाद करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस जैसा कि उनके चाचा अजय प्रताप सिंह छोटू ने फोन पर बताया।

# निर्दलीय प्रत्याशी ने नगर निकाय चुनाव में दर्ज कराई जीत

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अब्दुल कवि

लखीमपुर खीरी। नगर निकाय चुनाव लखीमपुर जो 4 तारीख को संपन्न हुए थे उसकी मतगणना आज सुबह राजापुर मंडी में हुई जिसमें मुकाबला भाजपा प्रत्याशी पुष्पा सिंह व रमा मोहन बाजपेई प्रत्याशी समाजवादी पार्टी ,निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर इरा श्रीवास्तव और बहुजन समाजवादी पार्टी से अंजू मिश्रा के बीच था जिसमें आज निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर इरा श्रीवास्तव ने कड़े मुकाबले में सपा प्रत्याशी रमा मोहन बाजपेई को 2851 मतों से पराजित किया डॉक्टर को कुल मत 25061 जबकि रमामोहन समाजवादी पार्टी को 22210 मत मिले वहीं भाजपा के पुष्पा सिंह को 13859 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रही है इस तरह निर्दलीय प्रत्याशी डॉ इरा श्रीवास्तव ने सदर नगर पालिका सीट पर 2851 मतों से विजय पताका लहराई समर्थकों में खुशी की लहर।



# भाजपा की कामिनी राठौर बनीं मेयर

## -सपा की मशरूर फातिमा को 26961 मतों से किया पराजित

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद नगर निगम में भाजपा ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। भाजपा प्रत्याशी कामिनी राठौर ने एक लाख एक हजार 381 मत पाकर सपा की मशरूर फातिमा को 26961 मतों से पराजित कर दिया। मशरूर फातिमा को 74420 मत तथा बसपा की प्रत्याशी 52668 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। निर्दलीय प्रत्याशी उज्जवल गुप्ता 22525 मत पाकर चौथे स्थान पर रहीं। कांग्रेस की नुजहत अंसारी को 6716 तथा आप का राजकुमारी वर्मा को 5093 मत मिल सके। भाजपा ने मेयर पर पद दूसरी बार जीत हांसिल करने से भाजपाई खेमे में खुशी का लहर दिखाई दी। आरओ एक्शईएन पीडब्ल्यूडी कमलाकांत एवं एसडीएम सदर मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जीत का प्रमाणपत्र सौंपा।

# भाजपा प्रत्यासी रानी गुप्ता ने 5058 मतों से सपा की मुमताज बेगम को हराया

समाज जागरण-बृजमोहन सिंह शिकोहाबाद। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रानी गुप्ता ने अपनी प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी मुमताज बेगम को 5058 मतों से हरा दिया।



शनिवार सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा व्यव्सथा के बीच मतगणना प्रारंभ हुई। पोस्टल बैलेट में भाजपा को सपा प्रत्याशी ने 20 मतों से पीछे कर दिया। लेकिन जब मतपेटिकाएं खुली तो पहले ही राउंड से भाजपा प्रत्याशी रानी गुप्ता ने बढ़त बनाई जो आखिर तक बढ़त में ही रही। प्रथम राउंड में भाजपा प्रत्याशी को 3900 मत मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी मुमताज बेगम को 3263 मत मिले। इस प्रकार पहली बढ़त मिलने के बाद से रानी गुप्ता ने एक भी राउंड में पीछे मुड़कर नहीं देखा। पांच राउंड खुलते ही सपा खेमे में मायूसी छाने लगी। कुछ ही देर में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी मुमताज बेगम के प्रतिनिधि अब्दुल वाहिद और उनके समर्थक तथा एजेंट सभी मतगणना से बाहर चले गये। उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली। इसके बाद सायं साढ़े चार बजे भाजपा प्रत्याशी को बुला कर आरओ उप जिलाधिकारी विवेक मिश्रा ने प्रमाण पत्र दिया।

# बिना भेदभाव के कराऊंगी नगर का चहुंमुखी विकास-कामिनी

## -जनता ने जिस उत्साह और उम्मीद से जिताया उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी

दैनिक समाज जागरण-बृजमोहन सिंह



फिरोजाबाद। भाजपा से मेयर चुनने के बाद कामिनी राठौर ने कहा जनता ने जिस उत्साह एवं उम्मीद के साथ मुझे चुना है उस पर में खरा उतरने का प्रयास करूंगी। बिना भेदभाव के समूचे नगर का विकास कराया जाएगा। क्योंकि यह समूचे शहर की जनता मेरी अपनी है। उन्होंने जीत के लिए भाजपा के कार्यकताओं की अटूट मेहनत एवं पार्टी नेताओं का कुशल मार्गनिर्देशन एवं जनता से मिले प्यार की जीत बताया है।

मेयर का प्रमाण पत्र लेने के बाद बातचीत के दौरान कहा कि मैं आज काफी उत्साहित हूं। निश्चित ही जनता ने मुझे अपना पूरा प्यार दिया। उम्मीद से अधिक वोट मुझे मिले। यह जीत मेरी नहीं बल्कि भाजपा के जुझारू कार्यकताओं एवं शहर की जनता की जीत है। जिस प्रकार से हमें सभी वर्गो का चुनाव में सहयोग मिला है उसी प्रकार मैं बिना किसी भेदभाव के शहर का चहुंमुंखी विकास कराऊंगी। समूचे शहर की जनता मेरी है चाहे नई आबादी वाला क्षेत्र हो अथवा शहर के इलाके उन सभी का ध्यान रखूंगी। पार्टी हाईकमान की ओर से दिए जाने वाले निदेर्शों का पालन करते हुए काम होगा। पार्टी के निर्वाचित सभासदों के साथ-साथ निर्दलीय सहित पुराने सभासदों के सहयोग लूंगी। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान मैं पहली बार राजनीति क्षेत्र में उतरी तो थोड़ी नरवस थी इस दौरान भाजपा के एमएलसी एवं नगर निकाय चुनाव प्रभारी गोपाल अंजान,नगर विधायक मनीष असीजा,महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार,सुनील शर्मा, सत्यवीर गुप्ता, भाजयुमों महानगर अध्यक्ष अंकित तिवारी,सुरेंद्र राठौर, लक्ष्मीकांत शुक्ला, रामनरेश कटारा साथ थे।

### फिरोजाबाद-मेयर पद के प्रत्याशी बार मिले मत...

-कामिनी राठौर भाजपा-101416
-मशरूर फातिमा-सपा -74447
-रुखशाना बेगम-बसपा -52695
-उज्जवल गुप्ता निर्दलीय-22536
-नुजहत अंसारी -कांग्रेस-6716
-राजकुमारी वर्मा-आप-5093
-नरगिश खानम-1284
-मम्पी परचम पार्टी ऑफ इंडिया-4245 -रजनी -1361
-शशि देवी निर्दलीय-6051
-हेमलता राठौर निर्दलीय-3654
-नोटा-1978

**कुल वोट---281476**

# फिरोजाबाद नगर निगम वार्ड सूची

**नगर निगम फिरोजाबाद के जीते हुए 70 पार्षद की सूची क्रम बार**

वार्ड 1 रीना देवी निर्दलीय
बार्ड 2 देवेन्द्र बीएसपी
बार्ड 3 रानी देवी बीएसपी
बार्ड 4 संघ मित्रा बीएसपी
बार्ड 5 माया देवी बीएसपी
वार्ड 6 उषा शंखवार बीजेपी
वार्ड नंबर 7 कंठ श्री आम आदमी पार्टी
वार्ड 8 रवि सहगल सपा
वार्ड 9 प्रीति गुप्ता निर्दलीय
वार्ड 10 रेखा राठौर निर्दलीय
वार्ड 11 शशि यादव निर्दलीय
वार्ड 12 मंजू देवी निर्दलीय
वार्ड 13 रामादेवी भाजपा
वार्ड 14 संध्या देवी निर्दलीय
बार्ड 15 गीता बीजेपी
वार्ड 16 नीरू कुमारी बीजेपी
वार्ड 17 अवधेश वाल्मीकि भाजपा
वार्ड 18 सत्य प्रकाश उर्फ सीटू भाजपा
बार्ड 19 देवेन्द्र कुमार बीजेपी
बार्ड 20 मनोज शंखवार बीजेपी
बार्ड 21 अजब सिंह बीजेपी
बार्ड 22 सुरेश चन्द्र बीजेपी
वार्ड 23 आशीष दिवाकर भाजपा
वार्ड 24 कृष्ण वीर सिंह निर्दलीय
वार्ड 25 मुनेन्द्र बीजेपी
वार्ड 26 पूनम शर्मा भाजपा निर्विरोध
वार्ड 27 हरिओम गुप्ता भाजपा
बार्ड 28 पूनम राठौर बीजेपी
वार्ड 29 उषा देवी भाजपा
वार्ड 30 श्याम सुंदर राठौर भाजपा
वार्ड 31 सुनील मिश्रा भाजपा
वार्ड 32 नरेश शर्मा नीटू भाजपा
वार्ड 33 श्याम सिंह विजयी भाजपा
वार्ड 34 सतेंद्र भाजपा
वार्ड 35 अभिनेंद्र यादव सपा
वार्ड 36 धर्मपाल निर्दलीय
वार्ड 37 विजय शर्मा भाजपा
वार्ड 38 राजेश यादव बीजेपी
बार्ड 39 श्याम सिंह यादव बीजेपी
वार्ड 40 देश दीपक यादव
वार्ड 41 रेखा यादव भाजपा
बार्ड 42 ओमवती देवी बीजेपी
वार्ड 43 सुनील कुमार राठौर भाजपा
वार्ड 44 सुभाष यादव निर्दलीय
वार्ड 45 शशि देवी बीजेपी
वार्ड 46 केशव देव भाजपा
वार्ड 47 लाला राइन कांग्रेस
वार्ड 48 अलीम भोला निर्दलीय
बार्ड 49 प्रमोद राजोरिया बीजेपी
वार्ड 50 अजय कुमार बीजेपी
वार्ड 51 अकरम सपा
वार्ड 52 इमरान मंसूरी सपा
बार्ड 53 मैहजवी सपा
वार्ड 54 रूबी नाज बीएसपी
वार्ड 55 रुकैया बानो निर्दलीय
वार्ड 56 रेशमा बेगम सपा
वार्ड-57 सारिक सलीम सपा
वार्ड 58 नगमा बानो सपा
वार्ड 59 परवीन बेगम बीएसपी
वार्ड 60 मोहम्मद अलकाब निजाम सपा
वार्ड 61 रिहान सपा
वार्ड 62 मु रिजवान तमन्ना बसपा
वार्ड 63 शाहजहां बेगम सपा
वार्ड 64 महजबी सपा
वार्ड 65 गुलजार बेगम एम आई एम
वार्ड 66 मुशय्यदा निर्दलीय
वार्ड 67 वाहिद भाई सपा
बार्ड 68 अच्छे मियां सपा
बार्ड 69 कासिम सिद्दीकी सपा
बार्ड 70 अजीम निर्दलीय

## The Kerala Story पर बैन क्यों लगाया? सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को भेजा नोटिस

अदालत ने बंगाल सरकार के अधिवक्ता अभिषेक एम सिंघवी से कहा कि अगर लोगों को फिल्म पसंद नहीं है, तो वे फिल्म नहीं देखेंगे।

# जसराना में लहराया भारतीय जनता पार्टी का परचम

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। लोक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज जसराना में हुई मतगणना के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कुंवरपाल सिंह को हराकर भाजपा के राजीव गुप्ता ने जीत हासिल की। भाजपा की जीत के बाद सपा खेमे में मायूसी छा गई। तो भगवा खेमे में जीत का जश्न मना। सपा की हार का कारण बागी रहे। फरिहा नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं सभासद पद के प्रत्याशियों के मतों की गिनती जसराना के लोक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के हॉल में हुई। मतगणना के दौरान भाजपा की रेखा देवी ने बसपा की मोमिना यास्मीन को हराकर विजय हासिल की। मोमिना यास्मीन के पति अब्दुल हई 2017 में सपा के टिकट पर चुनाव जीतकर नगर पंचायत अध्यक्ष बने थे। एका नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं सभासद पद के मतों की गिनती जसराना के लोक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के बरामदा में हुई। मतगणना के दौरान भाजपा की मायादेवी सागर ने सपा की रेखादेवी को 705 मतों से हराकर जीत हासिल की।

तीनों चरण में जसराना नगर पंचायत से भाजपा को 2283 एवं सपा को 1632 मत मिले। भाजपा के राजीव गुप्ता को चुनाव अधिकारी पारसनाथ मौर्या ने 651 मतों से विजयी घोषित किया। दोनों चरणों में फरिहा नगर पंचायत के लिए 1703 मत प्राप्त कर भाजपा की रेखा देवी ने बसपा की मोमिना यास्मीन को 458 मतों से हरा दिया। लोक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में एका नगर पंचायत के लिए चार चरणों में मतगणना संपन्न हुई। मतगणना के दौरान भाजपा की मायादेवी सागर को 5644 मत प्राप्त हुए। वहीं समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रेखा देवी को 4939 मत प्राप्त हो सके। 705 अधिक मत प्राप्त होने पर चुनाव अधिकारी एवं तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह ने विजयी घोषित करते हुए उन्हें जीत का प्रमाण पत्र दिया।

- जसराना से जीते सभासद

जसराना। वार्ड संख्या एक से साधना सिंह, वार्ड संख्या दो से ओमवीर सिंह, वार्ड संख्या तीन से विकास कुमार, वार्ड संख्या चार से सलमान उर्फ पप्पन, वार्ड संख्या पांच से नेहा गुप्ता, वार्ड संख्या छह से अरविंद वाल्मीकि, वार्ड संख्या सात से प्रीती लोधी, वार्ड संख्या आठ से विद्या देवी, वार्ड संख्या नौ से गिरधर मिश्रा, वार्ड संख्या दस से मोहम्मद मुरसलीम, वार्ड संख्या ग्यारह से जितेंद्र सिंह ने जीत हासिल की। वार्ड संख्या सात में दोनों प्रत्याशियों के बराबर मत होने पर पर्ची डालकर फैसला किया गया।



- फरिहा से जीते सभासद

जसराना। वार्ड संख्या एक से सोनी, वार्ड संख्या दो से पप्पू सिंह उर्फ पप्पू, वार्ड संख्या तीन से गोविंद, वार्ड संख्या चार से अमरीन, वार्ड संख्या पांच से महेश चंद्र, वार्ड संख्या छह से गोल्डी गुप्ता, वार्ड संख्या सात से अंकित जैन, वार्ड संख्या आठ से जितेंद्र, वार्ड संख्या नौ से प्रेमलता एवं वार्ड संख्या दस से भोले ने जीत हासिल की।

- एका से जीते सभासद

जसराना। वार्ड संख्या एक से सत्यवती, वार्ड संख्या दो से अभिषेक, वार्ड संख्या तीन से दिनेश कुमार, वार्ड संख्या चार से विपिन कुमार, वार्ड संख्या पांच से उर्मिला, वार्ड संख्या छह से रेशमा देवी, वार्ड संख्या सात से सावित्री देवी, वार्ड संख्या आठ से सौदान सिंह, वार्ड संख्या नौ से वीनेश, वार्ड संख्या ग्यारह से मीना, वार्ड संख्या बारह से धर्मेंद्र कुमार, वार्ड संख्या तेरह से विनोद कुमार, वार्ड संख्या चौदह से ज्योति, वार्ड संख्या पंद्रह से ओमकार को जीत हासिल हुई।

# भंवर सिंह ठेकेदार के सिर सजा शहर की सरकार का ताज

**-निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को 321 वोटों से हराया**

**-पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के घेरे में पहुंचाया घर**

दैनिक समाज जागरण-बृजमोहन सिंह



टूंडला। शनिवार को नगरपालिका परिषद टूंडला के चेयरमैन पद की हॉटशीट पर चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी भंवर सिंह ठेकेदार के सिर शहर का ताज सजाया गया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दीपक राजौरिया से 321 मतों से बढ़त बनाकर विजयी घोषित हुए। जिन्हें प्रमाण पत्र सौंपकर पुलिस सुरक्षा में उनके घर तक पहुंचाया गया।

शनिवार को नगर के ठा. बीरी सिंह इंटर कॉलेज के मैदान में मतगणना शुरू हो गई थी। जहां निर्दलीय प्रत्याशी पहले राउंड से ही अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी दीपक राजौरिया से लगभग 1000 मतों की बढ़त बनाए हुए थे। इसके बाद जैसे-जैसे राउंड खुलते गए। वे लगातार बढ़त बनाते रहे। तीसरे राउंड में उनकी बढ़त का ग्राफ कुछ कम हुआ, लेकिन फिर भी वे भाजपा प्रत्याशी से 625 वोटों से आगे रहे। इसके बाद चौथे राउंड में यही बढ़त गिरकर लगभग 250 वोटों पर आकर टिक गई। आखिरी राउंड में भंवर सिंह ठेकेदार को कुल 7199 मत प्राप्त हुए। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को कुल 6878 मत प्राप्त हुए। इस तरह भंवर सिंह ठेकेदार को 321 मत अधिक प्राप्त होने पर विजयी घोषित किया गया। उन्हें रिटर्निंग ऑफीसर ने प्रमाण पत्र देकर पुलिस सुरक्षा में उनके घर तक भिजवाया।

### भाजपा ने दी री-काउंटिंग की एप्लीकेशन

टूंडला। टूंडला की हॉटशीट पर जब मतगणना का आखिरी राउंड पूर्ण हुआ। उस दौरान भी निर्दलीय प्रत्याशी 494 मतों से आगे था। लेकिन आखिरी दौर में अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह एवं एसपी सिटी सर्वेश मिश्रा टूंडला आ पहुंचे। जिनके आने के कुछ देर बाद ही भाजपा प्रत्याशी एवं अन्य पदाधिकारियों ने आरओ को री-काउंटिंग करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसको रिटर्निंग ऑफीसर ने सिरे से नकार दिया। आखिर में निर्दलीय प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया।

### सायं 4 बजते ही निकाले गए सभी एजेंट

टूंडला। सायं 4 बजने के साथ ही प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया था। मतगणना स्थल में भारतीय जनता पार्टी के एजेंटों, पदाधिकारियों एवं निर्दलीय प्रत्याशी के एजेंटों के अलावा किसी भी अन्य दल एवं निर्दलीय एजेंट आदि को ठहरने नहीं दिया गया। सभी को मतगणना स्थल से बाहर कर दिया गया।

### एक घंटे तक नहीं दिया गया था प्रमाण पत्र

टूंडला। निर्दलीय प्रत्याशी को विजयी घोषित करने के बावजूद एक घंटे तक प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। जिसके चलते प्रत्याशी के दिल की धड़कनें भी बढ़ने लगी थीं। निर्दलीय प्रत्याशी एवं उसके एजेंट लगातार प्रशासन पर आखिरी दौर में गड़बड़ी कराने की आशंका को जाहिर करते रहे। वहीं मीडिया भी इस बात को दरकिनार नहीं कर रही थी। मीडिया ने भी जब सोशल मीडिया पर इस बात की पूरी तरह से आशंका जाहिर की। जिसके बाद निर्दलीय प्रत्याशी को विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र दिया गया।

# ब्रह्माकुमारी द्वारा युवाओं के लिए स्वास्थ्य तंदुरुस्ती और खेल विषय पर किया कार्यक्रम आयोजित

दैनिक समाज जागरण - बृजमोहन सिंह



फिरोजाबाद। यूथ 20 के तहत ब्रह्माकुमारीज के द्वारा जेल, वंडर वर्ल्ड अकादमी और सवोदया कौचिंग सेन्टर में युवाओं के लिए " स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती, और खेल " विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। सेंटर की मुख्य संचालिका सरिता दीदी ने कहा कि ये प्रोग्राम यही उद्देश्य हैं युवा के भविष्य को उजागर करना। साल परिवर्तन के साथ जीवन में कुछ सकारात्मक परिवर्तन लाने से ही हमारा जीवन सफल होगा। ग्रेटर नोएडा से पधारे स्ट्रेस कांसुलर और मोटिवेशनल स्पीकर बी0के0 प्रमोद कुमार ने बताया कि जैसे हम अपनी फोन की मेमोरी से खराब डेटा को इरेज करते हैं वैसे हमें अपनी मेमोरी से भी नेगेटिव डेटा इरेज करना होगा तभी हम अपनी पढ़ाई के डेटा को उसमें डाल सकते हैं । आगे उन्होंने कहा कि मन और बुद्धि के अल्लाईमेंट से जीवन की हर समस्या को कैसे सहज रीति से सुलझाये इन बातों को स्टूडेंट्स ने समझा।अपने गुणों के विकास से हर कार्य में सफलता प्राप्त कर सकते है।

ब्रह्माकुमारी अंजना बहन ने कहा कि अगर हमें जीवन में लक्ष्य हासिल करना है तो इंटरनेट से दूरी बनाने के साथ साथ जो असफलता का डर जीवन में हैं उसे मेडिटेशन के द्वारा समाप्त करे तभी हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन संभव है।

इस कार्यक्रम में जेल अध्यक्ष ए0के0 सिंह, जेलर आनंद कुमार, वंडर वर्ल्ड अकादमी से अनुपम शर्मा, और उनका स्टॉफ, सर्वोदया कोचिंग सेन्टर से प्रियंका जैन और उनका स्टॉफ और लगभग 200 युवाओं ने भाग लिया तथा 500 कैदियों ने अपने को बदलने का संकल्प लिया

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत, दुल्लभछड़ा और रामकृष्णनगर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता ने खुशी जाहिर की और कर्नाटक की जनता को बधाई दी।

कर्नाटक में कांग्रेस की जीत की जशन आनीपुर राजीव भवन में आतिशबाजी के साथ कांग्रेस कार्यकताओं मनाई।

असम करीमगंज संवाददाता दैनिक समाज जागरणः भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव जीत लिया है राताबाड़ी गुट के कांग्रेस कार्यकताओं ने इस जीत को कर्नाटक की जनता की बहुत बड़ी जीत करार दिया 13 मई (शनिवार) को अपराह्न 3 बजे राजीव भवन आनीपुर में एक बैठक हुई बैठक में समारोह की अध्यक्षता दुल्लभछड़ा ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष मनोजीर आली ने की करीमगंज जिला कांग्रेस के दो सचिव अखिल रंजन तालुकदार और सबिर अहमद, रामकाशनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हिमांशु शेखर देबराय, रामकृष्णनगर मंडल अध्यक्ष कृपासिंदु गुप्ता, पाठाखाउरी मंडल अध्यक्ष अब्दुल मतलिब के अलावा अब्दुल मनाफ, गहेंद्र नाथ, जगदीश नाथ, राताबाड़ी सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता बोले युवा कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल कलाम आजाद व अन्य उन्होंने इस जीत को कर्नाटक की जनता की जीत करार दिया इस सभा में राणा दास, पंचम धर, श्रीवास देव, चुन्नीलाल धर, पीकम नाथ आदि कांग्रेस में शामिल हुए।

बैठक में आलीम उद्दीन, सफर उद्दीन, साब उद्दीन, नजमुल हुसैन, इब्राहिम आली और अन्य उल्लेखनीय कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के अंत में आतिशबाजी व कांग्रेस की जीत के मंत्र दिए गए

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर कुछ बातें।

गरीब का विकास सिर्फ प्रोजेक्ट पास करना नहीं है, सरकार को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि प्रोजेक्ट सही लाभार्थियों तक पहुंच रहा है या नहीं.

असम के सक्रिय मुख्यमंत्री माननीय हिमंत बिश्व शर्मा सरकार गरीब विकास के लिए एक के बाद एक लोक कल्याणकारी परियोजनाओं को लाने के लिए वास्तव में सराहनीय है। उनकी उचित योजना के कारण आज गरीब परिवारों के लड़के-लड़कियों को बिना रिश्वत के सरकारी नौकरी मिल रही है जो पिछली सरकार के दौरान अकल्पनीय था। नशाखोरी और भ्रष्टाचार के खिलाफ हिमंत बिश्व शर्मा सरकार की लगातार कार्रवाई वास्तव में असम के युवाओं और गरीब लोगों को एक नई दिशा दिखाएगी। हिमंत बिश्व शर्मा की सरकार जिस तरह असम की गरीब, असहाय और बेरोजगार महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक के बाद एक कदम उठा रही है, वह वाकई एक दिन असम में इतिहास रचेगा। आपको सच बताऊं तो माननीय हिमंत बिश्व शर्मा सरकार द्वारा एक के बाद एक कल्याणकारी कदम हमारे असम को भारत के इतिहास में एक नई पहचान देंगे। लेकिन उनकी सरकार को कुछ अन्य मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार करना होगा। सरकार को दैनिक जरूरतों की चीजों के दामों पर नियंत्रण के लिए कुछ ध्यान देना चाहिए ताकि असम के लोगों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े, असम में कृत्रिम बाढ़ को रोकने के लिए सार्वजनिक नालों की सफाई की जानी चाहिए और जल निकासी को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह सरकार के हर विभाग पर थोड़ा ध्यान दे ताकि आम जनता को थोड़ा कम समय में इसका लाभ मिल सके।

एक शब्द में सरकार को सरकारी कर्मचारी को सख्ती बरतनी चाहिए ताकि आम जनता को दिन-ब-दिन प्रताड़ना न झेलनी पड़े।

खासकर माननीय हिमंत बिश्व शर्मा सरकार को चाहिए कि असम के सुधार के लिए घटिया विकास को जो प्रोजेक्ट दिए जा रहे हैं, उन परियोजनाओं की सावधानीपूर्वक जांच की जाए कि वे सही लाभार्थियों तक पहुंच रहे हैं या नहीं,

ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार अधिक है इसलिए पंचायत पर सरकार को अधिक ध्यान देना चाहिए, सरकार को उन ठेकेदारों पर थोड़ी सख्ती बरतनी चाहिए जो सरकारी संसाधनों को सरकारी कार्यों की उपेक्षा कर भ्रष्ट करने में बर्बाद करते हैं,

उदाहरण के लिए यदि सरकारी कार्य में लापरवाही के कारण कार्य निम्न गुणवत्ता का है तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी और शांतिपूर्ण उपायों के साथ उनके ठेकेदार का लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिए, किसी भी विभाग में सरकारी अधिकारी यदि जनता को अच्छी और शिष्ट सेवा नहीं देंगे तो उनका वेतन काट लिया जायेगा और यदि कोई महत्वपूर्ण शिकायत हो तो उन्हें तत्काल बर्खास्त कर दिया जायेगा ये होना चाहिए सेवा में सुधार आएगा, आखिर सरकार के नाम पर ठगी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। यदि नहीं, तो इन परियोजनाओं से कोई लाभ नहीं होगा, गरीब की जगह गरीब ही रहेगा, और सरकार का पैसा बीच में ही बर्बाद हो जाएगा, सरकार का भी नाम खराब होगा और एक दिन यह सरकार फिर कांग्रेस जैसी होगी। क्योंकि अगर लोगों के सब्र की हद पार हो गई तो जैसे लोग सरकार बना सकते हैं वैसे ही श्रीलंका जैसी सरकार गिरा भी सकते हैं.

इसलिए, असम के एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में, मैं श्री हिमंत बिश्व शर्मा से हाथ मिलाता हूं और चाहता हूं कि सरकार को इस बात पर सचेत रूप से विचार करना चाहिए कि गरीबों के विकास के लिए उनके द्वारा प्रदान की गई परियोजनाएं या सुविधाएं सही लाभार्थियों तक पहुंच रही हैं या नहीं। साथ ही इस सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर मैं श्री हिमंत बिश्व शर्मा सहित उनकी सरकार की पूरी सरकारी टीम को धन्यवाद, सम्मान और शुभकामनाएं देना चाहता हूं, जिन्होंने असम के विकास के लिए दिन-रात काम किया।



------------------------

मुन्नी छेत्री सामाजिक कार्यकर्ता बराकबैली असम।

# असम करीमगंज जिले के कांग्रेस कार्यालय में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटी।

असम करीमगंज संवाददाता सचिन्द्र शर्मा दैनिक समाज जागरण : कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत के बाद करीमगंज जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने जश्न का माहौल था. कांग्रेस कार्यकर्ता पटाखे फोड़ते और जयकारे लगाते नजर आए। वहीं कांग्रेस कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां बांटी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजत चक्रवर्ती ने इस दिन प्रेस वालों को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह जीत बुलडोजार और साम्प्रदायिक राजनीति के खिलाफ जीत है। यह आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए महज एक ट्रेलर है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजत चक्रवर्ती ने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस की जीत का मतलब धर्मनिरपेक्षता की जीत है। अन्य लोगों में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतू रॉय, कांग्रेस नेता तापस पुरकायस्थ, अमीनुर रशीद से शुरू होने वाले जिला कांग्रेस नेता शामिल थे। उसके बाद करीमगंज शहर में यूथ कांग्रेस, एनआईयूएस व सेवा दल की ओर से रैली निकाली गई. रैली जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने से शुरू होकर शहर के मुख्य मुख्य मार्ग का चक्कर लगाते हुए जिला

# गांव गांव पहुच रहे जनसेवा मित्र, चौपाल लगाकर दे रहे 67 सेवाओं की जानकारी

रायसेन । मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के द्वारा ग्रामीण अंचलों में अभियान से संबंधित शासन की 67 सेवाओं की जानकारी ग्रामों में पहुंच कर ग्रामीण जनों को प्रदान की जा रही है। जनसेवा मित्रों द्वारा गांव-गांव में घर-घर पहुंच कर ग्रामीण जनों को इन सेवाओं में लाभ लेने के लिए प्रेरित ही नहीं किया जा रहा बल्कि ग्राम चौपाल भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान के चौथे दिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र राहुल लोधी ने बताया कि अभियान के क्रियान्वयन में कार्य करते हुए शनिवार को जन सेवा मित्रों ने साँची ब्लॉक के पठारी क्लस्टर के अंतर्गत सालेरा,कोटरा बनगंवा पंचायत में पहुंचकर नवाचार कर ग्रामीण जनों को योजनाओं की जानकारी दी। जनसेवा मित्रों ने ग्रामों में चौपाल लगाकर, डोर-टू-डोर संपर्क किया। 67 योजनाओं के प्रपत्र को पंचायत भवन, आंगनबाड़ी सहित शासकीय भवनों, ग्राम के मुख्य चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा किया ग्रामीण जनों के बीच प्रपत्रों को साझा किया। वहीं घर-घर पहुंचकर लाभ लेने की अपील की मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दूसरे चरण का क्रियान्वयन 10 से 31 मई तक किया जा रहा है ।जनसेवा मित्रों ने चलाया जागरुकता अभियान सीएम फैलो आदर्श दुबे के मार्गदर्शन में जन सेवा मित्रों द्वारा ये जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी 31 मई तक यह अभियान चलाया जाएगा। जन जागरूकता चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र राहुल लोधी,आशीष यादव,साधना चौहान उपस्थित रहे



# जवाहर बाल मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन शिमला हिमाचल प्रदेश में मस्तुरी कांग्रेस नेता अशोक राजवाल शामिल हुए

**समाज जागरण ब्यूरो चीफ विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी के कांग्रेस नेता अशोक राजवाल जवाहर बाल मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन शिमला हिमाचल प्रदेश में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संयोजक रूप में सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचें हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कृष्णा अल्लूवीरा जवाहर बाल मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी वी हरि के अगुवाई में जवाहर बाल मंच का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से आये आये प्रमुख पदाधिकारीयों ने भाग लिया। हिमालय प्रदेश के मुख्य मंत्री अरमिन्दर सिंह सुक्खु प्रमुख रूप से उपस्थित होकर अपना संबोधन देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में पहला राष्ट्रीय सम्मेलन गर्व का विषय। कांग्रेस प्रशिक्षण विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन राव द्वारा पदाधिकारीयों को प्रशिक्षण में कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास विचारधारा और आने वाले समय जेबीएम के कामों के बारे में विस्तार से बताया गया। छत्तीसगढ़ से आये कांग्रेस नेता अशोक राजवाल ने प्रशिक्षण में अपना बात रखते हुए प्रदेश में जवाहर बाल मंच में हुए कार्यों का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत किये। छत्तीसगढ़ से प्रमुख रूप से प्रणवदास वैष्णव, अशोक राजवाल, नम्रता सोनी, उमेश डोंगरे पहुँचे हैं।



# जब नेहरू, इंदिरा जी के कहने पर अटल जी ने नहीं छोड़ी पार्टी तो मैं कैसे छोड़ दूं ,,,,बोले अनूप मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण**

भोपाल। भाजपा के दिग्गज वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा ने कहा है कि हां मैंने दक्षिण से टिकट मांगा है और पार्टी आलाकमान की इच्छा अनुरूप 200 पार सीटों में भी अपना योगदान देने के लिये दक्षिण से जीत की गारंटी के साथ टिकट मांगना कोई गुनाह नहीं है। मैंने दक्षिण में घर-घर, गली-गली पार्टी का काम भी किया है। अनूप मिश्रा ने यह भी कहा कि हां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह द्वारा मुझे कांग्रेस का आफर दिये जाने की जानकारी मेरे संज्ञान में हैं। अनूप मिश्रा ने कहा कि हालांकि मैंने इस संदर्भ में कतई सोचा भी नहीं हैं।

आज www.sandhyadesh.comसे इंदौर से ग्वालियर लौटते समय विस्तृत चर्चा में पूर्व मंत्री व किसी जमाने में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से लेकर बाबूलाल और अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की सरकार के संकटमोचक रहे अनूप मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस का आफर मेरे संज्ञान में हैं, लेकिन मैं स्पष्ट बता दूं कि पार्टी को छोड़ना या धोखा देना हमारे खून में नहीं हैं। मेरे मामा श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी तक ने कभी पार्टी नहीं छोड़ी। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू और स्व. इंदिरा गांधी भी चाहते थे कि अटलजी कांग्रेस में आ जाए, अनूप मिश्रा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह मेरे पारिवारिक व व्यक्तिगत मित्र है वह मेरी क्षमताओं से वाकिफ है, हमने साथ-साथ राजनीति भी की हैं, वह भी सरकार बनाने के लिये अपने दल के विधायक बढ़ाना चाहते हैं इसीलिये उन्होंचे ऐसा सोचा होगा मैं उनका अपने प्रति इस मान के लिये आभारी हूं। लेकिन मैं यह बता देना चाहता हूं कि हमारे उनसे मनभेद भी नहीं है वैचारिक मतभेद हो सकते हैं मैं तो भाजपा का सिपाही हूं भाजपा में ही रहूंगा।



भाजपा नेता अनूप मिश्रा ने कहा कि वह बीते दिवस भोपाल में प्रदेशाध्यक्ष व्ही.डी. शर्मा से भी मिले थे और अपनी बात भी रखी थी कि मैं दक्षिण से तैयारी कर रहा हूं और दक्षिण से चुनाव लड़ना चाहता हूं, जिस पर प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने मुझे आश्वस्त भी किया है और मुझे पूर्ण सहयोग को भी कहा हैं। मिश्रा ने कहा कि मैं भी भाजपा के 200 पार के लक्ष्य में अपना योगदान दे रहा हूं। पार्टी पूरी एकजुटता से लड़ेगी और सब मिलकर इस लक्ष्य को पा लेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि वह दक्षिण में अपना सघन जनसंपर्क पिछले कई सालों से कर रहे है, उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का स्नेह भी प्राप्त हैं।

# डीएवी स्कूल वेद परसदा के कक्षा 12वीं में सिद्धांत गुप्ता और कक्षा दसवीं मे पूजा जयसवाल ने किया टॉप।

**समाज जागरण ब्यूरो चीफ विवेक देशमुख**

मस्तुरी ।डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, परसदा वेद , मस्तूरी, के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की क जिसमे सिद्धांत गुप्ता ने विज्ञान में 92% अंक हासिल किए एवं यश गुप्ता ने वाणिज्य में 86% अंक हासिल करते हुए स्कूल का गौरव बढाया । उसी के साथ वैभव सिंह और प्रंजल कैवर्त जैसे कई छात्रों ने भी कक्षा 12 में 80% से अधिक अंक हासिल किए हैं। कक्षा 10 में पूजा जायसवाल ने 83.2% अंक हासिल करते हुए स्कूल का गौरव बढाया है । सभी छात्रों ने शिक्षकों और स्कूल के मार्गदर्शन में रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। छात्रों ने न केवल शैक्षिक मानकों को पूरा किया है, बल्कि अनुशासन और समय-सारणी के सहयोग से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ।ऊअश मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, परसदा वेद , मस्तूरी, बिलासपुर की प्रबंधन समिति छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन की बधाई दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना कि है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# बिलासपुर जिले के बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर, कोटा को आगामी आदेश तक,,,कलेक्टर सौरभ कुमार ने लगाया नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**समाज जागरण ब्यूरो चीफ विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।जिले में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले के बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर, कोटा को आगामी आदेश तक जलाभाव ग्रस्त घोषित किया है। कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन पर रोक लगा दी है। कलेक्टर ने इस आशय का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में सक्षम अधिकारी की पूवार्नुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रायोजन के लिए नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा।



शासकीय एजेंसी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले तथा नगर पालिका निगम एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को एवं राजस्व अनुविभाग के तहत आने वाले क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अपने क्षेत्र में नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने एवं यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# कानपुर में शुरू से ही जीत की ओर अग्रसर हुई भाजपा, प्रमिला फिर मेयर

**दैनिक समाज जागरण**

सुनील बाजपेई कानपुर यहां निकाय चुनाव के बाद आज शनिवार को गल्लामंडी में शुरू हुई मतगणना में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रमिला पांडे शुरू से ही बढ़त बनाती नजर आई अंतरा आखिरी राउंड में उन्हें विजई घोषित किया गया वह कानपुर में भाजपा की मेयर दूसरी बार बनी है` इससे भाजपाइयों में जश्न का माहौल है`

विजई घोषित की गई भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रमिला पांडे को 439636 और पराजित हुई समाजवादी पार्टी की वंदना बाजपाई को 257613 मत मिले।

उन्होंने समाजवादी पार्टी की वंदना वाजपेई को एक आध को छोड़कर लगभग हर राउंड में पछाड़ा ,जिससे भारतीय जनता पार्टी की प्रमिला पांडे की दोबारा जीत का मार्ग प्रशस्त होता हुआ साफ नजर आया` वह कानपुर से दूसरी बार भारी मतों से भारतीय जनता पार्टी की महापौर बनने में सफल हुई है, जिससे भाजपाइयों में जश्न का माहौल है जबकि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा वालों के चेहरे लटके हुए हैं`

मतगणना जारी होने के बाद एक - दो चरणों में समाज वादी पार्टी की महिला प्रत्याशी वन्दना बाजपेई से दौड़ में आगे पीछे रहने के बाद जैसे ही भाजपा की प्रमिला पाण्डेय ने 17 हजार के आस पास मत लेकर साइकिल को पांच साढ़े पांच हजार मतों से पीछे धकेला। उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नही देखा। जब जीत का अंतर 35000 के आंकड़े पर पहुंचा तभी मान लिया गया कि भाजपा की प्रमिला पांडे कानपुर की दोबारा महापौर बनने में फिर सफल होगीं।

इसके पहले छठे चरण की मतगणना पूरी होने तक भाजपा की महापौर प्रत्याशी प्रमिला पांडेय ने सपा की वंदना बाजपेई से 47622 मतों से आगे रहीं । मतगणना की इस क्रम में भाजपा (प्रमिला पांडेय) को 119144 ,सपा (वंदना बाजपेई) - को 71522 , कांग्रेस (आशनी अवस्थी) को 26039 और बसपा (अर्चना निषाद) को 13839 वोट मिले



आज सुबह 8:00 बजे से नौबस्ता गल्ला मंडी में मतगणना के लिए ईवीएम खुलने के बाद कई प्रत्याशियों की खुशी सातवें आसमान पर रही तो कई के हाथ मायूसी भी लगी।

अवगत कराते चलें कि यहां 11 मई को हुए निकाय चुनाव में महापौर के 13 और पार्षद के 851 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया था।आज इन सभी प्रत्याशियों के लिए मतगणना में नौबस्ता गल्ला मंडी में सुरक्षा के भी इंतजाम बेहद कड़े रहे उसी व्यक्ति को प्रवेश करने दिया गया जो प्रशासन की ओर से अधिकृत किया गया था इस दौरान हार जीत को लेकर काफी हो हल्ला भी मचा यहां तक कि उस प्रत्याशियों के बीच मारपीट की भी नौबत आई जिस पर पुलिस ने हालात संभाल कर स्थिति को सामान्य किया

वहीं पार्षद का चुनाव जीतने के मामले में भी भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी आगे नजर आई जबकि कांग्रेस तीसरे नंबर पर और बसपा का रुख चौथे नंबर की ओर रहा`अरविंद केजरीवाल की पार्टी पार्षद सीट तक में अपना खाता नहीं खोल पाई।

> *– सपा से हुई कांटे की टक्कर, पार्षदी तक में नहीं खुला आप पार्टी का खाता*
>
> *– भाजपा प्रत्याशी प्रमलि पांडे ने सपा की वंदना बाजपेई को हर राउंड में पछाड़ा*
>
> *– भाजपा की प्रमिला पांडे को 439636 और पराजित हुई समाजवादी पार्टी की वंदना बाजपाई को मिले 257613।*
>
> *– पार्षद के पदों पर भी जीत में हावी रही भाजपा दूसरे पर सपा का नंबर*
>
> *– मतगणना के दौरान कई जगह मारपीट*

*कानपुर मतगणना की झलकियां*

# जीते भइया, मौज उढ़ायें, दारू हमको रोज पिलायें

**सुनील बाजपेई समाज जागरण**

कानपुर बेहद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज यहां हुई निकाय चुनाव की मतगणना के दौरान तरह - तरह के नजारे देखने को मिले।

नौबस्ता मंडी समिति में जारी मतगणना के दौरान कोई परिणाम घोषित होने के पहले ही अपने प्रत्याशी की जय-जयकार करता नजर आया तो कोई हारने की सम्भावना को लेकर भितरघातियों को गालियां देता रहा। अलबत्ता आज शनिवार सुबह 8:00 बजे से शुरू हुई मतगणना की झलकियां भी कुछ इस तरह से गोचर होती नजर आई।

**लिया,लेकिन दिया नहीं :**

नौबस्ता गल्ला मंडी में आज सुबह जैसे ही निकाय चुनाव के लिए मतगणना शुरू हुई उसका रूझान भी तेजी से बाहर आने लगा। जिस भी मेयर या पार्षद प्रत्याशी के पिछड्ड्ने की सूचना आती। उसके समर्थक चिल्ला पड़ते- फलां ने लिया लेकिन दिया नहीं मतलब माल खा लिया और भितरघात भी करा दिया।

**मेयर नहीं अपना ,चकनाचूर सत्ता का सपना :**

इस निकाय चुनाव में बहुत प्रयास के बाद भी समाजवादी पार्टी मेयर के पद पर कब्जा नहीं कर पाई वह दूसरे नंबर पर रहीं जबकि सर्वाधिक वोट लेकर भारतीय जनता पार्टी की प्रमिला पांडे कानपुर की मेयर द्वारा बनने में सफल रहीं । यही नहीं सपा वाले या भी करते नजर आए कि जैसे हालात हैं उसके चलते समाजवादी पार्टी अब निकट भविष्य में उत्तर प्रदेश की सत्ता दोबारा हासिल करने का सपना आसानी से पूरा नहीं कर सकेगी।

**जीते भइया मौज उढ़ायें , दारू हमको रोज पिलायें :**

परिणाम के घोषणा होने के पहले ही भारतीय जनता पार्टी के जीते पार्षद प्रत्याशियों के अधिकांश समर्थक काफी खुश नजर आये। इसमें से तो कुछ - जीते भइया मौज उढ़ायें, दारू हमको रोज पिलायें जैसे मजाकिया नारे भी लगाते नजर आए। आज के बाद

**काला पानी भिजवा देंगे:**

इस निकाय चुनाव में ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक सीटें जीतने में सबसे ज्यादा खुश भाजपाइयों के समर्थक दिखाई पड़े, जो भी पुलिस वाला इन्हें शोर मचाने से मना करता। वे आक्रामक हो उठते और धमकी भरे अन्दाज में कहते- भाजपा का राज है । ज्यादा तेवर दिखाओगे तो काला पानी भिजवा देंगे। उनसे कहकर सस्पेंड करा देंगे।

**अब आयेगी किन्नर की बारी:**

यहां सम्पन्न कराये गये निकाय चुनाव की मतगणना के दौरान कुछ किन्नर भी मतगणना स्थल के आस पास मडराते दिखाई पड़े।

इनमें से किरन,माया और मोहिनी जैसे किन्नरों का कहना था कि अब तक पौराणिक जातिगत बटवारे के आधार पर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रों का शासन तो हो चुका और अब इसी क्रम में मेयर और पार्षद बनने की वारी उनकी है। यही वजह है कि लगभग हर प्रदेश में किन्नर भी राजनीति में सफल हो रहे हैं।

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मस्तूरी में 16 मई को होगा दवापत्ती और 18 मई को लॉटरी सिस्टम से होगी 50 विद्यार्थियों की भर्ती प्रक्रिया।

**समाज जागरण ब्यूरो चीफ विवेक देशमुख**

मस्तूरी। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्य. विद्यालय मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा पहली में उपलब्ध 50 सीटों के लिए ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से आवेदन पत्र दिनांक 05.05.2023 तक मंगाये गये थे। अंतिम तिथि तक प्राप्त समस्त आवेदनों का सूक्ष्म परिक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदन पत्रों की सूची कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। समस्त अभिभावक / आवेदनकर्ता अपनी दावा आपत्ति दिनांक 16.05.2023, दिन मंगलवार (दोपहर 12:30 से 04:30 बजे) तक संस्था में आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वयं समक्ष में उपस्थित होकर दर्ज करा सकतें है। अंतिम चयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से नियुक्त नोडल अधिकारी, अभिभावकों, जन प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में दिनांक 18/05/2023 को प्रातः 11.00 बजे संस्था में लॉटरी निकाली जाएगी।




# कांग्रेस के कार्यकताओं ने मस्तूरी के जोंधरा चौक में कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर की आतिशबाजी

**समाज जागरण ब्यूरो चीफ विवेक देशमुख**

मस्तूरी। जोंधरा चौक पर मस्तूरी कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ प्रेमचंद जायसी के नेतृत्व में कर्नाटक में कांग्रेस के सरकार बनने की खुशी में पटाखे फोड़ कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर, जय जय बजरंगबली, तोड़ दे भ्रष्टाचार की नली, की नारे के साथ खूब शोरशराबा और आतिशबाजी की, जिसमें एनएसयूआई के कार्यकर्ता मस्तूरी विधानसभा अध्यक्ष विकास मधुकर के साथ दर्जनों की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी ने केंद्र सरकार पर खूब निशाना साधा, इस कार्यक्रम में प्रेमचंद जायसी, रहस लाल, विकास मधुकर,मिन कुमार,रवि मधुकर,अमरेश, निखिल जायसवाल, दिनेश मधुकर,विशाल मधूकर, मनहरण, रामचरण, आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।



# उर्वी यादव ने लहराया परचम बनी टॉपर,,,DAV स्कूल को किया गौरान्वित

**समाज जागरण ब्यूरो चीफ विवेक देशमुख**

बिलासपुर। वैसे तो छात्र हो या छात्रा कितने भी होशियार क्यों न हो,,,परीक्षा देने के बाद रिजल्ट का टेंशन बना ही रहता है,,,,लेकिन कुछ लोग ऐसे रहते है जिनको यह उम्मीद रहती है की हम तो टॉप करके माता पिता गुरुजनो,स्कूल और बड़ो का नाम रोशन करेंगे...बस कुछ ऐसा ही कर दिखाया है उर्वी यादव ने,,,,जिनका कहना है की शुरू से ही पढ़ाई के लिए आगे रही जिसकी वजह से उसका रिजल्ट बढ़िया आया और आज उसे भी गर्व है की उसने अपने माता पिता का नाम रोशन किया,,,,उर्वी यादव ऊअश पब्लिक स्कूल की छात्रा है,,,,,जिनके पिता भी ऊअश पब्लिक स्कूल में है,,,,जिनका नाम रामप्रताप यादव है,,,,,उर्वी ने कक्षा 12 वी की परीक्षा में टॉप किया है उसने 91.02% अंक हासिल किया है,,,,आपको बता दे स्कूल का परिणाम अच्छा आने पर प्राचा ने अपने सभी स्टाफ को उनके किए गए मेहनत एवम बच्चों के द्वारा किए गए मेहनत करने में सफलता प्राप्त करने पर बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डबल मनी करने का लालच देकर हलकरे बंधुओ ने करोड़ों समेटा, पुलिस ने दबोचा गर्दन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के एक फरियादी ने कोतवाली पहुँच कर कोसमी निवासी दो आरोपियों के खिलाफ जालसाजी कर 47.5 लाख रुपये ऐंठने की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्ग के मोहननगर निवासी प्रमोद पिता नीलचंद वाहने ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कोसमी निवासी सौरभ व विकास पिता गजेंद्र हलकरे ने एक साल पहले उसे फारेक्स ट्रेडिंग व जमीन के धंधे में निवेश करने की स्कीम बताई और चार महीने में दोगुनी राशि मिलने की बात कही। फरियादी प्रमोद वाहने हलकरे बंधुओं के झांसे में आ गया। उसने अपने पूरे परिवार से साढ़े 47 लाख रुपये जमा किए और हलकरे बंधुओं को दे दिए। लंबा वक्त बीत जाने के बाद जब उनकी निवेश की गई राशि भी नहीं मिली तो प्रमोद ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अनियमित जमा योजना अधिनियम यानी बड्स एक्ट, धारा 420, 120बी के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने विकास हरकने को अभिरक्षा में ले लिया है, जिसे रविवार को न्यायालय में पेश कर तीन से चार दिन की रिमांड मांगी जाएगी।




**आधा सैकड़ा लोगों से हुई धोखाधड़ी**

कोसमी निवासी सौरभ और विकास हलकरे दोनों सगे भाई हैं, जो लंबे समय से लोगों को फारेक्स ट्रेडिंग जैसी स्कीम में निवेश कर तीन से चार महीने में दोगुनी राशि लेने का लालच दे रहे हैं। पुलिस जानकारी के अनुसार, हलकरे बंधुओं ने जिलेभर में 50 से अधिक लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाया है। इनमें अधिकतर लोग बालाघाट जिले के हैं। जबकि कुछ लोग महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ राज्य के भी है। दोनों भाइयों ने 50 से अधिक लोगों से करीब तीन करोड़ रुपये निवेश कराई है। सालभर बाद भी निवेशकों को उनकी राशि न मिलने के बाद अब हलकरे बंधुओं के खिलाफ पीड़ित निवेश खुलकर सामने आ रहे हैं।

> *बालाघाट। (14 मई ) लॉंजी डबल मनी मामला अभी शांत भी नहीं हुआ हैं कि कोसमी निवासी हलकरे बंधुओ की जालसाजी का पर्दाफांश पुलिस ने किया हैं।*

# ईशान ने डिप्टी कलेक्टर पिता का सपना किया पूरा,,,,बिलासपुर का किया नाम रोशन

**समाज जागरण ब्यूरो चीफ विवेक देशमुख**

बिलासपुर। पिता का नाम रोशन करने वाले ईशान ने निश्चित ही परचम लहराया है और अपने लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत की है,,,यही कारण है की परिणाम भी दिख रहा है,,,,जिसके कारण ईशान ने कक्षा 10 वीं में 98.8 अंक हासिल किया है,,,और ऐसा अंक हासिल करने वाले बिलासपुर से दो लोग है जिसमे एक ईशान है,,,दरसल दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र ईशान टाकुर ने कहा कि हम सभी की जिंदगी कठिन होती है, इसे आसान बनाना पड़ता है। इसका एक मूलमंत्र है कड़ी मेहनत । हम सभी को पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। सफलता अवश्य मिलेगी। मेरे माता-पिता मुझे यही सीख देते हैं। इस मंत्र को मैंने पढाई में भी अपनाया। इसका परिणाम था कि मैं सफल हो सका। अब मुझे और मेहनत कर 12वीं पर लक्ष्य साधना है, ताकि मैं आइआइटी मुंबई में प्रवेश पास सकूं ।आपको बता दे ईशान डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर का बेटा है जो इन दिनों कवर्धा जिले में पोस्टेड है।

# उकवा-बालाघाट मार्ग पर लौगुर घाटी पर नक्सलियों ने शासन के खिलाफ बांधा बैनर

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 14मई )जिले में वैसे तो समय समय पर नक्सलियों के द्वारा अपनी उपस्थिति कभी दहशत फैलाकर तो कभी बैनर पोस्टर के माध्यम से जनता को डराने का कार्य करते हैं। लेकिन इस बार मिले नक्सली बैनर में नक्सलियों ने शासन के खिलाफ खरी खोटी तो लिखा ही हैं साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ के पक्ष में भी लिखकर सहानुभूति दिखाई हैं।

जानकारी अनुसार बंजारी से उकवा के बीच सड़क किनारे नक्सली बैनर बंधे होने की जानकारी पुलिस को मिली थी जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया हैं ।यह जानकारी शनिवार को पुलिस को मिली जहाँ पहुंचकर पुलिस ने दोनो बैनर को उतारकर जब्त कर लिया है। वहीं नक्सलियों की तलाश में सर्चिंग शुरू कर दी गयी है।



**आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ के पक्ष में नक्सली**

पुलिस ने दो नक्सली बैनर को जप्त किया हैं। पहले में नक्सलीयों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का वेतन 24 हजार, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता का 18 हजार और सहायिका को नियमित करने का जिक्र किया हैं साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता को पांच लाख व सहायिका को तीन लाख एक मुश्त देने के साथ पेंशन आदि की सुविधा जैसे बातो का उल्लेख किया हैं।

वहीं दूसरे बैनर में सोनेवानी को लेकर लिखी हैं जिसमे जनता को विस्थापित करने की साजिश सरकार कर रही हैं जिसे हम बर्दास्त नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गांव गांव घूमकर जनता को बेवकूफ बना रहें हैं जिसे जनता बर्दास्त नहीं करेगी।

# अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, दो की हालत गंभीर

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 14 मई )जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन की मौत हो गई ।वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को बेहतर उपचार के लिए गोंदिया रेफर किया गया है।

पहली घटना लालबर्रा थाना अंतर्गत सिवनी मार्ग की है, जहां शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना 12.30 से 1 बजे के बीच की है, जब धारावासी से वापस लौट रहे चार युवकों को बालाघाट की ओर से सिवनी की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने रांग साइड में वाहन को टक्कर मार दी। इससे चिचगांव सालई निवासी 26 वर्षीय सुरेन्द्र पिता नंदलाल पंचेश्वर और एक अन्य युवक की मौत हो गई। धारावासी निवासी 35 वर्षीय मुकेश पिता शिवप्रसाद मानेश्वर और 23 वर्षीय अजय पिता गणेश बिसेन गंभीर रूप से घायल हैं। लालबर्रा पुलिस का कहना है कि एक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।



**रुपझर थाना अंतर्गत घटी दूसरी घटना**

दूसरी घटना रूपझर थाना अंतर्गत जगनटोला की है, जहां देररात उकवा से लौट रहे बालाघाट बुढ़ी निवासी मनीष पिता सुखदेव खरोले की सड़क हादसे में मौत हो गई। कांट्रेक्टर मनीष खरोले 12 मई की शाम उकवा गये थे। जहां से देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर चितिंत परिजनों ने उनकी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसमें पुलिस ने जब मोबाइल नंबर का लोकेशन ट्रेस किया तो मनीष, जगनटोला के पास मोड़ाई पर एक खाई में वाहन सहित नीचे गिरे थे।

यह साफ नहीं है कि वाहन अनियंत्रित होकर गिरा या किसी वाहन ने टक्कर मारी है। फिलहाल गंभीर रूप से घायल मनीष को जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने शव बरामद कर शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# सदर अस्पताल की लेबर रूम इंचार्ज शिप्रा भट्टाचार्य फ्लोरेंस नाईटेंगल पुरस्कार से हुई सम्मानित

**राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

नर्सिंग को विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा के रूप में देखा जाता है. रोगियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से राहत पहुंचाने में नर्सों का योगदान हमेशा से ही महत्वपूर्ण समझा गया है. विश्व नर्सिंग दिवस के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के योगदान को याद करने, रोगियों के कल्याण के लिए नर्सों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना करने के लिए है. जन सेवा के लिए समर्पित नर्सों को उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना करने को विश्व भर में 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस ह्लअवर नर्सेज; अवर फ्यूचरह्व की थीम पर मनाया गया है. आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाईटेंगल की याद में विश्व भर में इस दिवस को प्रत्येक साल मनाया जाता है. नर्सिंग स्वास्थ्य सेवा की सबसे बड़ी इकाई है तथा नर्सेज स्वास्थ्य विभाग के लक्ष्यों की प्राप्ति की एक अहम् कड़ी हैं. इसी कड़ी में सदर अस्पताल की लेबर रूम इंचार्ज जीएनएम् शिप्रा भट्टाचार्य को 12 मई को पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में राजकीय सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव के हाथो फ्लोरेंस नाईटेंगल पुरुष्कार दिया गया है, जो की जिले के लिए गर्व का विषय है.

शिप्रा मरीजों की संवेदनाओं को समझती हैं एवं उनकी पीड़ा को कम करने का हर संभव प्रयास करती है. सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ उर्मिला कुमारी ने बताया कि जीएनएम् शिप्रा भट्टाचार्य का कार्य उत्कृष्ट एवं सराहनीय है. रोगियों को



मानसिक रूप से अधिक सहयोग की जरूरत होती है. नर्सों का फर्ज होता है कि वह मरीज से प्यार और संवेदना से पेश आये तथा मरीज की पीड़ा को समझते हुए जरूरी सलाह व चिकित्सा प्रदान करें जो कि इनमें पूरी तरह से मौजूद है. वह बताती हैं कि मरीज को सही एवं शीघ्र उपचार दिलाने के लिए डॉक्टर व नर्स के बीच बेहतर संवाद की बेहद जरूरत होती है. इसलिए वह रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए डॉक्टर के साथ संवाद पर बल देती हैं.

**पिछले 15 वर्षो से निरंतर सेवा दे रही हैं–**

लेबर रूम इंचार्ज जीएनएम् शिप्रा भट्टाचार्य बताती हैं कि जब वह 2008 इस जिला में कार्य करने के लिए आई थी तो उनका एक ही मकसद था कि असाधारण व्यावसायिकता के लिए सभी प्रसूता के दर्दो को समझू एवं अपनी निरंतर प्रशिक्षण का उपयोग कर बेहतर सेवा दूं . 2019 से सदर अस्पताल में लेबर रूम इंचार्ज के रूप में कार्यरत शिप्रा का हमेशा प्रयास रहता है कि सुरक्षित प्रसव करवा कर जच्चा बच्चा दोनों हंसते हुए अपने घर लौटें. आज इसी का परिणाम है कि मेरे सभी वरीय चिकित्सा पदाधिकारी ने मुझपर विश्वास किया ओर मुझे इस अवार्ड के लायक समझा. इसके लिए मै सिविल सर्जन , जिला स्वास्थ्य समिति के सभी पदाधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ उर्मिला कुमारी साथ ही सदर अस्पताल परिवार के सभी कर्मियों को धन्यवाद देती हूँ.

**सदर अस्पताल में लक्ष्य प्रमाणीकरण में अहम् भूमिका – सिविल सर्जन**

सिविल सर्जन ने बताया कि संस्थागत प्रसव यानि विश्वस्त चिकित्सा संस्थानों में प्रशिक्षित व सक्षम स्वास्थ्य कर्मियों के पर्यवेक्षण में एक बच्चे को जन्म देना. जहां प्रसव से जुड़ी तमाम

*–पिछले 15 वर्षो से निरंतर सेवा दे रही हैं*

*–सदर अस्पताल में लक्ष्य प्रमाणीकरण में अहम् भूमिका – सिविल सर्जन*

जटिलताओं से निपटने व माता व शिशु के जीवन को बचाने के लिये बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों. संस्थागत प्रसव मातृ-शिशु मृत्यु दर के मामलों में कमी लाने का महत्वपूर्ण जरिया है. जिले के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में कोरोना काल में भी प्रसव सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रही. बीते वर्ष 22 के अंत तक कुल 5982 सदर अस्पताल में सरक्षित प्रसव संभव हो सका. उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्रमाणीकरण हासिल होने के बाद प्रसव संबंधी सेवाओं के लिये सदर अस्पताल के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है. इसमें वरीय चिकित्सा पदाधिकारी के साथ लेबर रूम इंचार्ज जीएनएम् शिप्रा भट्टाचार्य की भी अहम् भूमिका है. आज उनको फ्लोरेंस नाईटेंगल अवार्ड से नवाजा गया है जो कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है. साथ ही अन्य कर्मियों को भी इनसे सीख लेकर इसी तरह कार्य करना चाहिए. मै उनको शुभकामना देता हूँ कि यह अवार्ड उनके कार्य को ओर गति प्रदान करेगा.

# ग्रामीणों को पुलिस कर रहा है जागरूक

**बिभूति भूषण भद्र : दैनिक समाज जागरण: झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

पश्चिम बंगाल व झारखंड सीमांत पर अवस्थित मुड़ाकाटी ग्रामीण इलाकों में जांबोनी थाना प्रभारी अमित अधिकारी के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाकर सैकड़ों लोगों को जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। श्री अधिकारी ने ग्रामीणों से आह्वान किया की वे इसका अधिक से अधिक लाभ उठाये। मसलन लक्ष्य भेद योजना के तहत दूरदराज व सुदूरवर्ती इलाकों के छात्र- छात्राये निशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। दान ऐप के तहत आपत्कालीन रक्त संग्रह कर पाएंगे। जिला मुख्यालय से एक सौ



किलोमीटर के दायरे में ही यह लागु होगा। इसके अलावा भी अन्य कई योजनाओं का लाभ ले सकेंगे तथा अपने समस्याओं को बखूबी समाधान कर पाएंगे। श्री अधिकारी ने कहां इसके अतिरिक्त राज्य सरकार के जो परियोजनाएं हैं उनमें बाल विवाह के रोकथाम हेतु कन्याश्री युवाश्री रूपश्री आदि की निगरानी की जा रही है। उन्होंने 18 वर्ष से कम आयु की युवतियों का विवाह नहीं कराने की हिदायत दी। तथा गांवों में व्याप्त अंधविश्वास पर रोकथाम हेतु भी सुझाव दिए। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के चलचित्र एवं दृश्य ग्रामीणों को दशार्या गया। ताकि ग्रामीणों को समझने में आसानी हो।

# अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन फीता काटकर उप विकास आयुक्त ने किया

**राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता के द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत प्रखण्ड किशनगंज के ग्राम पंचायत मोतिहारा तालुका में निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन किया गया ।साथ ही, डीडीसी के द्वारा वहां उपस्थित स्वच्छता कर्मियों ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधियों को स्वच्छता शपथ दिलाया गया एवं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सभी को प्रेरित किया गया।

उप विकास आयुक्त श्री गुप्ता के द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के महत्वपूर्ण अवयवों यथा; सुखे एवं गीले कचरे का पृथ्थकरण स्त्रोत पर करने के उपरांत अपशिष्ट प्रसंस्ककरण इकाई पर अलग अलग प्रकार के कचरे का पृथक्करण करते हुए सूखे एवं गीले कचरे को संसाधन के रूप में विकसित करने एवं स्वच्छ वातावरण तथा स्वच्छ गॉव बनाने में सभी से सहयोग हेतु अनुरोध किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत मोतीहारा तालुका एवं बेलवा में मनरेगा योजना अंतर्गत लगाये गये पौधारोपण



कार्यो का भी निरीक्षण किया गया। उक्त अवसर पर निदेशक, डीआरडीए०, जिला समन्वयक, प्रखंड विकास पदाधिकारी किशनगंज, प्रखण्ड समन्वयक,ग्राम पंचायत मुखिया एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# अवैध शराब के खिलाफ नया ग्राम आबकारी विभाग ने की कार्रवाइ

**बिभूति भूषण भद्र : दैनिक समाज जागरणः झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

जिले के नयाग्राम आबकारी विभाग के तेज तरार थाना प्रभारी जयंत बोस ने छापेमारी अभियान चलाकर संक्रईल थाना अंतर्गत तुलसीबोनी बेनागड़िया धोबासोल पूर्णपानी सहित अन्य गांव में अभियान चलाकर 180 लीटर शराब 1280 लेटर कच्चे माल व उपकरण जप्त की है। तथा मौके पर ही कच्चा माल को नष्ट कर दिया गया। इस दरम्यान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी श्री बोस ने ग्रामीणों को शराब सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के बारे जानकारी



दी तथा लोगों को इससे परहेज रहने को कहा। श्री बोस के द्वारा किया गया ताबड़तोड़ छापेमारी से सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# कौशल विकास केंद्र एवं श्रम विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में कौशल विकास केंद्र एवं श्रम विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में डीआरसीसी द्वारा संचालित योजना कुशल युवा कार्यक्रम सहित दूसरी योजनाओं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के प्रगति एवं इसके प्रचार प्रसार पर भी व्यापक चर्चा किया है। साथ ही, श्रम विभाग से बिहार शताब्दी योजना एवं बिहार राज्य प्रवासी योजना से संबंधित समीक्षा की गई। निर्माण मजदूरों के हित में मनरेगा से समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक मजदूरों को निबंधित करने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में डीएम ने बाल श्रम से संबंधित प्रतिवेदन भी आगामी बैठक में शामिल करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला कौशल प्रबंधक, जिला



निबंधन एवं परामर्श केंद्र के प्रबंधक,जिला नियोजन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला योजना पदाधिकारी सहित जिले के सभी केंद संचालक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 6 मामले का हुआ निष्पादन

**राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

टाउन थाना परिसर में जमीनी विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन सीओ समीर कुमार के नेतृत्व में किया गया. जनता दरबार में जमीनी विवाद से संबंधित किशनगंज जिले के कुल 7 मामले पहुंचे. वही इस दौरान सीओ समीर कुमार के द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित आए



हुए सभी मामलों के कागजात बारीकी से जांच किए. जांच करने के बाद 6 मामले का निष्पादन मौके पर कर दिया गया. वहीं बाकी बचे मामले को अगले शनिवार जनता दरबार में आने के लिए कहा गया.

# राजहंस टारगेट क्लब 6 विकेट से विजयी

**राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

डीएस क्लब सिलीगुड़ी बनाम राजहंस टारगेट क्लब के बीच आज तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच रुईधासा मैदान किशनगंज में 25-25 ओवरो का खेला गया। जिसमें डीएस क्लब सिलीगुड़ी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 147 रन बनाए। जिसमें डीएस क्लब सिलीगुड़ी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए शुभम ने 31 गेंदों का सामना कर 29 रन हर्ष अग्रवाल ने 16 गेंदों का सामना कर 18 रन सलीम 14 गेंदों का सामना कर 18 रन एवं विवेक अग्रवाल ने 8 गेंदों का सामना कर 17 रन बनाए। राजहंस टारगेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश झा ने 3 विकेट, अयान शोएब ने 2 विकेट एवं मुकेश सिंह ने 1 विकेट हासिल किया। वही 148 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजहंस टारगेट क्लब ने 17.5 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें नंदन मंडल ने 39 गेंदों का सामना कर 38 रन फैजल खान ने 17 गेंदों का सामना कर 26 रन, प्रशांत कुमार ने 12 गेंदों का सामना कर 24 रन, पंचम कुमार ने 21 गेंदों का सामना कर 24 रन एवं मुकेश सिंह ने 15 गेंदों का सामना कर 15 रन बनाए। वही



डीएस क्लब सिलीगुड़ी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सलीम ने 2 विकेट विवेक अग्रवाल ने क्रिकेट एवं शुभम बासफोर ने एक विकेट हासिल किया। 3 विकेट लेने वाले राजहंस टारगेट क्लब के गेंदबाज आकाश झा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर थे गणेश साह एवं वीर रंजन। सिरिज का दूसरा मैच शनिवार 20 अप्रैल को रुईधासा मैदान में खेला जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला मद्य निषेध की पाक्षिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित

***मद्य निषेध की प्रभाविकता हेतु लगातार छापामारी हेतु अधीक्षक ,मद्य निषेध को दिया गया निर्देश***

प्रतिनिधि, किशनगंज मद्य निषेध और नशामुक्ति कार्यों की समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रुप से राज्य में प्रभावी मद्य निषेध नीति के मद्देनजर जिला में मद्य निषेध की गहन समीक्षा की गई। पुलिस और उत्पाद विभाग द्वारा शराब परिवहन, बिक्री और सेवन के विरुद्ध छापामारी,जब्ती और दोषसिद्धि की समीक्षा की गई ।बैठक में सीमावर्ती क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा छापामारी,एंटी लिकर टास्क फोर्स के भ्रमणशील रहने,शराब बरामदगी और जब्ती पर निर्देश दिया गया। साथ ही, नशा मुक्ति के कार्यों पर कृत कार्रवाई की समीक्षा संबंधित पदाधिकारी के साथ सम्पन्न हुई। मद्य निषेध,नशा मुक्ति अभियान आदि विषयों से संबंधित अभियोजन एवं उसके अनुसंधान पर भी चर्चा की गई। डीएम श्री शास्त्री के द्वारा



विभागीय निर्देश के आलोक में अधीक्षक मद्यनिषेध आदित्य कुमार को जिला अंतर्गत सभी चेकपोस्ट पर सघन छापामारी की कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही,उत्पाद और पुलिस कार्यालय के स्तर से शराब से संबंधित दर्ज अभियोग में गिरफ्तारी, जब्त शराब,जब्त वाहन की समीक्षा उपरांत आवश्यक निर्देश दिए गए ।शराब विनष्टीकरण,लगातार छापामारी, वाहन अधिहरण, नीलामी, पूर्व में शराब व्यवसाय से जुड़े परिवारों के सतत जीविकोपार्जन का लाभ दिलवाने की स्थिति, चेकपोस्ट पर जब्ती/चेकिंग की समीक्षा भी की गई। समीक्षात्मक बैठक में अधीक्षक मद्य निषेध, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय),जिला अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक एवं विशेष लोक अभियोजक, मद्य निषेध शामिल थे।

# शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत

**राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। जिला शिक्षा कार्यालय तथा विद्यालय में पठन पाठन के कार्यों की गहन समीक्षोपरांत अहम निदेश दिए गए ।सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को विद्यालय का ससमय संचालन, शिक्षक उपस्थिति, छात्र/छात्राओं की उपस्थिति, विद्यालय की साफ-



सफाई अनुश्रवण निदेश दिया गया। शिक्षा विभागीय पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर विद्यालय में शिक्षण कार्य सुनिश्चित कराने हेतु कड़े निर्देश दिए गए है। डीएम ने विद्यालय के बंद पाए जाने की सूचना पर शिक्षको की उपस्थिति,पठन पाठन को लेकर निराशा प्रकट करते हुए विभागीय अधिकारियों को विद्यालय निरीक्षण नियमित रूप से करने का निर्देश दिए है।

## छात्र–छात्राओं ने 10वीं और 12वीं में बेहतर अंक लाकर किया द प्रेरणा क्लासेस का नाम रोशन

प्रतिनिधि किशनगंज हॉस्पिटल रोड स्थित द प्रेरणा क्लासेस में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने 10वीं और 12वीं में बेहतर अंक लाकर प्रेरणा क्लासेस के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया. द प्रेरणा क्लासेस के निर्देशक एसके सुमन ने बताया कि हमारे संस्था के 10वीं और 12वीं में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है जिसमें से 12वीं में पढ़ने वाले विशाल ने



86%, आयुष ने 84%, पाखी ने 75%, कस्तूरी दास ने 74% लाकर नाम रोशन किया. वही रोहन, साक्षी, वफा, असेषा मुखर्जी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा वही इस दौरान संस्थापक के निर्देशक एसके सुमन में सारे छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी.

# न्यायलय परिसर किशनगंज में आयोजित की भव्य राष्ट्रीय लोक अदालत

**राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार,नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशनगंज के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय किशनगंज परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत में श्री मदन किशोर कौशिक जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पीठ के सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारियों से अपील किया की पक्षकारों को ध्यान में रखते हुए मामलों का निपटारा उदारता पूर्वक एवं नियमानुसार करें तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज रजनीश रंजन ने पक्षकारों से विशेष अनुरोध किया कि वे अपने-अपने वादों का निष्पादन शांति पूर्वक एवं कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए सुरक्षात्मक रूप से करें। राष्ट्रीय लोक अदालत के पीठ के न्यायिक सदस्य मनीष कुमार,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय, अमृत कुमार सिंह, रोहित श्रीवास्तव अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी तृतीय, राजेश कुमार , न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, अपूर्वा नायक , न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, दिव्या अमल अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी, रोहित कुमार गौरव न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, किशनगंज एवं संदीप साहिल, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, किशनगंज थे। इन सात पीठों में गैर न्यायिक सदस्य के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशनगंज के पैनल अधिवक्ता क्रमशः मधुकर प्रसाद गुप्ता, गाँधी लाल सिंह, पंकज कुमार, प्राणतोष पाण्डेय, प्रियंका वर्मा, जयदेव समाजदार, एवं प्रांजल कुमार वर्मा की प्रतिनियुक्ति की गई थी ।राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय के कुल 224 मामलें जिसमें दावा वाद के 05 मामलें, अपराधिक शमनीय 174 मामलें, विधुत विभाग के 44 मामलें एवं चेक बाउंस के 01 मामलें सम्मिलित हैं। 05 दावा वादों में कुल- 3575000 /- का समझौता



हुआ। बैंक ऋण के कुल 240 मामले में समझौता राशी कुल रुपए 9767423./- का तथा 15 टेलीफोन बिल से संबंधित मामलों में कुल रुपए 44242/- का समझौता हुआ। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में काफी भीड़ देखी गई। जहाँ जिले के विभिन्न क्षेत्रो से आए पक्षकारों ने अपने-अपने वाद का निष्पादन करवाने में काफी सक्रिय भूमिका निभाई। पक्षकारों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो इसके लिए जगह-जगह सहायता केंद्र पर साथ ही प्रत्येक पीठ में एक-एक पारा विधिक स्वंय सेवकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के कर्मी मो. तौसिफ आलम, राजीव दीक्षित के साथ-साथ व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण ने काफी सक्रीय भूमिका में दिखें।

# रोहन कुमार बने जिला शतरंज चैंपियन

**राहुल : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिला शतरंज संघ द्वारा विगत शनिवार से प्रारंभ की गई जिला स्तरीय निःशुल्क 23 वीं वार्षिक प्रतियोगिता के ओपन विभाग का तीन दिवसीय प्रतिस्पर्धा शनिवार को समाप्त हो गया। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं आयोजन सचिव कमल कर्मकार ने सूचित किया कि अपने जिले के 4 दर्जन से अधिक सक्षम खिलाड़ियों के बीच यह प्रतिस्पर्धा संपूर्ण हुआ जिसमें तिघरिया निवासी धीरेंद्र प्रसाद साह के पुत्र रोहन कुमार कुमार 9 में से 8 अंक प्राप्त कर चैंपियन बने। वहीं सौरभ कुमार भी 8 अंक के



साथ रनर-अप खिलाड़ी घोषित हुए। इनके अलावे शीर्ष 10 स्थानों पर क्रमशः दिव्यांशु कुमार सिंह,आयुष कुमार, मुकेश कुमार ,निरोज खान, अमन कुमार गुप्ता, प्रशांत भारद्वाज ,अंशुमन राज ,सुधांशु सरकार ने जगह बनाई। इन सारे विजेताओं को आज शानदार ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता स्थानीय बोर्जेस जांच घर व अल्ट्रासाउंड ,राठौड़ ट्रेडर्स, दिल्ली पब्लिक स्कूल, लाइटहाउस, मारवाड़ी युवा मंच, अमन ड्रीम होम प्राइवेट लिमिटेड, टॉप लाइन, मेसर्स हैलो फ्रेंड्स, हसन ब्रदर्स, संघ के उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीमुद्दीन, रिंकी झा, रूपेश कुमार झा एवं पूर्णियां के सामाजिक कार्यकर्ता मिहिर प्रकाश के सहयोग से संपन्न करवाया गया।

# सिलीगुड़ी थाना पुलिस की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित

**उत्तम सिंह:संवाददाता:दैनिक समाज:जागरण:सिलीगुड़ी दार्जिलिंग)**

सिलीगुड़ी थाने की ओर से " उत्सर्ग 41 " मेगा रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है । बताया गया है कि सिलीगुड़ी थाना के संचालन मे एवं सिलीगुड़ी तराई लायंस ब्लड बैंक के सहयोग से उक्त रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नर अखिलेश कुमार चतुर्वेदी उपस्थित थे । कमिश्नर अखिलेश कुमार चतुर्वेदी ने दीप जलाकर शिविर का उद्घाटन किया। सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस का 41 वां उत्सर्ग रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है । इस शिविर में सिलीगुड़ी थाने के पुलिस कर्मी



रक्तदान करने के लिए आगे आए । संग्रहित रक्त को सिलीगुड़ी तराई लायंस ब्लड बैंक को भेजा जाएगा । इस संबंध में पुलिस कमिश्नर अखिलेश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि गर्मियों में खून की कमी देखी जाती है । सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नरेट के 41 वां शिविर का आयोजन किया गया है । यह कार्यक्रम जून तक चलेगा।

# मत्स्य विभाग से संबंधित बैठक आहूत

**राहुल :दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मत्स्य विभाग से संबंधित बैठक आहूत की गई। वित्तीय वर्ष 2022–23 में



प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत द्वितीय चरण में विभिन्न अवयवों में प्राप्त आवेदनो का चयन संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी,जिला मत्स्य पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निरीक्षण : पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक ने ठाकुरगंज का किया दौरा

- ***ठाकुरगंज रेल यात्री समिति ने विभिन्न मांगों के मद्देनजर सौंपा ज्ञापन***
- ***रेल प्रशासन के अनदेखी के कारण ठाकुरगंज रेलवे स्टेशन उपेक्षित – बच्छराज नखत***

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया( किशनगंज) । पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मालीगाँव के महाप्रबंधक सुनील कुमार झा गलगलिया-अररिया रेल प्रोजेक्ट के निरीक्षक के मद्देनजर शनिवार को ठाकुरगंज पहुँचे । इस दौरान ठाकुरगंज रेल यात्री समिति ने महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंप जन सुविधा हेतु कई माँग की ।

ठाकुरगंज रेल यात्री समिति के अध्यक्ष बच्छराज नखत ने बताया कि ठाकुरगंज रेलवे स्टेशन आज के समय मे



उपेक्षा का शिकार बना हुआ है । ठाकुरगंज स्टेशन से विभिन्न स्थानों के यात्रा के मद्देनजर वैसे बीस से बाईस पंचायतों के लोग यात्रा करते हैं जहाँ रेलवे की सुविधा नहीं है । बावजूद इस ठाकुरगंज रेलवे स्टेशन को रेल प्रशासन द्वारा उपेक्षित किया जा रहा है । मद्देनजर ठाकुरगंज रेल यात्री समिति ने ज्ञापन के माध्यम से ट्रेन संख्या 15715/16 किशनगंज-अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस का विस्तार ठाकुरगंज के रास्ते सिलीगुड़ी जंक्शन तक, ट्रेन संख्या 15721/22 एनजेपी-दीघा पहाड़िया एक्सप्रेस एवं 22611/12 एनजेपी-चेन्नई एक्सप्रेस का ठहराव ठाकुरगंज स्टेशन पर, ट्रेन संख्या 12523 /12524 एनजीपी आनंदविहार सुपर फास्ट एक्सप्रेस , 15624 / 15623 भगत की कोठी एक्सप्रेस और 15909/15910 अवध असम एक्सप्रेस का परिचालने सिलीगुड़ी जंक्शन - बागडोगरा - ठाकुरगंज के रास्ते, एनजीपी से हावड़ा के बीच चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को सिलीगुड़ी से शुरू करे बागडोगरा - ठाकुरगंज के रास्ते, ठाकुरगंज बस स्टैंड के पास से स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर रेल फाटक पर रेल ओवर ब्रिज का निर्माण, रेलवे स्टेशन पर हनुमान मंदिर के पास दूसरे फूट ओवर ब्रिज का निर्माण, गलगलिया अररिया रेल लाइन के निर्माण के बाद ठाकुरगंज रेल स्टेशन पर दबाब बढेगा इसको देखते हुए ठाकुरगंज रेलवे स्टेशन पर एक नए प्लेटफार्म का निर्माण, सिलीगुड़ी से बालुरघाट के बीच चलने वाली ( 15464 ) इंटर सिटी एक्सप्रेस का समय परिवर्तित कर पूर्व के समयानुसार करने जैसे कई माँग की ।

वहीं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मालीगाँव के महाप्रबंधक ने ज्ञापन को देखते हुए सबंधित माँगों को जल्द पूरा करने की आश्वासन दी ।

इस दौरान ठाकुरगंज नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सिकंदर पटेल, ठाकुरगंज रेल यात्री समिति के अध्यक्ष बच्छराज नखत, सचिव अमित कुमार सिन्हा, राजेश करनानी के अलावे काफी संख्या में स्थानीय मौजूद थे ।

# बी एन एम यू के जंतुविज्ञान डिपार्टमेंट में अंतर्राष्ट्रीय सिम्पॉजियम 17 मई को:प्रो. (डॉ.) नरेन्द्र श्रीवास्तव

## सिम्पॉजियम में वर्चुअल जुटेंगे अमेरिका और चाइना से प्रोफेसर

मधेपुरा।
"रोल ऑफ जेनेटिक पॉलिमोफीज्म इन हेल्थ साइंस" पर होगा अंतर्राष्ट्रीय सिम्पॉजियम
भूपेंद्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग में "रोल ऑफ जेनेटिक पॉलिमोरफोष्म इन हेल्थ साइंस" टॉपिक पर एक अंतर्राष्ट्रीय सिम्पॉजियम का आयोजन 17 मई को होना सुनिश्चित हुआ है. जिसमे जंतु विज्ञान विषय के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्राध्यापक प्रो. मोशाहिद आलम रिजवी, नई दिल्ली, डॉ. आदित्य कुमार पंडा, ओड़िशा, डॉ. संतासीरी बनर्जी, चाइना, डॉ. सौरभ प्रियादर्शी यु एस ए से व्याख्यान देंगें ।उक्त बाबत जानकारी देते हुए जंतु विज्ञान विभाग के विभागध्यक्ष प्रो. डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा की यह व्याख्यान शोधार्थी छात्रों, मेडिकल कॉलेज के छात्रों एवं शोध करने वाले चिकित्साकों लिए बहुत हीं लाभदायक रहेगा. इस संगोष्टी के मुख्य संरक्षक माननीय कुलपति प्रो. डा. आर के पी रमण हैं एवं इस संगोष्टी में बी एन एम यू के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. ए के रॉय को सलाहकार समिति के एक विशिष्ट सदस्य के रूप में शामिल किया गया



है.वही त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू के प्रो. श्याम नारायण लाभ, बांग्लादेश ढाका यूनिवर्सिटी के प्रो. बिनय कुमार चक्रबर्ती, जैव प्रोद्योगिकी विभाग गोरखपुर के प्रो सी पी एम त्रिपाठी, भागलपुर के पूर्व संकायध्यक्ष प्रो ए के ठाकुर, आई सी ड्टम आर एन आई टी एम बेलगाभी के वैज्ञानिक डॉ कामरान जमान,जंतुविज्ञानं विभाग के पूर्व विभागध्यक्ष डॉ अरुण कुमार,रसायन विज्ञान के विभागध्यक्ष डॉ अशोक कुमार, बॉटनी के विभागध्यक्ष डॉ रमेश कुमार आदि जैसे सीनियर प्रोफेसर सालाहकार समिति में नमित किये गए हैं.उक्त सिम्पॉजियम को सुचारु रूप से सफल करने के लिए आज जंतु विज्ञानं बिभाग में विभागध्यक्ष प्रो डॉ नरेंद्र श्रीवास्तव के अध्यक्षता में एक बैठक किया गया जिसमे मुख्य रूप से डॉ पंचानंद मिश्रा, डॉ भुवन भास्कर मिश्रा, डॉ अशीम रॉय, डॉ ब्रजेश सिंह, आनंद भूषण,कार्यालय सहायक अशोक केशरी, रविंद्र कुमार, मृत्युंजय सिंह आदि लोग मौजूद थे। तैयारियां अन्तिम चरण पर है।

# एच एस कॉलेज के प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में हुई विकास समिति की बैठक ,लिए गए कई निर्णय

उदाकिशुनगंज।
अनुमंडल मुख्यालय के एक मात्र सरकारी हरिहर साहा कॉलेज में सुविधाओं का घोर है अभाव
बी एन एम यू के कुलपति को सौंपा एजेंडों की प्रतिलिपि, दिए ठोस आश्वासन
हरिहर साहा कॉलेज उदाकिशुनगंज मे हुई विकास समिति की बैठक प्रधानाचार्य प्रो. सुमन कुमार झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में विकास समिति से जुड़े सदस्यों की टीम ने प्रिंसिपल की अगुआई में जर्जर भवनों का जायजा लिया। बैठक में महाविद्यालय के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पुस्तिका में उक्त चचाओं को लिपिबद्ध किया। हरिहर साहा कॉलेज उदाकिशुनगंज विकास समिति के सदस्यों ने माननीय कुलपति महोदय से मिलकर निदान की गुहार लगाई और कुलपति महोदय ने ठोस आश्वासन भी दिया। इस मौके पर हरिहर साहा कॉलेज उदाकिशुनगंज के प्रधानाचार्य प्रो सुमन कुमार झा के अलावा बैठक में डॉ. अरुण कुमार, अतिथि शिक्षक अंग्रेजी विभाग, मेंहदी हसन, डॉ. बरदराज, डॉ शैलेन्द्र कुमार,डॉ. अमित मिश्रा ,डॉ नागेश्वर ,डॉ. सुधा, प्रो दीपा , प्रो धीरेन्द्र हेड क्लर्क रणधीर, अरविंद, चन्दन ,अजय आदि मौजूद रहे। कॉलेज को है 101 बीघा जमीन, 67 साल पुराना है यह सरकारी कॉलेज
अनुमंडल मुख्यालय के एक मात्र सरकारी हरिहर साहा कॉलेज में सुविधाओं का घोर




अभाव है। कॉलेज में वर्ग संचालन के लिए जर्जर कमरे कभी भी हादसाओं का सबब कभी भी बन सकता है। कॉलेज में विषय के अनुसार प्रयाप्त प्राध्यापक उपलब्ध नहीं है। अतिथि सहायक प्राध्यापक के भरोसे महाविद्यालय चल रहा है।प्रयोगशाला कक्ष नहीं है। लाइब्रेरी है, परंतु लाइब्रेरियन नहीं है। संसाधन विहीन कॉलेज में कैसे होगी पढ़ाई,एक धरोहर को मिटाने की हो रही साजिश विवि प्रशासन की उपेक्षा का दंश झेल रहा कॉलेज अनुमंडल क्षेत्र का एक मात्र अंगीभूत हरिहर साहा महाविद्यालय विश्वविद्यालय प्रशासन के उदासीनता और सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति का शिकार हो रहा है। महाविद्यालय स्थापना काल से ही अपेक्षा का दंश झेल रहा है। जबकि यह कॉलेज बीएनएमयू विवि का एक अंगीभूत इकाई है। स्थापना काल से ही यह अपेक्षित रहा है। मंत्री, संसद, विद्यायक सहित कई बड़े नेताओं ने आश्वासन मात्र के सिवा कुछ नहीं दिया है। सभी कमरा पूर्णतः जर्जर हो चुका है। जर्जर स्थिति कभी भी छात्र-छात्राओं के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। और भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्षेत्र के अभिवावकों ने जर्जर स्थिति को देखकर विभाग के अधिकारियों से मिलकर व्यवस्था सुद्दढ़ करने की मांग कर चुके हैं। अभिभावकों ने कहा की वर्षों से महाविद्यालय भवन की स्थिति जर्जर बनी हुई है। बरसात के समय मे जोखिम और बढ़ जाती है। ऐसे में अभिभावकों की चिंता बढ़ जाती है। लोगों ने कहा कि कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मिलकर समस्या को रखा गया है लेकिन अबतक कोई निदान नही हो पाया है। उदाकिशुनगंज मुख्यालय स्थित हरिहर साहा महाविद्यालय की स्थापना की गई है। महाविद्यालय जो एक समय मे उदाकिशुनगंज के लिए एक धरोहर हुआ करता था लेकिन कुछ सालों में इसकी तस्वीर ही कुछ उल्टी सी हो गई है। अनुमंडल क्षेत्र का एक मात्र सरकारी कॉलेज 67 साल पुराना है। कॉलेज की स्थापना वर्ष 1956 में हुई। तब से कॉलेज उपेक्षा का दंश झेल रहा है। जबकि महाविद्यालय के पास एक सौ एक एकड़ जमीन उपलब्ध है। इस कॉलेज पर किसी भी सरकार की नजर नहीं पड़ती है।

# नगर निगम चुनाव सहरसा : पांचवें दिन 6 प्रत्याशियों ने वार्ड पार्षद पद से भरा अपना नामांकन पर्चा

सहरसा।
नगर निगम के विभिन्न पदों पर चुनाव को लेकर पांचवें दिन नामांकन के लिए लोगों की भीड़ में कमी देखी गई। शनिवार को मात्र 6 लोगों ने वार्ड पार्षद पद से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। जबकि एक मेयर प्रत्याशी ने आज नामांकन का दूसरा सेट भी दाखिल कराया। नगर निगम चुनाव को लेकर जारी नामांकन के पांचवें दिन मेयर पद के लिए बैंन प्रिया ने अपना दूसरा सेट नामांकन पत्र दाखिल कराया। वहीं वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड 6 से गीता देवी, वार्ड 19 से ललिता सिंह, वार्ड 26 से बलराम कुमार जयसवाल, वार्ड 32 से सुदीप कुमार सुमन, वार्ड 35 से अंजना देवी एवं सलमा खातून ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक मेयर पद के लिए कुल 11, उप मेयर पद के लिए कुल 12 एवं वार्ड पार्षद पद के लिए कुल 79 प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। जबकि मेयर पद के लिए 28, उप मेयर पद के



लिए 24 एवं वार्ड पार्षद पद के लिए 214 प्रत्याशियों ने एनआर रसीद कटाया है। ऐसे में अभी भी बड़ी संख्या में नामांकन होना बाकी है। वही मेयर पद की प्रत्याशी रेनू सिन्हा ने वार्ड 30 से वार्ड पार्षद पद के लिए भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि रेनू सिन्हा वर्तमान में नगर परिषद की सभापति भी है। वे मेयर पद पर भी अपना नामांकन पर्चा दाखिल कराया है। ज्ञात हो कि नामांकन प्रक्रिया आज से काफी धीमी हो गई है। इस संबंध में लोगों का मानना है कि हिंदू धर्म में पंचक में शुभ काम की शुरूआत नहीं की जाती है जिसके कारण नामांकन करने वाले प्रत्याशियों में काफी कमी आई है। प्रत्याशियों ने बताया कि पंचक मानने वाले प्रत्याशी निर्धारित समय के अंतिम दिन 17 मई को भारी संख्या में बचे हुए शेष प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। ज्ञात हो कि प्रत्याशियों के सहायता के लिए दो हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। वही 10 काउंटर भी बनाए गए हैं। वही नामांकन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है जिसके कारण प्रत्याशियों को काफी सहूलियत हो रही है।

# सोशल मिडिया पर वायरल हुए विराज को पनोरमा ग्रुप ने लिया गोद, उठाई पढ़ाई लिखाई की सारी जिम्मेदारी

छातापुर।
सीबीएसई पैटर्न पर आधारित पनोरमा पब्लिक स्कूल में दाखिला कर निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाए:संजीव मिश्रा
सोशल मीडिया पर वायरल हुए छात्र विराज को पनोरमा ग्रुप ने गोद ली है इसी क्रम में छातापुर मुख्यालय के रामपुर स्थित पनोरमा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने प्रेसवार्ता कर सोशल मीडिया पर वैशाली जिला के दयालपुर तारा के वायरल हुए छात्र विराज को पढ़ाई के लिए सारा खर्च पनोरमा ग्रुप के तरफ से देने की बात कही.
पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने बताया बिहार के आर्यभट्ट ,चाण्क्य ,गौतम बुद्ध, सिक्खों के दसवे गुरू गोविंद सिंह,ललित नारायण मिश्र की धरती रही है।यहां एक से बढ़कर एक विद्वान पंडित शिक्षाविद् ने जन्म लिया. जिनका इतिहास भी काफी पुराना रहा हैं.
बिहार के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नही हैं वो चाहे जिस विधा में हो ।शिक्षा,खेल समेत अन्य चीजों में बिहारी बच्चें हमेशा से अपना लोहा देश विदेशों में मनवाते रहे हैं,इसी कड़ी में अब सोशल मीडिया पर वायरल विराज नामक छात्र भी तेज-तर्रार लगनशील व मेहनती हैं बस इनको ऊंचे उड़ान भरने की जरूरत हैं इसके लिए इन्हें जरूरत हैं इनके



हौंसले को पंख देने की।
वही आगे श्री मिश्रा ने कहा की बिहार में विराज जैसे कई प्रतिभावान मेधावी छात्र हैं जो पढ़ने के लिए राष्ट्र सेवा करने के लिए ललायित तो रहते हैं मगर वे अपने परिवार के आर्थिक समस्याओं की वजह से पढ़ाई नही कर पाते हैं। हम सरकार से मांग करते हैं कि इनके जैसे अन्य मेधावी छात्रों को राज्य सरकार पढ़ाई के लिए मदद करे तो बेहतर साबित होगा।संजीव मिश्रा ने कहा की विराज के प्रतिभा व पढ़ाई के प्रति लगनशीलता को देखते हुए पनोरमा ग्रुप ने निर्णय लिया की इनको दसवीं तक पढ़ाई पनोरमा फाउडेंशन के तत्वाधान में सीबीएसई पैटर्न पर आधारित पनोरमा पब्लिक स्कूल में दाखिला कर निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाए।
वही प्रेसवार्ता के दौरान पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा,बबिता मिश्रा, वायरल ब्वॉय विराज के साथ उनके माता-पिता व पनोरमा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अरूण कुमार मिश्रा, सत्यैन्द्र सिंह,मो. तौसिफ हुसैन, छोटन मोदक, नीतीश मिश्रा, राहुल झा, गुलजारी मिश्रा, जेपी, महेश, जायरा प्रवीण, सरफराज खान, सोभना, वंदना, शिम्मी, पायल, प्रियंका, अलिशा समेत पनोरमा पब्लिक स्कूल के अन्य विद्यालय कर्मी मौजूद थे ।

# कर नाटक नहीं कर काम, कर्नाटक चुनाव से भाजपा को मिला संदेश : आप

अररिया। आम आदमी पार्टी ( आप ) ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव



में कांग्रेस की बंपर जीत से भाजपा के लिए संदेश गया है कि अब 'नाटक' से नहीं 'काम' से ही काम चलेगा। आम आदमी पार्टी ( आप ) के बिहार प्रदेश प्रवक्ता और जोनल प्रभारी चंद्र भूषण कर्नाटक में भाजपा की हार के बाद अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब मोदी का तिलस्म उतार पर है और इसका आगाज दक्षिण से हो चुका है। उन्होंने कहा कि जनता महंगाई और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने हजारों रैलियां कराकर, 15 से ऊपर केंद्रीय नेताओं की भारी- भरकम फौज उतारकर तथा मोदी जी की 19 बड़ी रैलियां कराकर भी चुनाव हार गई। इसलिए संकेत मिलते हैं कि मोदी जी का जादू अब ढलान पर है।
श्री भूषण ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा इसी तरह हारेगी और विपक्ष का शासन आएगा। उन्होंने पंजाब के जालंधर लोकसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की बड़ी जीत और उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनाव में बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों का खाता खुलने पर खुशी व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# जोकीहाट की एएनएम नीलम कुमारी को मिला फ्लोरेंस नाइटेंगिल अवार्ड

अररिया ।
स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार ने नीलम को प्रतिष्ठित अवार्ड से किया सम्मानित
टीकाकरण व मातृत्व शिशु देखभाल संबंधी उत्कृष्ट सेवाओं के लिये मिला सम्मान
काम करो कुछ ऐसा की पहचान बन जाये, हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाये, यहां जिंदगी तो हर कोई काट लेता है, जिंदगी जियो इस कदर की मिसाल बन जाये। अपने काम के प्रति समर्पण व जुनून के दम पर एएनएम नीलम का नाम भी जिले में एक मिशाल बन कर उभरा है। जोकीहाट प्रखंड के मटियारी पंचायत अंतर्गत रहिकपुर सीएचसी में कार्यरत नीलम कुमारी को उनके उत्कृष्ट व सराहनीय कार्यों के लिये स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार द्वारा फ्लोरेंस नाइटेंगिल अवार्ड 2023 से नवाजा गया है। विश्व नर्सिंग दिवस पर राजधानी पटना में पहली बार आयोजित इस तरह के राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव के हाथों नीलम को इस प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया गया। नीलम को मिले इस सम्मान से पूरा स्वास्थ्य महकमा उत्साहित है। इसके लिये उन्हें जगह-जगह से बधाई व शुभकामना मिल रही है। अवार्ड के रूप में नीलम को प्रशस्ति पत्र, मेडल व दस हजार रुपये नगद राशि से सम्मानित किया गया है।
सम्मान की वास्तविक हकदार है नीलम
जोकीहाट रेफरल अस्पताल के



प्रभारी डॉ शैलेंद्र यादव ने बताया कि नीलम बेहद समर्पित व मेहनती स्वास्थ्य कर्मियों में से एक है। उनका कार्य स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हर एक कर्मी के लिये प्रेरणास्त्रोत है। नीलम ने एक दुर्गम इलाके में नदी व नालों के बीच से गुजर कर वैक्सीनेशन सहित अन्य सेवाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का साहसिक कार्य किया है। कई बार मेरे मना करने पर भी अपने जुनून व साहस के दम पर मुश्किल कार्यों को भी अंजाम तक पहुंचा कर नीलम ने हम सबको चकित किया है। इसके लिये वो बधाई की पात्र हैं। निःसंदेह नीलम इस अवार्ड की वास्तविक हकदार हैं।
नीलम को मिला सम्मान स्वास्थ्य कर्मियों के लिये उत्साहवर्द्धक
राज्यस्तर पर पहली बार आयोजित कार्यक्रम में एएनएम नीलम कुमारी फ्लोरेंस नाइटेंगिल अवार्ड 2023 से सम्मानित होने पर सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने उन्हें बधाई व शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े तमाम कर्मियों के लिये ये बेहद उत्साहवर्द्धक है। इससे दूसरे कर्मियों को भी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों के निवर्हन की प्रेरणा मिलेगी। डीपीएम स्वास्थ्य संतोष कुमार ने बताया कि एएनएम नीलम अपनी इस उत्कृष्ट सफलता के लिये बधाई की पात्र हैं। उनके सेवा व समर्पण भाव की जितनी तारिफ की जाये वो कम होगा। हम सभी स्वास्थ्य कर्मी उनके हौसले व जुनून की सराहना करते हैं।

# कर्नाटक में कांग्रेस की जबरदस्त जीत पर राहुल, प्रियंका और मलिकार्जुन खड़गे को बधाई एवम कर्नाटक की जनता का बहुत आभार:इन्तेखाब आलम

नई दिल्ली।
सम्पूर्ण कर्नाटक विधानसभा चुनाव में आल इंडिया पोलिंग बूथ कांग्रेस के साथियों की भूमिका बहुत ही सराहनीय : राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं आल इंडिया पोलिंग बूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्तेखाब आलम ने कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस की जबरदस्त जीत पर खुशी जाहिर की है और कर्नाटक विधानसभा में तमाम मतदाताओं को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में श्री राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी ने जबरदस्त मेहनत की है और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मलिकार्जुन खरगे जी को बधाई देते हुए कहा कि मूल रूप से धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने पूरी टीम को जिस मुस्तैदी से लगाया था वह काबिले जिक्र है हम समझते हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनकी पहली जीत के लिए सबसे ज्यादा मुबारकबाद का हकदार हैं।
दोनों भाई बहन कांग्रेस के जांबाज साथी के वजह से आज पूरे देश में कांग्रेस के दामन को कांग्रेसी मजबूती



से पकड़ा और कहीं जाने कि नहीं सोचता यह परिवार गांधी नेहरू का घराना है जो कांग्रेस पुनः वापसी में माहिर है।
श्री आलम ने सम्पूर्ण कर्नाटक में आल इंडिया पोलिंग बूथ कांग्रेस के साथियों की भूमिका पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें भी बधाई एवं धन्यवाद दिया है।
श्री आलम ने कहा कि कांग्रेस अपने आप में एक संस्था के रूप में है एक तहजीब के रूप में है जो आपस में एक दूसरे को मिलाकर रखता है इसलिए कांग्रेस पार्टी वापस हुई है कर्नाटक राज्य में। आलम ने कहा कि 24 का चुनाव का यह सेमीफाइनल है इस चुनाव में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने अपना परचम को लहराया है समय रहते अगर कांग्रेस पार्टी इसी तरह से अपने साथियों की टीम लेकर राज्यों में अभी से ही लगातार अपने कामों को और जनता के बीच में रहने की योजना बना रखी तो वह दिन दूर नहीं कि 2024 में हम भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल कर देंगे।इन्होंने कहा कि कांग्रेस के हर स्तर साथी निश्चित तौर से बधाई के पात्र है।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव में संप्रदायिक शक्तियों की हार हुई है एवं धर्मनिरपेक्षता की हुई जीतः डा. आलोक

पूर्णियां।
कर्नाटक विधानसभा चुनाव नतीजा पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद के जिला



प्रवक्ता डॉक्टर आलोक राज ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम यह साफ कर दिया कि भारतीय जनता पार्टी की अंत की शुरूआत हो चुकी है नफरत की राजनीति करने वाली को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत दिनों तक जगह नहीं मिल सकती यह चुनाव इसी बात को सिद्ध करती है भारतीय जनता पार्टी जो नफरत की राजनीति करती है आज नफरत की राजनीति करने वाले की हार हुई है ।सांप्रदायिक शक्तियों की हार हुई है एवं धर्मनिरपेक्षता की जीत हुई है 2024 लोकसभा चुनाव का यह चुनाव परिणाम आगाज थी यह साबित हो गया कि देश से भारतीय जनता पार्टी का सफाया होना तय है आम आवाम इस भारतीय जनता पार्टी की महंगाई वाली सरकार से त्राहिमाम हो चुकी है और भारत की जनता ने यह ठान लिया है कि भारत को बीजेपी से मुक्त कराना है इसी की शुरूआत बिहार से हुई थी और कर्नाटका में भी उन्हें मुंह की खानी पड़ी है कर्नाटक की जनता को इस बात के लिए बधाई देते हैं कि इन्होंने सांप्रदायिक शक्तियों को सबक सिखाने का काम किया है ।कर्नाटक चुनाव का परिणाम पूरे भारतवर्ष को प्रभावित करेगी और भारतीय जनता पार्टी का सफाया हिंदुस्तान से होगा कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के सरकार बनने पर डॉक्टर आलोक जरा ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आदरणीय सोनिया गांधी राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी तथा कांग्रेस पार्टी के कर्नाटका के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार को बधाई दी ।

# अपराध की योजना बना रहें 7 अपराधियों को अवैध हथियार व कारतूस के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

सहरसा।
सदर थाना क्षेत्र के फकीर टोला में टोला में अपराध की योजना बना रहे 7 अपराधियों को अवैध हथियार, कारतूस एवं मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इनमें से एक अपराधी का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। जिला मुख्यालय डीएसपी एजाज हाफिज मानी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सहरसा जिला अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र के शुक्रवार की सायं में गुप्त सूचना के आधार पर फकीर टोला वार्ड नंबर 19 में एक अर्ध निर्मित घर के पास डकैती की योजना बना रहे सात संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अपना अपना नाम बताया। जिसमें मोहम्मद हैदर अली पिता मोहम्मद सलमान, मोहम्मद गुलजार पिता मोहम्मद तीनकौरी, मोहम्मद जाकिर पिता मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद दिलजार पिता मोहम्मद करीम ,मोहम्मद आकिब आलम पिता मोहम्मद मंजूर आलम, प्रोफेसर कॉलोनी निवासी राघव झा के पुत्र नीतीश कुमार,डी बी रोड निवासी गुड्डू मुखिया के पुत्र विशाल कुमार की गिरफ्तारी की गई। जिनके पास



तलाशी के क्रम में दो देसी कट्टा तीन जिंदा कारतूस 5 मोबाइल तथा एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि छापामारी दल में सदर थाना के विक्की रविदास, कुलवंत कुमार, अंबिका शर्मा तथा जिला सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। उन्होंने बताया कि मोहम्मद हैदर अली का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है जिसके विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 416/ 15 में कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। उन्होंने बताया गया कि पकड़े गए अपराधियों को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

# जनसँख्या समाधान फाउंडेशन उत्तर बिहार प्रदेश के प्रदेश महामंत्री बने राजीव झा उर्फ पप्पू झा

अररिया।
जनसँख्या समाधान फाउंडेशन उत्तर बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने अररिया वार्ड 9 के निवासी कट्टर भाजपाई राजीव झा उर्फ पप्पू झा को जनसँख्या समाधान फाउंडेशन उत्तर बिहार प्रदेश के प्रदेश
महामंत्री नियुक्त किया है। उक्त बातों की जानकारी फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने जारी प्रेस बयान में बताया कि जेएसएफ की राष्ट्रीय नेतृत्व व
दायित्व निर्धारण समिति के सहमति के उपरांत यह मनोनयन किया गया है जारी बयान उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि नवमनोनित प्रदेशमहामंत्री श्री झा अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने एवं राष्ट्र हित मे फाउंडेशन के कार्य को जन जन पहुँचाने के साथ देश हित मे जनसँख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग सहित विभिन्न राष्ट्रीय समस्याओं के निवारण हेतु चलाये जा रहे आंदोलन में सक्रिय योगदान देंगे वही दूसरी और राजीव झा उर्फ पप्पू झा के फाउंडेशन के प्रदेशमहामंत्री के रूप में मनोनीत होने पर प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित यादव,प्रदेश सचिव सुबोध मोहन ठाकुर,मार्ग




जनसंख्या समाधान फाउंडेशन
Date: 14-05-2023
उत्तर बिहार प्रदेश महामंत्री

दर्शक, सुनील मिश्रा, ,प्रदेश कोषाध्यक्ष मृणाल शेखर,राकेश चौबे,प्रदेश मीडिया प्रमुख सुकान्त आदर्श,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बुल बुल यादव, उमेश राणा,कुणाल प्रियदर्शी, जिला अध्यक्ष अविनाश झा, जिला संयोजक योगेश मंडल,जिला महामंत्री सत्यवान मालाकार के आलावे अनेकों जेएसएफ कार्यकताओं सहित विभिन्न सामाजिक राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिकों ने बधाई दिया है। इस मौके पर जे एस एफ के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख सुकांत आदर्श भी मौजूद थे।

# कर्नाटक मे कांग्रेस की सरकार नफरत पर मोहब्बत की जीतः मासूम रेजा

अररिया।
कर्नाटक विधानसभा मे कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत से कांग्रेसी कार्यकताओं



और नेताओं में हर्ष का माहोल है ।अररिया जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश प्रतिनिधि बिहार कांग्रेस कमिटी सह जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग मासूम रेजा ने बयान जारी करते हुए इसे ध्रुवीकरण की राजनीति को करारा जवाब करार दिया। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व ,भारत जोड़ो यात्रा मे राहुल गांधी की मेहनत ,प्रियंका गांधी के शानदार प्रचार अभियान ने राज्य कांग्रेस के सभी नेताओ को मजबूती देने का काम किया ।इसी संयमित और शालीन चुनाव प्रचार अभियान पर जनता ने भरोसा जताया है ।इस जीत से निश्चित ही आगामी आम चुनाव 2024 की निर्णायक लड़ाई मे कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी।
साथ ही कांग्रेस मुक्त का सपने देखने वाली भाजपा इस परिणाम के साथ दक्षिण से मुक्त हो चुकी है ।श्री मासूम रेजा के नेतृत्व मे दर्जनों समर्थको और कांग्रेसी कार्यकताओं ने अररिया मे इस सीधी भिडंत की जीत की खुशी मे एक दूसरे को मिठाई खिला कर कर्नाटक वासियों का आभार व्यक्त किया।

# फिरौती के लिये हुआ था युवक का अपहरण

## 12 घंटे में पुलिस ने किया मामले का उद्भेदन, जादूगोड़ा और मुसाबनी के हैं दोनों आरोपी

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन, प्रखंड संवाददाता , मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),13मई 2023:- राज भगत की बजाये दोस्त का कर लिया अपहरण, पोटका थाना क्षेत्र के पिछली गांव में फायरिंग कर युवक और कार का अपहरण करने के मामले में पुलिस को मात्र 12 घंटे में ही सफलता हाथ लग गयी है. इस मामले में पुलिस ने युवक और कार दोनों को बरामद कर लिया है. साथ ही दो बदमाशों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा है. मामले में कुछ और लोग भी शामिल थे, जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम छापेमारी कर रही है.

जादूगोड़ा और मुसाबनी के हैं दोनों आरोपी

उलीडीह थाना प्रभारी विनोद टुडू के अनुसार मुसाबनी के लाटिया गांव का शंकर सेन माहली और जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के गोपालपुर लिपिघुट्ठू गांव का राहुल कुमार उर्फ महली को गिरफ्तार किया गया है. दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने अपहृत कार, दो बाइक और दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है.



राज भगत की बजाये दोस्त का कर लिया अपहरण

अपहरणकर्ताओं ने राज भगत के अपहरण की योजना बनायी थी, लेकिन उसका दोस्त राहुल कर्मकार पकड़ा गया था. राहुल से भी बदमाशों ने फिरौती की मांग की थी, लेकिन वह रकम नहीं दे सका. अंततः पुलिस जांच में ही आरोपियों तक पहुंच गयी और दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया.

इनकी बनी थी टीम

आरोपियों की गिरफ्तार के लिये मुसाबनी के ड-ीएसपी चंद्रशेखर आजाद, पोटका थाना प्रभारी विनोद टुडू, जादूगोड़ा थाना प्रभारी संजीव कुमार झा, गोविंदपुर थाना प्रभारी अमित कुमार, पोटका थाना के एसआइ जुगेश कुमार, जादूगोड़ा थाना के एसआइ मनोज कुमार, सकलदेव महतो, डुमरिया के एस-ाआइ नवीन कुमार के अलावा पोटका, जादूगोड़ा और गोविंदपुर थाना के रिजर्व गार्ड और सशस्त्र बल की टीम बनी थी.

# रात के अंधेरे में पुलिस करा रही जमीन कब्जा

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, समाज जागरण दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा - पुलिस वालों को भी ईडी चिन्हित कर मनी लॉड्रिंग के तहत करे कार्रवाई

राँची (झारखंड ) 13मई 2023:- राज्य में जमीन के फजीर्वाड़े और निरंतर बढ़ रहे अपराध पर भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने साफ तौर पर कहा है कि जमीन घोटाले के गोरखधंधे में पुलिस के कुछ लोग भी शामिल हैं। उन्होंनें पुलिस वालों को बराबर का हिस्सेदार और गुनहगार बताया है। उन्होंने ईडी से आग्रह किया है कि वे जमीन की जालसाजी और कब्जा दिलाने के मामलों की शिकायत पर और गहराई से छानबीन करें। लाभ लेकर सहयोग देने वाले पुलिस वालों को भी चिन्हित करें। उन पर भी मनी लॉड्रिंग की समान रूप से कारवाई करें।शुरू से उठा रहा हूं इस मुद्दे को बाबूलाल मरांडी ने अपने कहा है कि मैं शुरू से कह रहा हूं कि जमीन घोटाले में जालसाजी कर नाजायज कब्जा कराने,



गरीब आदिवासियों की जमीन भू माफयाओं के हवाले कराने का खेल सिर्फ दलालों, जालसाजों, सत्ताधारियों, लुटेरों के बस की बात नहीं है। इस गोरखधंधे में कुछ पुलिस के लोग भी बराबर का हिस्सेदार और गुनहगार हैं।रात के अंधेरे में पुलिस करा रही कब्जा उन्होंने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि एक तरफ गरीब-आदिवासी भू माफियाओं से अपनी जमीन छुड़ाने के लिये न्यायालय का आदेश लेकर पुलिस की मदद के लिये दर-दर भटकते रहे हैं। दूसरी तरफ यही पुलिस माफियाओं से लाभ लेकर रात के अंधेरे में भी जमीन कब्जा करवाती रही है। बजरा, सेना और मेडिका के बगल की जमीन तो नमूना मात्र है। ऐसे सैंकड़ों जमीन पर सत्ता के सहयोग से प्रशासन और पुलिस ने माफियाओं का कब्जा करवाया है। इस वजह से गरीब-आदिवासियों को शासन से भरोसा उठ गया है और इन लोगों में भारी आक्रोश है। लोग कानून हाथ में लेकर खुद से माफियों के कब्जे से जमीन छुड़ाने के लिये बाउंड्री तोड़ दे रहे हैं और पुलिस को माफियाओं का लठैत मान खदेड़ कर भगाने लगे हैं।

# दुमदुमी गांव में सीएसआर मद से लगे जलटंकी पर ग्रामीणों को एक बूंद भी पानी तक नसीब नही

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर,जामताड़ा, (झारखण्ड )- फतेहपुर प्रखंड के सिमलडुबी पंचायत अंतर्गत दुमदुमी गांव में जलटंकी से एक बूंद भी पानी अभी तक ग्रामीणों को नसीब नही हो पाया है। वर्ष 2017-18 में जिला प्रशासन के द्वारा सीएसआर मद से लाखों की लागत से दुमदुमी गांव में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सौजन्य से सोलर जलटँकी का निर्माण कराया गया था।लेकिन अधिकारियों की लापरवाही की वजह से यह योजना उद्देश्य विहीन साबित हो गई और केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। गांव में लगे दोनों चापाकल भी खराब हो चुके हैं।नतीजन भीषण गर्मी मे भी ग्रामीण को पानी के लिए भटकना पर रहा है।सबसे बड़ी बात यह भी है कि इंडियन आयल द्वारा निर्मित इसी जल टंकी के पास प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र दुमदुमी भी है। जहां उप केंद्र का भी चापाकल खराब पड़ा हुआ है ।जिस वजह स्वास्थ्य कर्मियों को भी काफी



दूर जाकर चापाकल से पानी लाना पड़ रहा है ।यदि आज यह जलटंकी चालू हो जाती तो स्वास्थ्य कर्मियों सहित ग्रामीणों को पेयजल के लिए तरसना नहीं पड़ता ।इस संबंध में ग्रामीण बासुदेव राय ने बताया कि इसी रूट पर इंडियन आयल का पाइप लाइन गुजरा है ।जिस वजह से इंडिया ऑयल द्वारा यहां ग्रामीणों की सुविधा के लिए जल टंकी का निर्माण किया गया ।लेकिन जल टंकी से आज तक एक बूंद भी पानी हम लोगों को नहीं मिल पाया। इस ओर जिला प्रशासन को ध्यान देकर जलटंकी चालू करवाने की पहल करनी चाहिए। इधर ग्रामीण आनंद राय ने भी कहा कि गांव में 2 चापाकल है दोनों खराब है। स्वास्थ्य उप केंद्र का भी चापाकल खराब पड़ा है। हम लोग एक अन्य चापाकल अथवा कुएं का पानी का उपयोग करने को विवश है। आनंद राय ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन जलटंकी को चालू करवाने की दिशा में पहल करें तो हम लोगों को पेयजल संकट से मुक्ति मिल पाएगी।

# जमशेदपुर के कई स्कूलों में विशेष योग शिविर लगाकर स्कूली छात्रों को योग अभ्यास करवाया जा रहा

**नागेंद्र कुमार, ब्यूरो चीफ ,दैनिक सामाज जागरण पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । विश्व योग दिवस के पूर्व जमशेदपुर के कई स्कूलों मे विशेष योग शिविर लगाकर स्कूली छात्रों को योग अभ्यास करवाया जा रहा है. इसी कड़ी मे मानगो स्थित जे.पी स्कूल प्रांगण में भी छात्रों को योग अभ्यास करवाया गया. देश भर में पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान, आर्ट ऑफ लिविंग समेत तमाम योग संस्थाओं के द्वारा योग की रूचि को छोटे बच्चों के भीतर जागृत करने के उद्देश्य से योग अभ्यास करवाया जा रहा है. विगत दिनों शहर के डिमना लेक परिसर में विशाल शिविर का आयोजन किया गया था



और अब स्कूल स्तर पर इसका आयोजन हो रहा है. शनिवार को जे.पी स्कूल में तमाम छात्रों को योग अभ्यास करवाया गया. स्कूल प्रबंधन के सचिव अर्जुन शर्मा ने कहा की योग से शरीर निरोग रहता है और आगामी 21 जून विश्व योग दिवस भी है. इस उपलक्ष्य में ज्यादा से ज्यादा छोटे बच्चे योग से जुड़े और इसका निरंतर अभ्यास करें ताकि उनका शरीर निरोग रहे और उनका शारीरिक और मानसिक विकास भी तेजी से हो सके.

# सिनेतारिका माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर पप्पू सरदार 14 मई को भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित करेगा

**नागेंद्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक सामाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का 56 वां जन्मदिन अनोखे अंदाज में भक्तिमय माहौल में मनाया जायेगा. साकची स्थित मनोहर चाट दुकान में 14 मई रविवार की रात और 15 मई को दिन भर जन्मदिन का कार्यक्रम होगा. इस संबंध में शुक्रवार को माधुरी दीक्षित के प्रशंसक पप्पू सरदार ने बताया कि उनकी बड़ी बहन माधुरी दीक्षित की माता स्नेहलत्ता का निधन 12 मार्च को हो गया था. जिस कारण इस साल जन्मदिन का केक नहीं काटा जायेगा. रविवार की रात माधुरी की लंबी उम्र के लिए हवन के साथ पूजा की गयी. भक्तिमय राघे-राधे कार्यक्रम के लिए वृन्दावन और पश्चिम बंगाल के मायापुर से कलाकारों की टीम आ रही हैं. रविवार की रात 10.30 बजे




से भक्तिमय राघे-राधे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा.

चाट की जगह पुड़ी सब्जी का होगा वितरण

पप्पू सरदार ने बताया कि 15 मई की शाम को आम लोगों के बीच निःशुल्क चाट की जगह प्रसाद स्वरूप पुड़ी सब्जी का वितरण होगा. उन्होंने शहरवासियों से दोनों दिन कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया. उन्होंने बताया कि सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में भी केक नहीं काटा जायेगा. वहां रह रहे विशेष बच्चों के बीच फल ओर भोजन का वितरण होगा. मालूम हो कि पिछले 27 सालों से हर वर्ष माधुरी का जन्मदिन मनाते आ रहे हैं .

# सराइकेला जिला पुलिस को खुली चुनौती अपराधियों का

दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ

सराइकेला (झारखंड )13 मई 2023- कन्दरा;कपड़ा दुकान में घुसकर अपराधियों ने की फायरिंग, एक ग्राहक घायल, पुलिस जुटी अपराधियों की तलाश में, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना, कांड्रा थाना अंतर्गत मुख्य सड़क स्थित श्वेता क्लॉथ स्टोर में शुक्रवार रात करीब 8:20 रात्री बजे दो नकाबपोश अपराधियों ने फायरिंग कर दी. दो की संख्या में आए अपराधियों ने गोली चालन की घटना को अंजाम दिया. इस घटना में दुकान में खरीदारी करने पहुंचे ग्राहक निमाई मंडल को पैर में गोली लग गई, जिन्हें फौरन इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जाता है कि दुकान के मालिक प्रवीण अग्रवाल ग्राहक के लिए कपड़ा लाने भीतर की तरफ गए थे. तभी नकाबपोश अपराधियों ने गोली चला दी. फायरिंग के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई. दोनों अपराधी




घटना को अंजाम देने के बाद पैदल ही वहां से फरार हो गए. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंचे कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो ने जांच पड़ताल की.

दो महीने पहले 20 लाख की मांगी थी रंगदारी

मिली जानकारी के अनुसार तकरीबन दो महीने पहले श्वेता स्टोर दुकान के मालिक दुर्गा अग्रवाल के फोन पर 20 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की गई थी. मामले को देखते हुए उन्होंने कांड्रा थाना मे केस भी दर्ज कराया था. उस वक्त श्रवण महतो नामक व्यक्ति द्वारा फोन कर रंगदारी की डिमांड की गई थी. जिसके विरुद्ध पुलिस ने कांड भी दर्ज किया था. इधर, नकाबपोश अपराधियों के दुकान में प्रवेश करने और फायरिंग की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. इसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है.

# पलामू में दोबारा विदेशी जैसा छात्र नेता होना नामुमकिन :- रुचिर तिवारी

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर पलामू (झारखंड) 13 मई 2023:- एआईएफएफ पलामू जिला सह भाकपा जिला कमेटी सदस्य अध्यक्ष सुजीत पांडेय उर्फ विदेशी पांडेय की अंतिम संस्कार बारह मई को पिता के आने के बाद रात्री में किया गया।सर्वप्रथम ठाकुरबाड़ी स्थित परशुराम सेना युवा वाहिनी कार्यालय से शव यात्रा भाकपा जिला कार्यालय ले जाया गया। जहां उन्हें भाकपा और एआईएफएफ का झंडा और पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम सलामी दी गई। उसके पश्चात पांकी रोड होते हुए गगनभेदी नारे के साथ "वीर विदेशी को लाल सलाम","विदेशी पांडेय अमर रहे", विदेशी तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंच जाएंगे" शव को बारालोटा स्थित उनके आवास लाया गया। रात करीब 10:00 बजे उनके पिता राम पुकार पांडेय जो सेना में गुजरात में पदस्थापित थे,वो बारालोटा स्थित आवास पहुंचे और अपने इकलौते पुत्र का पार्थिव शरीर देख बेसुध हो गए। रात्रि 11:00 बजे टेढ़वा स्थित घाट पर अंतिम संस्कार किया गया जहां उनके पिता ने मुखाग्नि दी। बताते चलें कि सुजीत उर्फ विदेशी अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे जिसके चले जाने के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। वहीं माता पिता, पूरे परिवार,भाकपा जिला सचिव सहित एआईएफएफ



कार्यकताओं का रो-रो कर बुरा हाल है और सभी के मन मे एक ही ख्याल है,"विदेशी तुम लौट आओ"। शवयात्रा में सैकड़ों लोग शामिल थे। जिसमें भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी,परशुराम सेना युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,पिंकू तिवारी,नवीन तिवारी,पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी,पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज सिंह, इंडियन रोटी बैंक के कोऑर्डिनेटर दीपक तिवारी,वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह,केडी सिंह,जिला परिषद संग्राम सिंह,भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय,माटीकला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव,मृत्युंजय शर्मा,उपेंद्र मिश्रा,चंद्रशेखर तिवारी,अनुज तिवारी प्रेम प्रकाश,रविशंकर, प्रेमशंकर, भोला सुरेश सिंह,सशील कुमार, सुरेश ठाकुर, जितेंद्र सिंह, नसीम राइन,सोनू अहमद आलोक तिवारी, अशोक तिवारी, श्रधानंद तिवारी,जफर पठान, कौशल किशोर, रिंकू कुमार, राजू सिंह, राजू रंजन, संजीव कुमार संजू, दिव्या भगत,उमेश सिंह चेरो, रंजीत सिंह चेरो, गौतम दांगी ,त्रिलोकीनाथ , इंटक के जिलाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, प्रेस से अभिषेक पांडेय ,अश्विनी कुमार घई, रवि,भोला,बिनोद सिंह, संजय सिंह उमेश, नीलकमल शुक्ला, बंटी पांडेय आदि सहित सैकड़ों लोग सामिल थे।

# कांड्रा में कपड़ा दुकान पर फायरिंग मामले की जांच करने पहुंचे एसपी

**दैनिक समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ**

सराइकेला (झारखण्ड) 13मई 2023- कांड्रा के श्वेता स्टोर में बीती रात हुई फायरिंग मामले की एसपी आनंद प्रकाश ने शनिवार को जांच की. एसपी ने श्वेता स्टोर के मालिक दुर्गा अग्रवाल से अपराधी श्रवण महतो के नाम से मांगी गई रंगदारी के हर पहलू की जांच करने का आदेश कांड्रा पुलिस को दिया है. बता दें कि घटना के बाद नकाबपोश अपराधियों ने दुकान में पर्चा फेंका था. जिसमें रंगदारी न देने पर अंजाम भुगतने की धमकी लिखी गई थी. इस बात का खुलासा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से हुआ है. फेंके गए पर्चे में कांड्रा बानाडूंगरी निवासी श्रवण महतो और राहुल सिंह नामक व्यक्ति का जिक्र है. पर्चा में लिखा गया था कि रंगदारी न देने पर अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें

पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी



एसपी ने बताया कि दुकान मालिक से पूर्व में भी श्रवण महतो के नाम से फोन पर रंगदारी मांगी गई थी. पुलिस द्वारा लगातार उस नंबर को ट्रेस किया जा रहा है जिससे रंगदारी मांगी गई थी. पुलिस अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही है. एसपी ने बताया कि अपराधी श्रवण महतो हाल ही में चाईबासा रिमांड होम से छूटा है. अब फिर से उसकी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता सामने आ रही है. एसपी ने बताया कि श्रवण महतो और राहुल सिंह के संबंध में पुलिस जानकारियां जुटा रही है. उन्होंने बताया कि पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि इन दोनों अपराधियों द्वारा ही प्लानिंग के तहत फायरिंग की गई है या इनके नाम पर किसी अन्य गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है.

# मानगो पुलिस गौड़ बस्ती मे छापामारी कर पिस्टल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया

**नागेंद्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक सामाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । मानगो थाना अंतर्गत गौड़ बस्ती में पुलिस ने छापेमारी कर पिस्टल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में चटाई कॉलोनी निवासी सूरज भूमिज और उसका साथी रविन्द्र शर्मा शामिल हैं. थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी गौड़ बस्ती में हथियार लेकर घूम रहे हैं. सूचना पर पुलिस ने गौड़ बस्ती में छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान एक युवक को संदिग्ध अवस्था में



पकड़ा गया. जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कमर से एक पिस्टल बरामद किया गया. पूछताछ में उसने अपना नाम सूरज भूमिज बताया. उसने बताया कि उसे उसके साथी रविन्द्र ने हथियार दिया था. सूचना पर पुलिस ने रविन्द्र को भी गिरफ्तार किया. रविन्द्र हाल ही में एनडीपीएस एक्ट में जेल से बाहर आया था. फिलहाल उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है.

# अवैध खनन के खिलाफ डीसी ने दिया विशेष निगरानी बढ़ाने का निर्देश , अंचलाधिकारियों से सभी तरह की लीज का इंस्पेक्शन रिपोर्ट जमा करने को कहा

**नागेंद्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक सामाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर। खनन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक डीसी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जा रही कार्रवाई को नाकाफी बताया. साथ ही अभियान तेज करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन और अवैध परिवहन पर गंभीरता से समीक्षा कर रही है. इसलिए जरूरी है कि खनन टास्क फोर्स जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाये तथा पुलिस और सामान्य प्रशासन के संबंधित विभाग (खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना इत्यादि) संबंधित एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करें. उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कारवाई से अवैध खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाना संभव नहीं है. ऐसे में जरूरी है कि अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफिया पर सभी सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें.



मॉडस ऑपरेंडी समझे, मॉनिटरिंग मैकेनिज्म दुरुस्त करें

उपायुक्त ने अप्रैल माह से 12 मई तक अंचल व थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अवैध बालू और अन्य लघु खनिज पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोकथाम को लेकर किए गए प्रयासों को नकाफी बताते हुए अंचल अधिकारी और थाना प्रभारियों को सघनता बढ़ाने के निर्देश दिये. उपायुक्त ने सभी से कहा कि अपनी मॉनिटरिंग मैकेनिज्म को दुरुस्त करें और अवैध कारोबारियों के मॉडस ऑपरेंडी को समझें. उन्होंने सभी सीओ को जिले में खनिज से संबंधित सभी तरह के लीज का इंस्पेक्शन रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया. बैठक में ग्रामीण एसपी मुकेश लुणायत, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, एसडीओ घाटशिला सत्यवीर रजक, डीएमओ संजय शर्मा, सभी अंचलाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी और अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे.

# आधा अधूरा ही रह गया शमशान भूमि मे बना सेड : आखिर कहा गये पैस

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी प्रखंड संवाददाता हंटरगंज**

चतरा (झारखंड) 02 मई 2023 हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा शमशान भूमि पर बने सेड का कार्य अभी भी अधूरा है जिसकी गहन जाँच करने की आवश्यकता है। आस पास के ग्रामीणों से बात करने पर पता चला की शमशान भूमि पर बना शेड सालो से ऐसे ही है आखिर किस बिनाह पर ऐसे आधे अधूरे कार्यो के फंड की निकासी हो जाती है और कोई पूछने वाला भी नही होता। ग्रामीणों ने दबी जबान मे ये भी कहा की निचे से ऊपर तक सब एक दूसरे से मिले हुए है





और सब मिल कर खाते है तब ही किसी भी योजना मे लगातार अनियमितता बरते जाने पर भी कभी ऐसी योजनाओं की जाँच नही की जाती है जिससे कभी ऐसी नौबत ही ना आये। शमशान भूमि पर बने शेड मे ना प्लास्टर है ना ही फर्श बना है खंडहर की तरह दिखता है शेड। सम्बन्धित विभाग को ऐसी अनियमितता की गहन जाँच करनी चाहिए साथ मे किसी भी आधे अधूरे हुए कार्यो का बिना जाँच के उनकी फंड की निकासी पर रोक लगा देनी चाहिए। आखिर कब तक ऐसा चलेगा जनता को मिलने वाली सुविधाओं को बिचौलियों द्वारा निगलने का काम होगा। ग्रामीणों का ये भी कहना है की सरकारी कार्यो मे अनियमितता बरतने वाले दोषी पे कानूनी कारवाई करने की जरूरत है ताकि भविष्य मे ऐसी शर्मनाक नौबत ना आये ।

# 24 मई को झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी शामिल

**संजय सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी समाज जागरण**

दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल राँची (झारखंड ) 13मई 2023:-धुर्वा के तिरिल मौजा में 72 एकड़ में बने हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन 24 मई को होना है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस नए हाई कोर्ट भवन का उद्घाटन



कर सकती हैं, इसके अलावा भारत सरकार के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ एवं केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू के भी आने की संभावना है. सूत्रों के अनुसार इन्हें आमंत्रित किया गया है. हाईकोर्ट के नए भवन के उद्घाटन समारोह की तैयारी को लेकर सीएम हेमंत सोरेन और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र के बीच वर्चुअल बैठक भी हो चुकी है, जिसमे तैयारियों पर चर्चा हुई है. हाईकोर्ट का नया भवन में 25 वातानुकूलित कोर्ट रूम, एडवोकेट ब्लॉक, एजी ब्लॉक, टाइपिस्ट ब्लॉक, रजिस्ट्री शाखा, अस्पताल, कैंटीन आदि से सुसज्जित है. इसमें करीब 2000 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है. राज्य सरकार ने वर्ष 2012 में धुर्वा के तिरिल मौजा में हाईकोर्ट के नए भवन के लिए 165 एकड़ जमीन हस्तांतरित की थी. यह देश का सबसे बड़ा हाईकोर्ट भवन है।

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत बीजेपी के तोड़फोड़ कर सरकार बनाने का नतीजा हैं-के एन त्रिपाठी

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड)13 मई 2023 :-कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के प्रचंड जीत पे झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन ने कहा कि जिस तरह से भाजपा के सीट से दुगने के अंतर से भी ज्यादा बहुमत से कांग्रेस विजयी हुई हैं ये जनता जनार्दन का कांग्रेस के प्रति विश्वास की झलक हैं।



श्री त्रिपाठी ने कहा कि बीजेपी के किसी भी कीमत पर तोड़करके सरकार बनाने से जनता ऊब गयी हैं, अगला चुनाव मध्यप्रदेश में भी कर्नाटक की तरह पार्टी तोड़कर सरकार बनाने का जवाब मध्यप्रदेश की जनता देगी। कर्नाटक के लोगों भाजपा की बात माना और जय बजरंग बली बोलकरके विकाश करने वाली पार्टी को वोट दिया।

कर्नाटक की जनता बजरंगबली व बजरंग दल का अंतर बीजेपी को बताया हैं ।

# घर से चोरी हुआ समान के साथ गिरफ्तार हुआ चोर चोरी हुई समान वापस पाकर खिल उठे चेहरे

**अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 13 मई 2023:झ सरायकेला जिला के आदित्यपुर पुलिस ने शनिवार को एक चोर को चोरी के हजारों रुपये व आभूषम सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी चोर से जेवेलरी, घड़ी, आभूषण सहीत कई सामान बरामद किए.






आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि कल्पनापूरी निवासी गोविंद दर्जी ने चोरी की घटना का मामला पूर्व में दर्ज करवाया था. इसके बाद थाना प्रभारी राजन कुमार की अध्यक्षता में एक टीम का गठन किया गया.

पुलिस ने शक के आधार पर आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती निवाशी शेख रहमत अली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने चोरी की बात कबूल ली. सारा रुपये का चोरी किया गया सामान बरामद किया गया. वही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है

# जनता की तैयारियों पे पानी फिरा : नही आये मंत्री महोदय

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी प्रखंड संवाददाता हंटरगंज**

चतरा (झारखंड) 13 मई 2023 हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के इंद्राही गांव मे डीएमएफटी के द्वारा पी सी सी पथ का निर्माण कराया गया था जिसका उदघाटन माननीय श्रम नियोजन मंत्री श्री सत्यानंद भोकता जी के द्वारा शनिवार को सुनिश्चित हुआ था। और ग्रामीण जनता मे काफी खुशी देखी जा रही थी और जनता द्वारा उनके स्वागत की भारी तैयारिया की गयी थी जैसे ही मंत्री महोदय की तरफ से खबर आयी की वे पास के प्रखंड मे है तो ग्रामीण जनता द्वारा उनके स्वागत की बची हुई तैयारी मे लग गये पर मंत्री महोदय द्वारा ग्रामीणों की भावना को ठेस पहुंचाते हुए उनका काफिला अपने गणतव्य की ओर निकल गया। उनके ना आने से जनता के बीच नाराजगी का माहौल था।